Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/
Established 1865
# पायनियर
रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
www.dailypioneer.com
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-111
रायपुर, बुधवार 10 दिसम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### कस्टम मिलिंग स्कैमः दीपेन चावड़ा के खिलाफ न्यायालय में 2000 करोड़ का चालान पेश

**रायपुर।** राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में दर्ज अपराध क्रमांक 01/24 कस्टम मिलिंग स्कैम में दीपेन चावड़ा के खिलाफ पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से न्यायालय भ्र.नि.अधि. रायपुर के समक्ष चालान पेश किया गया है। दीपेन चावड़ा ई.ओ.डब्ल्यू. में दर्ज अन्य प्रकरणों में लगभग 2,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा अवैध धनराशि का प्रबंधक था। कस्टम मिलिंग स्कैम में भी दीपेन चावड़ा के द्वारा राशि लोकसेवकों की ओर से एकत्र करने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। कस्टम मिलिंग स्कैम में फरवरी, 2025 को तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी एवं रोशन चंद्राकर के विरूद्ध तथा अक्टूबर 2025 को अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा के विरूद्ध विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ) में चालान प्रस्तुत किया गया है।

### उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता पर फैसले से पूर्व सीएए आवेदकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सवाल उठाया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिये आवेदन करने वाले व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ मंगलवार को एक गैर सरकारी संगठन आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिये पात्र बताए गये बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

### अवैध खनन और परिवहन पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 5 वाहन जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग और उड़नदस्ता दल ने बम्हनीडीह, पुछेली, बिर्रा, कनस्दा, हथनेवरा और पीथमपुर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त पाँच वाहन–ग्राम पुछेली से एक ट्रैक्टर, पीथमपुर से एक हाईवा, कनस्दा से एक ट्रैक्टर तथा बम्हनीडीह क्षेत्र से दो हाईवा–जप्त किए गए। सभी वाहनों को पुलिस रक्षित केंद्रों और संबंधित थानों में सुरक्षा के लिए रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू ने जानकारी दी कि जिले में अब तक अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कुल 76 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें 66 अवैध परिवहन, 6 अवैध उत्खनन और 4 अवैध भंडारण के मामले शामिल हैं।

# व्यवस्था सुधारने के नाम पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि व्यवस्था सुधारने के नाम पर लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिये। पीएम मोदी ने संसद परिसर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संसदीय दल की बैठक में कहा कि नियम और कानून जरूरी है लेकिन व्यवस्था को सुधारने के नाम पर जनता को असुविधा देना उचित नहीं है। किसी भी हाल में लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी कानून या नियम में ऐसा प्रावधान नहीं होना चाहिए जिससे आम आदमी को परेशानी हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश अब पूरी तरह 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' के चरण में है, जहाँ सुधार तेज, स्पष्ट और नागरिक-केंद्रित हैं। उनका कहना था कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियों को दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सकें। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने तीसरी पारी में सुधारों पर जोर दिया है और अब मोदीजी की 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' चल चुकी है और से रूकने वाली नहीं है। सभी हर स्तर पर इसी दिशा में काम करेंगे। मोदी ने बैठक के बाद एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि संसद में राजग सांसदों के साथ हुई बैठक में सुशासन को मजबूत करने और विकसित भारत के लक्ष्य पर सकारात्मक चर्चा हुयी। बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य अनावश्यक पेपरवर्क और लंबे फार्म की व्यवस्था को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नागरिकों को उनके द्वार पर सेवा मिले और उन्हें बार-बार अपना अपने कागज जमा न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिकों की जिंदगी आसान बनाने के लिए तेज गति से सुधार कर रही है। बैठक में प्रधानमंत्री ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुये उन्हें बिहार जीत का शिल्पकार बताया। मोदी ने कुमार के दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने को उन्होंने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



### वंदे मातरम् पर तुष्टिकरण नहीं होता तो देश का बंटवारा नहीं होता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति के तहत वंदे मातरम् को दो हिस्सों में नहीं बांटा होता तो देश का बंटवारा भी नहीं होता। शाह ने राज्यसभा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल के मौके पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस पर शुरू से ही वंदे मातरम् का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम् के 50 साल पूरे हुए तो वंदे मातरम् को दो हिस्सों में बांटा गया। वहीं से तुष्टिकरण की शुरुआत हुई और देश का बंटवारा हुआ। उन्होंने कहा, मेरा और बहुत से लोगों का मानना है कि तुष्टिकरण नहीं होता तो देश का बंटवारा नहीं होता।

### जलवायु परिवर्तन से कृषि पर आए संकट से निपटने के उपाय कर रही है सरकार : शिवराज



केंद्र सरकार ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि को होने वाले नुकसान को लेकर सरकार जरूरी कदम उठा रही है और इसके लिए जो वैज्ञानिक उपाय हो सकते हैं उनके जरिए किसानों की मदद की जा रही है। लोकसभा में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि सरकार को नारियल किसानों की चिंता है और उन्हें हर तरह से मदद देने का काम किया जा रहा है। यदि च वात जैसे कारण से नारियल के पेड़ उखड़ते हैं तो वहां नारियल के पेड़ लगाने की व्यवस्था की जा रही है और इसमें राज्य सरकार को जो भी जरूरत होती है उसे उपलब्ध कराया जाएगा। नारियल किसानों की दिक्कत के समाधान के लिए नारियल की पौध को विकसित किया जा रही है।

### चुनाव आयोग को अपने इशारे पर चला रही है सरकार : राहुल गांधी



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर आरोप लगाया कि उसने सभी संवैधानिक संस्थानों को एक संगठन के लोगों के हवाले कर दिया है और चुनाव आयोग जैसे निष्पक्ष संस्था को अपने इशारे पर चलाकर लोकतंत्र को खत्म कर रही है। गांधी ने चुनाव सुधार पर चर्चा में अपनी बात रखते हुए कहा, जिस प्रकार एक धागों से मिलकर कपड़ा बनता है और सभी धागे एक दूसरे से मिले होते हैं उसी प्रकार हमारे राष्ट्र का भी एक तानाबाना है जो एक सौ चालीस करोड़ लोगों से मिलकर बनते हैं। एक सौ चालीस करोड़ों के मिलने से हमारा देश बनता है। अगर वोट का आस्तित्व नहीं रहेगा तब किसी का आस्तित्व नहीं रहेगा।

# हस्तशिल्प कलाएं देश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा : राष्ट्रपति मुर्मु

पायनियर संवाददाता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि हस्तशिल्प कलाएं न केवल देश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प क्षेत्र युवा उद्यमियों और डिजाइनरों को उद्यम स्थापित करने के लिए उत्कृष्ट अवसर भी प्रदान करता है। मुर्मु ने वर्ष 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कला अतीत की स्मृतियों, वर्तमान के अनुभवों और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रतिबिम्बित करती है। प्राचीन काल से ही मनुष्य चित्रकला या मूर्तिकला के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करता रहा है। कला लोगों को संस्कृति से जोड़ती है। कला लोगों को एक-दूसरे से भी जोड़ती है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारी सदियों पुरानी हस्तशिल्प परंपरा के जीवंत और संरक्षित रहने का श्रेय, पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे कारीगरों की प्रतिबद्धता को जाता है। हमारे कारीगरों ने अपनी कला और परंपरा को समय के साथ ढाला है और साथ ही मूल भावना को भी जीवित रखा है। उन्होंने अपनी प्रत्येक कलात्मक रचना में देश की मिटटी की खुशबू को संजोकर रखा है। मुर्मु ने कहा कि हस्तशिल्प न केवल सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं, बल्कि आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। यह क्षेत्र देश में 32 लाख से ज़्यादा लोगों को रोज़गार देता है। उल्लेखनीय है कि हस्तशिल्प से रोज़गार और आय प्राप्त करने वाले ज़्यादातर लोग ग्रामीण या दूरदराज के इलाकों में रहते हैं। यह क्षेत्र रोज़गार और आय का विकेंद्रीकरण करके समावेशी विकास को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सामाजिक सशक्तिकरण के लिए हस्तशिल्प को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र पारंपरिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लोगों को सहायता प्रदान करता रहा है। हस्तशिल्प न केवल कारीगरों को आजीविका का साधन प्रदान करता है, बल्कि उनकी कला उन्हें समाज में पहचान और सम्मान भी दिलाती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कार्यरत कार्यबल में 68 प्रतिशत महिलाओं की हिस्सेदारी है और इस क्षेत्र के विकास से महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा।

### राष्ट्रपति ने हीराबाई को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया



**रायपुर।** प्रख्यात शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल को धातुकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया। मुर्मु ने राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। धातु शिल्पकला को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली हीराबाई की कृतियों ने न सिर्फ प्रदेश बल्कि पूरे देश में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला का गौरव बढ़ाया है। उनकी वर्षों की साधना, मौलिकता और पारंपरिक कौशल की अनूठी अभिव्यक्ति को देखते हुए केंद्र सरकार ने इस वर्ष उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान देने का निर्णय लिया। समारोह में केंद्रीय अधिकारी, देशभर के शिल्पकार, कला विशेषज्ञ और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पुरस्कार प्राप्ति के बाद हीराबाई झरेका बघेल ने कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरागत धातुकला को समर्पित है। इस उपलब्धि से प्रदेश के कला जगत और शिल्पकार समुदाय में हर्ष की लहर है।

# इंडिगो को रूट में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश

पायनियर संवाददाता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने पिछले कुछ दिनों में बड़ी संख्या में उड़ानें रदद करने वाली विमान सेवा कंपनी इंडिगो को उसके रूट में 10 प्रतिशत की कटौती का आदेश दिया है। नागरिक उडडयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एलबर्स को तलब किया था। बैठक के बाद नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मंत्रालय की राय में इंडिगो की कुल रूटों में कटौती अनिवार्य है, ताकि एयरलाइन के परिचालन में स्थिरता आ सके और कम उड़ानें रदद हों। दस प्रतिशत की कटौती का आदेश दे दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने इंडिगो पर 9000 करोड़ जुर्माना का नोटिस भेजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में फ्लाइट रदद होने की बढ़ती घटनाओं के बीच सिविल सोसायटी ग्रुप ने इंडिगो एयरलाइंस को कानूनी नोटिस भेजा है। संगठन ने मांग की है कि कैंसिल हुई उड़ानों के यात्रियों को टिकट की कीमत के दस गुना तक मुआवजा दिया जाए। समूह ने शिकायत प्रधानमंत्री तक भेजते हुए इंडिगो पर 9000 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने की भी मांग रखी है। मंगलवार सुबह रायपुर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट को रदद कर दिया गया। इसी के साथ ही मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद से आने वाली चार उड़ानें भी रदद हुईं। वहीं फ्लाइटें बंद होने के बाद यात्रियों की भीड़ अब ट्रेन और बस अडडों पर बढ़ गई है। रायपुर एयरपोर्ट से इंडिगो की आठ उड़ानें रदद हुईं। इनमें दो मुंबई, दो हैदराबाद और बेंगलुरु, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली की एक-एक उड़ान शामिल हैं। पिछले चार दिनों में सिर्फरायपुर से 64 फ्लाइटें रदद हो चुकी हैं। वहीं पूरे देश में पांच दिनों में 3000 से अधिक उड़ानें रदद होने का रिकॉर्ड सामने आया है। यात्रियों का कहना है कि उन्हें एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रबंधन से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। रायपुर एयरपोर्ट डायरेक्टर भी जानकारी देने से बच रहे हैं। समायोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर उड़ानें रदद होना यात्रियों के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। नोटिस में कहा गया है कि यात्रियों को पहले से सूचना नहीं दी गई, कैंसिलेशन का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया जिससे हजारों लोगों को आर्थिक और मानसिक नुकसान हुआ।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य की योजनाओं की समीक्षा की गई। विकासशील ने सचिवों को निर्देशित किया कि अपने विभाग के लिए अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार करें, ताकि प्रदेश में कुशलता के साथ और तीव्र गति से काम हो सकें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता के हित में सतत् कार्य करना है। बैठक में वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल नवीन मद प्रस्तावों, योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। लक्ष्य और उपलब्धि के आधार पर विभागवार प्रस्तुति भी दी गई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के एसएनए-स्पर्श प्रणाली में ऑनबोर्डिंग व पेमेंट की अद्यतन स्थिति, प्रमुख योजनाओं की क्रियान्वयन प्रगति, नवीन मद के प्रस्तावों की स्थिति, वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति, तथा पूंजीगत व्यय की जानकारी सहित सभी प्रमुख बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही बजट प्रावधान के विरुद्ध व्यय और ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर भी विशेष चर्चा की गई। इसके अलावा मुख्य सचिव ने आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को विभागों में सही ढंग से लागू करने, ई-ऑफिस को संचालनालय के साथ-साथ जिला स्तर पर भी आगामी वर्ष में पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

### वर्ष 1856 के विकट अकाल में जब आमजन भूख से त्रस्त थे

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अमर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर किया नमन


पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा के ऐसे महान जननायक थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा, अन्याय के प्रतिरोध और वंचित वर्गों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सोनाखान के ज़मींदार परिवार में जन्म लेकर भी शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन सदैव आदिवासियों, किसानों और गरीब परिवारों के संघर्षों से जुड़ा रहा। वर्ष 1856 के विकट अकाल में जब आमजन भूख से त्रस्त थे, तब उन्होंने मानवता को सर्वोपरि रखते हुए अनाज गोदाम का अनाज गरीबों में वितरित कर त्याग, करुणा और साहस की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देशभक्ति, स्वाभिमान और एकता की लौ प्रज्वलित की। उनका संघर्ष केवल अंग्रेजी शासन के विरुद्ध नहीं था, बल्कि हर प्रकार के अन्याय, दमन और सामाजिक शोषण के खिलाफ था। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान छत्तीसगढ़ की अस्मिता, वीरता और बलिदान की गौरवशाली परंपरा का प्रेरक अध्याय है।



### मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार मात्र अधिकारों की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि यह मानवता, समानता और व्यक्ति की गरिमा के प्रति हमारी सामूहिक संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का सर्वोच्च प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार प्रदान करता है। हम सबका दायित्व है कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी निष्ठापूर्वक पालन करें।



# अवैध खनन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा : सीएम भजनलाल

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा है कि अवैध खनन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में खान एवं पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनिज संसाधनों का समुचित दोहन करते हुए समयबद्ध राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति की जाए। साथ ही प्रदेश में हो रहे अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में असीम खनिज संपदा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नए खनिज ब्लॉक्स की पहचान की जाए। साथ ही अत्याधुनिक नवाचार एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करते हुए नए खनिज ब्लॉक्स की संख्या बढ़ायी जाए। उन्होंने कहा कि खनिज संपन्न राज्यों में खान क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों एवं राजस्व वृद्धि के लिए किए जा रहे कार्यों का अध्ययन किया जाए जिससे राजस्व में वृद्धि की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध होने से यह क्षेत्र राज्य के विकास में महती भूमिका निभाता है। साथ ही यह क्षेत्र स्थानीय रोजगार एवं क्षेत्रीय विकास की भी अहम कड़ी है। हमारी सरकार प्रदेश को खनन क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में बड़ी संख्या में कुशल एवं अकुशल श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि रोजगार को बढ़ावा देते हुए प्रदेश में वैध खनन को बढ़ावा दिया जाए, अवैध खनन पर अंकुश लगे। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में नीलामी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा पुलिस, परिवहन एवं खान विभाग आपसी समन्वय कर अवैध खनन की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन निर्धारण के लिए क्षेत्र में ड्रोन सर्वे को बढ़ाया जाए। साथ ही, खनन पट्टा क्षेत्रों एवं अवैध खनन स्थलों की जियो फैन्सिग को और प्रभावी बनाया जाए। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बजरी के विकल्प के रूप में एम-सेण्ड के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए एम-सेण्ड नीति 2024 जारी की गई है। इस नीति के माध्यम से एम सैंड यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया गया है जिससे एम-सेण्ड के लिए प्रदेश में अनेक प्लांट्स संचालित हैं। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी प्लांट्स की प्रगति की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

# दिल्ली विस्फोट मामले में एनआईए ने अनंतनाग में की छापेमारी

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली विस्फोट मामले में जम्मू-कश्मीर में तीन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। एनआईए, केंद्रीय रिजर्व बल (सीआरपीएफ) और स्थानीय पुलिस के संयुक्त दल दो संदिग्धों डॉ. आदिल राथर और जसीर बिलाल वानी को अनंतनाग के एक वन क्षेत्र में लेकर गयी। यह कार्रवाई एनआईए द्वारा अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में की जा रही छापेमारी का हिस्सा है। इन दोनों संदिग्धों को दिल्ली विस्फोट मामले और 'सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल' के साथ संबंध होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल कई तथ्यों की गहन जांच की जा रही है और जानकारियां जुटाई जा रही हैं ताकि दोनों आरोपियों के बयानों की पुष्टि की जा सके। गौरतलब है कि पिछले महीने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुये विस्फोट मामले की जांच के संबंध में ये छापेमारियां की जा रही हैं। लाल किला विस्फोट मामले में एनआईए ने अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। शुरू में दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इस मामले को बाद में गृह मंत्रालय ने एनआईए को स्थानांतरित कर दिया गया था। एनआईए ने पुष्टि की है कि दिल्ली विस्फोट में डॉ. उमर नबी नामक एक आत्मघाती हमलावर द्वारा वाहन जनित तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (वीबीआईईडी) का इस्तेमाल किया गया था। वह एक हुंडई आई20 कार चला रहा था जिसे वीबीआईईडी के रूप में इस्तेमाल किया गया था, जो लाल किले के बाहर फट गई थी। इस विस्फोट में पंद्रह लोगों की मौत हो गयी थी और तीस से अधिक घायल हो गये थे। इसके अतिरिक्त दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दो प्राथमिकी दर्ज की हैं और अल फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जावेद अहमद सिद्दीकी को दो समन जारी किए हैं। दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक मामला दर्ज किया और छापेमारी करने के बाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया।

# किसान आत्मनिर्भर बनने के लिए बिना एमएसपी वाली फसलों का उत्पादन करें : नीति आयोग

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

नीति आयोग के सदस्य और कृषि अर्थशास्त्री प्रो. रमेश चंद ने किसानों को 'आत्मनिर्भर' बनने के लिए उनसे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दायरे से बाहर वाली फसलों को उपजाने का आह्वान किया है। उन्होंने आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि यह नजरिया 'आत्मनिर्भर भारत' में किसानों को 'आत्मनिर्भर' बनने के लिए जरुरी है। प्रो. चंद ने कहा, कृषि क्षेत्र के विकास में सरकार की निश्चित रूप से एक भूमिका है, लेकिन क्या किसान अपनी ओर से ऐसे कदम उठा सकते हैं जिनके लिए वे वर्तमान में सरकार पर निर्भर हैं? तभी किसान वास्तव में आत्मनिर्भर बनेंगे। बीते एक दशक में, एमएसपी वाली फसलों की वृद्धि दर 1.8 प्रतिशत रही है, जबकि जिन फसलों पर एमएसपी नहीं है उनकी वृद्धि दर लगभग चार फीसदी की रही है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में कृषि विकास औसतन 4.6 प्रतिशत रहा है, लेकिन घरेलू मांग केवल लगभग दो प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में, जो अनाज शेष बचेगा (अधिशेष उत्पादन) उसका क्या किया जाना चाहिए? नीति आयोग सदस्य ने कहा कि देश में मजबूत क्रय शक्ति वाला धनाढ्य वर्ग बढ़ रहा है, और किसान इस मांग को पूरा करने वाली फसलों की खेती करके काफी अधिक कमाई कर सकते हैं। इसके लिए वैल्यू चेन को विकसित करने की आवश्यकता होगी। इस अवसर पर ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (टीएएएस) के अध्यक्ष और आईसीएआर के पूर्व महानिदेशक आर एस परोडा ने छोटे किसानों पर केंद्रित नीतियों और शोध की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि किसानों को भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए विकल्प तलाशने होंगे। पूर्व केंद्रीय कृषि और खाद्य सचिव टी. नंदकुमार ने कहा कि कृषि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 16 प्रतिशत का योगदान करती है और लगभग 45 प्रतिशत आबादी इस पर आश्रित है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस हिस्सेदारी को जीडीपी के 12 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है, और क्या 45 प्रतिशत आबादी इस पर निर्भर रहना जारी रख सकती है?

# बालू माफिया के साथ पुलिस की संलिप्तता पर गृह विभाग करेगा कठोर कार्रवाई : विजय सिन्हा

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के उपमुख्यमंत्री तथा खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बालू माफियाओं पर नकेल कसी जाएगी और इसे संरक्षित और पोषित करने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर गृह विभाग की तरफ से कठोर कार्रवाई की जाएगी। सिन्हा ने अपने विभागीय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मलेन में पटना तथा भोजपुर में हुए बालू माफिया के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान की विस्तृत जानकारी दी। सिन्हा ने कहा कि एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से पटना के कुछ क्षेत्रों में अवैध बालू की बिक्री का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए तत्काल विभाग के स्तर पर उच्चस्तरीय बैठक की गई। उन्होंने कहा कि विभाग तथा प्रशासन (जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक) के साथ संयुक्त बैठक में मामले की छानबीन कर उन्हें त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपमुख्यमंत्री ने कहा 09 दिसंबर तड़के करीब डेढ़ बजे जिला प्रशासन और विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सघन छापेमारी की। इस क्रम में पाटलिपुत्र रेल परिसर के पास बालू मंडी बनाकर कुछ लोगों को अवैध बालू बिक्री करते हुए पाया गया। इसके बाद वहां अवैध बालू बिक्री में जुटे 28 ट्रैक्टरों को ट्रॉली सहित जब्त किया गया। जब्त सभी वाहनों के मालिकों के विरुद्ध दीघा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उन्होंने कहा कि सभी 28 जब्त ट्रैक्टर पर बिहार खनिज नियमावली- 2019 के नियम 56(1) के उल्लंघन के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमावली के नियम 56(2) में अवैध खनन परिवहन और बिक्री के लिए दंड और वसूली का प्रावधान है। इन नियमों के आधार पर जब्त किए गए ट्रैक्टर पर कुल 32 लाख रुपये का दंड लगाया गया है। सिन्हा ने कहा कि इसी तरह भोजपुर जिले के चांदी थाने में चलाए गए एक सघन छापेमारी अभियान में अवैध बालू बिक्री में संलिप्त 09 टैक्टर-ट्रॉली को सीज कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की नीति साफ है कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आरटीआई आयोग ने पीसीएस. अधिकारी के व्यवहार पर नाराज़गी व्यक्त की

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य सूचना आयोग ने राज्य के एक लोक सेवा आयोग (पीसीएस) अधिकारी के व्यवहार को लेकर नाराज़गी व्यक्त की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोग के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि राज्य सूचना आयुक्त पूजा गुप्ता की अदालत में सुनवाई के लिए लगे केस में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अमृतसर (आर.टी.ओ.) को बार-बार तलब किया गया लेकिन वह एक बार भी आयोग के सामने उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने बताया कि इस अधिकारी के खिलाफजमानती वारंट भी जारी किए गए थे, फिर भी वह आयोग के सामने पेश नहीं हुआ। प्रवक्ता ने कहा कि आयोग के आदेशों की अवहेलना करने पर आयुक्त गुप्ता ने उस तत्कालीन अधिकारी, जिसके कार्यकाल के दौरान यह आरटीआई दायर हुई थी, पर पहले लगाए गए 10,000 रुपये के जुर्माने को बढ़ाकर 25,000 रुपये करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा, वर्तमान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी खुशदिल सिंह संधू (पी.सी.एस.) द्वारा संबंधित मामले में आयोग के आदेशों का पालन न करने और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को लेकर नाराज़गी व्यक्त करते हुए तथा परिवहन विभाग के आरटीआई विंग द्वारा आदेशों के प्रति अपनाई जा रही लापरवाही पर असंतोष जताने हेतु प्रमुख सचिव, परिवहन को सूचित किया गया है।

# खेती को सब्सिडी मॉडल से हट कर बाजार मॉडल पर बढ़ना चाहिए : आईसीएआर महानिदेशक

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक एम एल जाट ने कहा कि देश की खेती को सब्सिडी-आधारित मॉडल से हटकर 'तकनीक वाली, और बाजार में उतरने के लिए तैयार वाले नजरिए' की तरफ आगे बढ़ना चाहिए। जाट ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात रखी। उन्होंने जोर दिया कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके कौशल को मजबूत करने, वेल्यू चेन सुधारने और सब्सिडी पर निर्भरता कम करने की जरुरत है। यह बदलाव एक आत्मनिर्भर भारत के मकसद को पाने में अहम है। उन्होंने कहा कि भविष्य की खेती आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर निर्भर करेगी। उन्होंने दलील देते हुए कहा कि सब्सिडी अक्सर अक्षमता को बढ़ावा देती है, इसलिए ऐसे में हमें दक्षता को पहचानने पर जोर देना होगा। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करके जैविक स्रोतों और स्वयं की बनायी खाद पर ध्यान देने को कहा। ऐसा करने से न केवल मिटटी की सेहत में इजाफा होगा बल्कि काश्तकार की लागत भी कम होगी। उन्होंने संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि किसानों को सीधे बाजारों से जोड़ना चाहिए ताकि वे बेहतर दाम हासिल कर सकें और मांग को तेजी से समझ सकें।

# दुर्घटना दावा में मिला आश्रितों को एक करोड़ 25 लाख रुपया

**पटना।** रक्षा मंत्रालय के एक कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु की क्षतिपूर्ति के रूप में पटना की एक जिला अदालत में उसके आश्रितों को एक करोड़ 25 लाख रूपयों का चेक सौंपा। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अष्टम अतुल कुमार सिंह की अदालत में दाखिल इजराय वाद में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार यादव और क्षेत्रीय प्रबंधक सरमिन अहमद की उपस्थिति में प्रबंधक अजीत प्रसाद और सहायक प्रबंधक राकेश कुमार ने मृतक के आश्रितों को न्यायालय के समक्ष एक करोड़ 25 लाख रूपये का चेक सौंपा। मामला वर्ष 2015 का था। एक सड़क दुर्घटना में रक्षा मंत्रालय के एक कर्मचारी संतोष कुमार जिसकी पदस्थापना संयुक्त राष्ट्र संघ में थी की मृत्यु हो गई थी। उसके आश्रितों ने वाहन दुर्घटना दावा अधिनियम के तहत पटना सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर किया था। अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद मृतक के आश्रितों के पक्ष में अपना निर्णय सुनाया था।



# हरिद्वार में स्लीपर बसों पर कसा शिकंजा 10 बसें बंद, 50 से अधिक चालान

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिला में स्लीपर बसों की अनियमितताओं के खिलाफपरिवहन विभाग का विशेष चेकिंग अभियान लगातार जारी है। चंडी चौक और बहादराबाद क्षेत्र में एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा और एआरटीओ (प्रवर्तन) नेहा झा के निर्देशन में संयुक्त टीम ने देर शाम तक सघन निरीक्षण किया। अभियान के दौरान अब तक 10 ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट वाली बसों को विभिन्न नियम उल्लंघनों में बंद कर दिया गया है, जबकि 50 से अधिक बसों का चालान किया गया। जांच के दौरान टीम ने बसों में ओवरलोडिंग, बिना अनुमति किए गए संरचनात्मक परिवर्तन, परमिट की वैधता, ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य दस्तावेज, फिटनेस और बीमा की स्थिति की जांच की। साथ ही यात्रियों की सूची भी देखी गई। कई बसें दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, लखीमपुर खीरी सहित विभिन्न रूटों पर नियमों का पालन किए बिना संचालित होती पाई गईं। अधिकारियों ने बताया कि यात्री सुरक्षा और बस संचालन में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने नये जिला अध्यक्षों की बैठक ली

**हैदराबाद।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने जिला समितियों के अध्यक्षों और पार्टी के फ्रंटल एवं सहयोगी संगठनों के अध्यक्ष के साथ बैठक की। बैठक में गौड़ ने आने वाले चुनावों से पहले पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के मकसद से अहम निर्देश दिये। उन्होंने नवनिर्वाचित जिला समिति अध्यक्षों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने जिलों के वरिष्ठ नेताओं और अन्य पदाधिकारियों से संपर्क करें ताकि सुचारू समन्वय को अंजाम दिया जा सके एवं सामूहिक निर्णय लिये जा सकें। उन्होंने पार्टी नेताओं से सभी जिलों में चल रहे वोट चोर हस्ताक्षर अभियान को तेज़ करने और 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले वोट चोर महा धरना में मज़बूत भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

# बोकारो में ईजरी नदी किनारे अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

एजेंसी ➤ बोकारो
www.dailypioneer.com

झारखंड में बोकारो जिले के पिंडराजोड़ा थाना क्षेत्र के ईजरी नदी किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सुबह शौच के लिए नदी के पास पहुंचे स्थानीय निवासी शंकर रवानी ने मृतक को देखा और पिंडराजोड़ा थाना को सूचना दी। थाना प्रभारी अभिषेक रंजन टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई गई है, मगर उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। युवक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के स्पष्ट निशान पाए नहीं गए हैं, परंतु मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही संभव होगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि, मृतक इस क्षेत्र का निवासी प्रतीत नहीं होता। आस - पास के थानों से लापता व्यक्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है, ताकि युवक की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है । इस घटना से स्थानीय लोगों में डर और चिंता का माहौल है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के लिए चास अनुमंडलीय अस्पताल भेज कर मामले की जांच कर रही है।

# हजारीबाग जिले में तेज रफ्तार का कहर, हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर मौत, पूरे क्षेत्र में मातम

एजेंसी ➤ हजारीबाग
www.dailypioneer.com

झारखंड के हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड के बेढ़ना-बारा मोड़ के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में नई मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे दो युवकों की तेज रफ्तार ट्रक की जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक बाजार से सामान खरीदकर लौट रहे थे। इसी दौरान सिलेंडर गैस से लदे तेज रफ्तार 10 चक्का ट्रक (जेएच 09एई 9519) ने सामने से मोटरसाइकिल में भीषण टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि युवकों को बचने का कोई मौका नहीं मिला। मृतकों की पहचान अमित कुमार सोनी, पिता – महादेव पोद्दार, निवासी सूजी झापा, विजय कुमार, पिता – घनश्याम साव, निवासी झापा के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि दोनों ने लगभग एक सप्ताह पहले ही नई बाइक खरीदी थी। दुर्घटना की खबर गांव में फैलते ही आक्रोश फैल गया। ग्रामीण बड़ी संख्या में घटना स्थल पर पहुंचकर सड़क पर जाम लगा बैठे और ट्रक चालक की गिरफ्तारी व कार्रवाई की मांग करने लगे। स्थिति देर रात तक तनावपूर्ण रही। सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग रात 3 बजे सड़क जाम हटवाया जा सका। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# लंबे समय से फरार चल रहे पचास हजार के इनामी अनिल तिवारी को मुंबई से गिरफ्तार

एजेंसी ➤ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड पुलिस की सीआईडी ने हरिद्वार जिले में लाखों रुपए की धोखाधड़ी करके फरार चल रहे आरोपी अनिल कुमार तिवारी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिद्वार जिले के ज्वालापुर में धेनु एग्रो प्रोड्यूसर लिमिटेड का संचालक स्थानीय नागरिकों के साथ आरडी, एफडी के नाम पर आर्थिक धोखाधड़ी करके लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसके बाद उत्तराखंड पुलिस की सीआईडी की इकोनामिक ऑफिन्सेस विंग ने पचास हजार रुपए के इनामी कानपुर निवासी अनिल कुमार तिवारी को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण से गिरफ्तार किया है। इस मामले में हरिद्वार के ज्वालापुर की थाना कोतवाली मे विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। हरिद्वार जिले में संचालित की जा रही इस कंपनी ने आरडी फिक्स्ड डिपॉजिट करने के नाम पर विभिन्न बॉन्ड और सर्टिफिकेट जारी करके लगभग 12 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। कंपनी के संचालकों अनिल कुमार तिवारी और देवेंद्र प्रकाश तिवारी की धोखाधड़ी में संलिप्तता पाये जाने के बाद उन पर उत्तरांचल निक्षेपक हित अधिनियम 2005, चिट फंड और धन परिचालन अधिनियम 1978 और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम के संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। लोगों के साथ आर्थिक धोखाधड़ी करके फरार चल रहे दोनों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया,और उनकी तलाश शुरू कर दी।उनके उत्तर प्रदेश मे कानपुर जिले के संभावित ठिकानों पर भी दबिश दी गई लेकिन वहां भी सफलता नहीं मिली। दोनों करीब सात सालों से फरार चल रहे थे, उन पर विभिन्न जिलों में 10 आपराधिक मुकदमे दर्ज पाये गये, इनमे 9 मुकदमे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में दर्ज है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जाते रहे और संभावित ठिकानों पर पुलिस टीमे भेजी गई। तभी इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि अनिल कुमार तिवारी मुंबई के ठाणे में रह रहा है। जिसके बाद सीआईडी देहरादून के डिविजनल ऑफीसर मनोज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित करते हुए सूचना के आधार पर उसे मुंबई के ठाणे से गिरफ्तार कर लिया है।

# आईआईटी आईएसएम धनबाद ने मनाया ऐतिहासिक 100वां स्थापना दिवस गौतम अडानी के विजनरी संबोधन में झलका आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप

एजेंसी ➤ धनबाद
www.dailypioneer.com





आईआईटी आईएसएम धनबाद ने अपने गौरवशाली इतिहास का एक अहम पड़ाव छू लिया। संस्थान ने 100वां स्थापना दिवस मनाते हुए उस सौ साल की यात्रा को याद किया, जिसने देश को इंजीनियरिंग, अर्थ साइंसेज, ऊर्जा शोध, तकनीकी नवाचार और राष्ट्रीय विकास के क्षेत्र में नई दिशा दी। पेनमैन ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम 3 से 9 दिसंबर तक चले सेंचुरी फाउंडेशन वीक का शानदार समापन भी रहा, जिसका उदघाटन प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने किया था। सप्ताह भर चली गतिविधियों–सिम्पोजियम, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, एलुमनाई संवाद और सामुदायिक कार्यक्रमों–ने संस्थान की समृद्ध विरासत और भविष्य की दृष्टि को उजागर किया। कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक स्वागत, पुष्पगुच्छ, दीप प्रज्ज्वलन और मंगलाचरण से हुई, जिसका संचालन कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस की डीन प्रो. रजनी सिंह ने किया। अपने फाउंडेशन डे संबोधन में गौतम अडानी ने कहा कि की वैश्विक परिस्थितियाँ पहले से कहीं अधिक जटिल और बंटी हुई हैं, ऐसे में भारत को अपना विकास मॉडल स्वयं तय करना होगा। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में किसी भी देश की वास्तविक संप्रभुता उसके प्राकृतिक संसाधनों और ऊर्जा प्रणालियों पर उसकी पकड़ से तय होगी। संस्थान की स्थापना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आईआईटी आईएसएम एक दूरदर्शी राष्ट्रीय सोच से जन्मा संस्थान है–इस समझ के साथ कि धरती के भीतर मौजूद ताकत को जाने बिना कोई देश ऊँचा नहीं उठ सकता। उन्होंने कहा, पैरों के नीचे की संपदा को समझो और उस ऊर्जा को साधो जो भारत की प्रगति को गति देती है–यही आर्थिक स्वतंत्रता के दो असली स्तंभ हैं। अडानी ने नैरेटिव कॉलोनाइज़ेशन पर चेतावनी देते हुए कहा कि जिन देशों ने दशकों तक कार्बन उत्सर्जन किया, वही विकासशील देशों का विकास तय करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर हम अपनी कहानी खुद नहीं लिखेंगे, तो हमारी तरक्की को अपराध की तरह पेश कर दिया जाएगा, उन्होंने कहा। उन्होंने भारत की उपलब्धि–50% से अधिक नॉन-फॉसिल इंस्टॉल्ड कैपेसिटी–को बड़ी सफलता बताते हुए अडानी ग्रुप की परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिनमें कार्माइकल माइन और खवडा ग्रीन एनर्जी पार्क शामिल हैं। अडानी ने 50 वार्षिक पेड इंटर्नशिप और प्री-प्लेसमेंट ऑफर की घोषणा की, साथ ही टैक्समिन के सहयोग से अदानी 3एस माइनिंग एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना भी घोषित की। उन्होंने इस दौर को भारत का दूसरा स्वतंत्रता संग्राम बताया–एक ऐसा संघर्ष जो संसाधन और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए है।

# चुघ ने की पंजाब में राजनीतिक वित्तीय भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच की मांग

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com




भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कांग्रेस में कथित वित्तीय भ्रष्टाचार की केन्द्रीय जांच ब्यूरो जांच की मांग की। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर रंधावा द्वारा राजस्थान में कांग्रेस विधानसभा टिकट कथित तौर पर बेचे जाने के डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के दावे पर कड़ा संज्ञान लेते हुए चुघ ने कहा कि ऐसे आरोपों की जांच होनी चाहिए, क्योंकि ये गांधी परिवार के नेतृत्व वाली कांग्रेस के नेतृत्व में घोर वित्तीय भ्रष्टाचार को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के कुछ सदस्य स्वयं भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर हैं, इसलिए डॉ सिद्धू द्वारा किए गए खुलासे की गहन जांच होनी चाहिए। चुघ ने शिवालिक रेंज में संरक्षित वन और सरकारी ज़मीन से जुड़े पंजाब में भ्रष्टाचार के एक नए अध्याय का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता जानना चाहती है कि कांग्रेस नेतृत्व ने डॉ. सिद्धू को उसी समय निलंबित क्यों किया जब उन्होंने एक बड़े पर्यावरण और ज़मीन हड़पने के घोटाले का ज़िक्र किया था, जिसका सीधा संबंध शक्तिशाली राजनीतिक हितों से है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिद्धू ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया है कि पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम और वन नियमों के तहत संरक्षित शिवालिक तलहटी की हजारों एकड़ भूमि पर बिना कानूनी रजिस्ट्री के वीवीआईपी लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान कथित तौर पर इन अवैध कब्ज़ों को वैध बनाने की तैयारी कर रहे हैं, जो पर्यावरण अपराध को वैध बनाने के समान होगा। उन्होंने कहा कि शिवालिक क्षेत्र पारिस्थितिक रूप से नाज़ुक और कानूनी रूप से संरक्षित है, और अनधिकृत वन भूमि को नियमित करने के किसी भी कदम की उच्चतम स्तर पर जाँच होनी चाहिए।

# स्व. जीवन ठाकुर की जेल में संदिग्ध मौत: न्याय की मांग पर भानुप्रतापपुर में 'बस्तर बंद' का व्यापक असर

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





सर्व आदिवासी समाज के आह्वान पर समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय जीवन ठाकुर की जेल में हुई संदिग्ध मृत्यु के विरोध में मंगलवार को भानुप्रतापपुर नगर में बस्तर बंद का व्यापक और शांतिपूर्ण असर देखने को मिला। न्याय की मांग को लेकर नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार और दुकानें दोपहर 2 बजे तक पूर्णतः बंद रहीं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि स्थानीय समुदाय इस संवेदनशील मुददे पर गहरा आक्रोश और एकजुटता रखता है। भानुप्रतापपुर में यह सफल बंद स्वर्गीय जीवन ठाकुर के प्रति लोगों की गहरी भावना और न्याय सुनिश्चित करने की समाज की गंभीरता को दर्शाता है। सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई भानुप्रतापपुर ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम भानुप्रतापपुर गंगाधर वाहिले को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें इस घटना को संगठित/उच्च-स्तरीय हत्या के रूप में दर्ज करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में अधिकारियों और राजनीतिक हस्तियों पर भू-माफियाओं से साठगाँठ और राजनीतिक हस्तक्षेप के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसके कारण जीवन ठाकुर को कथित तौर पर निशाना बनाया गया। इस दौरान कृष्णा टेकाम, विष्णु कचलाम, रमल कोर्राम, पवन दनाप, जागेश नरेटी, रवि दुग्गा, अनूप सोनवानी, जुगल कोरेटी,अनिल कुमार, संजय , रिंकू ठाकुर, भागवत कुंजाम, राजकुमार कोरेटी, पीनू कोरेटी, विषम, विक्की, मानिक, महेंद्र, ओमकार मंडावी शैलेन्द्र कोर्राम, भावेश मांडवी, दानवीर, लंकेश, महेंद्र, सुरेश, मनीष उपस्थित रहे।

### न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी

सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों ने भानुप्रतापपुर में अपनी दृढ़ता दोहराते हुए कहा कि जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और जीवन ठाकुर की मृत्यु से जुड़ी सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक उनकी यह न्याय की लड़ाई लगातार जारी रहेगी। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया और दोषी अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो सर्व आदिवासी एवं ओबीसी समाज द्वारा अनिश्चितकालीन उग्र प्रदर्शन किया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन और सरकार की होगी।

### आदिवासी समाज की प्रमुख मांगें

परिवार के आवेदन के बावजूद 1 दिसंबर को जीवन ठाकुर को केन्द्रीय जेल रायपुर स्थानांतरित किया गया, लेकिन इसकी सूचना परिजनों को नहीं दी गई। अचानक अस्वस्थ होने की सूचना भी छुपाई गई। समाज ने सीधे तौर पर थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार, जेल अधीक्षक सहित कुल 4 अधिकारियों को जीवन ठाकुर की मृत्यु के लिए प्राथमिक रूप से दोषी ठहराया है। इन पर लापरवाही, साक्ष्य छुपाने, अमानवीय आचरण और कस्टोडियल नेग्लिजेंस का आरोप है। समाज ने संपूर्ण प्रकरण की जाँच रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय न्यायिक/दंडाधिकारी जाँच आयोग से कराने की मांग की है। मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा और एक पात्र सदस्य को तत्काल शासकीय नौकरी प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि जीवन ठाकुर के खिलाफ वन अधिकार से संबंधित फर्जीवाड़ा का आरोप जिला स्तरीय समिति द्वारा जारी वन अधिकार पत्र को लेकर है, जबकि वन अधिकार पत्र जारी करने का अधिकार तहसीलदार को है। समाज ने इस मामले की गहन और निष्पक्ष जाँच जिला स्तर पर कराने की मांग की है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बलौदा बाजार प्रखंड भाटपार में हुआ संगठन विस्तार

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



ग्राम परशवानी (मदकुद्वीप) में संगठन विस्तार के क्रम में सभी कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से रामरूप दास की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। महाराज ने अपने उदबोधन में कहा कि संगठन का निर्माण किसी से लड़ाई, बदला लेने या भय उत्पन्न करने के लिए नहीं, बल्कि हिंदुत्व के प्रचार-प्रसार, सामाजिक समरसता एवं सकारात्मक जागरूकता लाने के लिए किया जाता है। धर्मांतरण के विरुद्ध सजग रहने गौ-वंश सेवा एवं संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर रहने जिला संयोजक केवल साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म के प्रचार-प्रसार, सामाजिक कार्यों और परिवार के प्रति कर्तव्यों को संतुलित रखते हुए समाज के प्रत्येक क्षेत्र में युवाओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू समाज की रक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं का संगठित, अनुशासित और जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। जिला सह-संयोजक दीपक साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि यदि हमारा जन्म हिंदू जीवन पद्धति में हुआ है तो इसका महत्व समझें और इसे अपना सौभाग्य मानें। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण जैसी स्थिति का होना ही नहीं चाहिए, क्योंकि जब ईश्वर ने हमें किसी अन्य धर्म में जन्म नहीं दिया तो जीवन में किसी अन्य मार्ग पर जाने का कोई कारण नहीं है। कार्यक्रम में प्रमुख नारायण यादव – जिला गौ-रक्षा प्रमुख दुबेश चक्रधारी भाटापारा प्रखंड संयोजक, ग्राम परशवानी के सरपंच, बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दंतेवाड़ा के छात्रावासों पर बड़ा खुलासा: एक नागरिक की शिकायत पर कलेक्टर ने करवाई ऑडिट: जोशी

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



जिले के बचेली और किरंदुल स्थित छात्रावासों की दयनीय स्थिति को लेकर एक आम नागरिक, प्रवेश कुमार जोशी, द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए स्मरण पत्र 01.10.2025 के बाद दंतेवाड़ा जिला प्रशासन हरकत में आया है। शिकायत में निर्माण कार्य शुरू न होने और छात्रों को हो रही कठिनाइयों का जिक्र था। इस पर, दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत की पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा पूर्ण डायनैमिक कार्यशैली की सोच के तहत, एक जांच दल का गठन किया गया, जिसने जिले के एससी, एसटी और ओबीसी छात्रावासों का विस्तृत निरीक्षण कर जांच और ऑडिट रिपोर्ट तैयार की है, जिसे शिकायतकर्ता को दर्शाया भी गया है। यह रिपोर्ट देश, राज्य व जिले के शिकायत विभाग की सत्यनिष्ठा को उजागर करती है, जिसने एक आम नागरिक की शिकायत पर इतनी विस्तृत कार्रवाई की। जोशी ने कलेक्टर के प्रति विश्वास जताया है कि उनकी निगरानी में जल्द ही जिले के सभी हॉस्टल सर्वसुविधा युक्त बन जाएंगे और बच्चों को पढ़ाई व रहने के लिए एक खुशहाल व उचित वातावरण प्राप्त होगा। इसके लिए बच्चे व जिलानिवासी सदैव कृतज्ञ/आभारी रहेंगे व भविष्य में अपनी समस्याएँ निर्भीक होकर प्रशासन तक पहुंचाएंगे।

**निरीक्षण रिपोर्ट के प्रमुख बिंदुः छात्रावासों की वर्तमान वस्तुस्थिति**

जांच रिपोर्ट में विभिन्न छात्रावासों की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं, बजट उपयोगिता और रजिस्टर/अभिलेखों की जांच की गई है। कई छात्रावासों में तत्काल मरम्मत और प्रशासनिक सुधार की आवश्यकता पाई गई है।

**पोस्ट मैट्रिक अनु.ज.जा. बालक छात्रावास किरंदुल**

भवन की छत से सीपेज (पानी का रिसाव) की समस्या है। कुल 08 शौचालयों में से 05 अनुपयोगी हैं, जिनकी मरम्मत अत्यंत आवश्यक है। कैशबुक 20.02.2023 से 21.02.2023 के बाद अद्यतन संधारित नहीं है। 07.10.2025 तक कैशबुक में बचत 10,48,980/- दर्शाई गई, लेकिन अभिलेख अद्यतन न होने के कारण वास्तविक मदवार व्यय की जानकारी नहीं मिल पाई। प्रतिवर्ष प्राप्त मरम्मत राशि का व्यय नहीं किया गया है। शौचालय मरम्मत, बोर खनन (पानी की व्यवस्था हेतु), और नया किचन शेड निर्माण।

**पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास किरंदुल**

भवन में सीपेज, जंग लगे टीन शेड से पानी टपकना और सीलिंग क्षतिग्रस्त होने की समस्या है। शौचालय जर्जर स्थिति में हैं और मरम्मत की आवश्यकता है। नया छात्रावास भवन निर्माण कार्य काफी समय से बंद पड़ा है। कैशबुक एवं पासबुक में बचत राशि 5,21,070/- और 5,31,070/- का मिलान हो रहा है।

**प्री.मै.अनु.ज.जा. बालक छात्रावास, किरंदुल**

अभिलेख संधारण 22.02.2023 से अब तक कैशबुक संधारित नहीं है। बैंक पासबुक पर भी प्रविष्टियाँ अद्यतन प्रिंट नहीं हैं, जिससे शिष्यवृत्ति वितरण की जानकारी अपूर्ण है। भवन की स्थिति ठीक है, लेकिन किचन शेड निर्माण और सीसीटीवी कैमरा में सुधार की आवश्यकता है।

**कन्या आश्रम, पीनाबचेली**

अभिलेख संधारण 09.08.2024 से कैशबुक संधारित नहीं है। अधीक्षिका की अस्वस्थता के कारण कार्य लंबित है, लेकिन जल्द ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। दरवाजा एवं खिड़की मरम्मत, विद्युत बोर्ड मरम्मत, और 13 खराब सीसीटीवी कैमरों में सुधार की आवश्यकता है।

**प्री.मै.अनु.जा. बालक छात्रावास, बचेली (सीट 80)**

भवन में प्लास्टर और आंगन में फर्श लगाने की आवश्यकता है। विद्युत मरम्मत, रंगाई-पोताई, टूटे हुए प्लास्टर की मरम्मत, आंगन का फर्श और किचन शेड का सीट बदलने की आवश्यकता है।

**प्री.मै.अनु.ज.जा. बालक छात्रावास, बचेली (सीट 50)**

प्रशासनिक समस्या नए अधीक्षक को पुराने अधीक्षक द्वारा कैशबुक/पासबुक का प्रभार नहीं दिया गया है, जिससे आगे का संधारण संभव नहीं हो सका है और अंतिम बचत राशि की जानकारी नहीं मिल पाई। स्टोर कक्ष में छत से पानी का सीपेज हो रहा है। विद्युत बोर्ड एवं स्विच मरम्मत, किचन शेड निर्माण, और संस्था के पीछे बाउंड्रीवॉल निर्माण की आवश्यकता है।

# जगदलपुर के भू-माफिया भोला झा के खिलाफ आदिवासियों का मोर्चा, फर्जी दस्तावेजों से जमीन हड़पने का आरोप

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

बस्तर अंचल में आदिवासियों की जमीनों पर अवैध कब्जे और फर्जी खरीदी-बिक्री के खेल का एक और मामला सामने आया है। संकनपल्ली के दर्जनों आदिवासी ग्रामीण मोदकपाल थाना पहुंचे, जहां उन्होंने जगदलपुर के कुख्यात भू-माफिया कमलदेव झा और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कमलदेव झा, भोला झा, प्रभाति झा, साकेत झा समेत कई लोगों ने अधिकारियों से सांठगांठ कर कूट-रचित दस्तावेज तैयार किए और उन दस्तावेजों के आधार पर आदिवासियों की जमीन अपने नाम करा ली। ग्रामीणों के अनुसार, इस अवैध सौदे में तत्कालीन पटवारी, तहसीलदार और उप-पंजीयक की भी भूमिका रही है, जिनकी मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार हुए और बिना ग्रामीणों की जानकारी के संकनपल्ली की जमीनों का कब्जा बदल गया। आरोप है कि झा परिवार ने बस्तर के दंतेश्वरी वार्ड में निवास के बावजूद संकनपल्ली की भूमि पर गैरकानूनी तरीके से खरीदी-बिक्री कर पटटा भी बनवा लिया।



**थाने में घंटों तक अफरा-तफरी, एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग**

मोदकपाल थाने में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ितों ने सामूहिक आवेदन देकर धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज निर्माण सहित कई धाराओं में मामला दर्ज करने की मांग की। इसके साथ ही ग्रामीणों ने एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत भी सख्त कार्रवाई की मांग की, क्योंकि मामला सीधे तौर पर आदिवासी समाज की जमीन और अधिकारों से जुड़ा है। थाने में जमा ग्रामीणों का कहना था हमारी पुश्तैनी जमीनें हमारे ही हाथों से छीनी जा रही हैं, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है।

**पटवारी से पता चला कि मेरी जमीन झा के नाम हो गई : पीड़ित बसवैया**

संकनपल्ली निवासी बसवैया जव्वा ने बताया कि उन्हें यह जानकारी पटवारी से मिली कि उनकी पैतृक कृषि भूमि पर अचानक किसी कमलदेव झा का नाम दर्ज कर दिया गया है और नक्शा कटवाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। बसवैया कहते हैं मैंने कभी जीवन में जमीन नहीं बेची, न ही बेचने का विचार किया। फिर भी मेरी जमीन पर किसी सामान्य वर्ग के व्यक्ति का नाम चढ़ा दिया गया। हमारा परिवार सदमे में है। हमारी जमीन ही हमारा जीवन है। इसे छीन लिया गया तो हम जिएंगे कैसे, बसवैया व ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक विक्रम मंडावी बोले 'बस्तर में अवैध जमीन कारोबार चिंता का विषय पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने कहा बस्तर में लगातार आदिवासियों की जमीनों पर अवैध कब्जे और अवैध खरीदी-बिक्री चिंता जनक है। उन्होंने मांग की कि ऐसे कृत्यों को बढ़ावा देने वालों, उनकी मदद करने वाले अधिकारियों और भू-माफियाओं पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि बस्तर में जमीनों की लूट पर लगाम लग सके।

**ग्रामीणों ने चेताया अगर कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे बड़ा आंदोलन**

ग्रामीणों ने साफ किया कि यदि पुलिस जल्द कार्रवाई नहीं करती, तो वे जिला मुख्यालय तक पदयात्रा और प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं, बल्कि अस्तित्व और भविष्य की लड़ाई है। मोदकपाल थाने में इस मामले को लेकर रिपोर्ट दर्ज करवाने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जनपद सदस्य मनोज अवलम, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, संकनपल्ली के सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किरन्दुल में की जा रहीं हैं आवारा कुत्तों का एंटी रेबीज वैक्सीनेशन



**किरन्दुल।** दंतेवाड़ा जिले के सभी नगरीय निकाय में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जानवरों से होने वाले संक्रमणों की रोकथाम उद्देश्य से आवारा कुत्तों का व्यापक एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया गया हैं। इसी क्रम में किरंदुल में नगर पालिका और पशु चिकित्सालय विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर पालिका किरंदुल के विभिन्न वार्डों में घूम घूम कर टीम द्वारा सोमवार तक 50 कुत्तों का सफलतापूर्वक वैक्सीनेशन किया गया। साथ ही प्रतिदिन 15 से 20 आवारा कुत्तों को पकड़ने और पकड़कर उन्हें सुनसुरक्षित तरीके से उन्हें एंटी रेबीज वैक्सीनेशन लगाई जा रही हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र ने बताया कि अभियान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कुत्तों से फैलने वाले घातक बीमारियों के रोकथाम के लिए आवश्यक हैं।उन्होंने कहा कि लगातार वैक्सीनेशन से शहर में एक सुरक्षित माहौल बनाया जा सकेगा।

# मन महेंद्र सिंह बबलू चावला को सिख समाज भाटापारा का अध्यक्ष चुना गया



**भाटापारा।** सिख समाज की बैठक में आगामी अध्यक्ष पद हेतु सर्वदलीय बैठक में मन महेंद्र सिंह बबलू चावला को सिख समाज भाटापारा का अध्यक्ष चुना गया है। उल्लेखनीय है कि मन महेंद्र सिंह चावला लंबे समय से गुरु घर से जुड़े हुए हैं। उनके पिता स्व. कल्याण सिंह चावला भी गुरु घर की सेवा बढ़ चढ कर करते थे। उनके मनो नयन पर समस्त सिख समाज के नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है।

# आलीशान भवन, बदहाल उपचार: भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज भगवान भरोसे

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com






आलीशान भवन और लाखों के सालाना खर्च के बावजूद, भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सुविधाएँ बदहाल हैं। यह अस्पताल अपनी स्थापना के मूल उद्देश्य से भटक चुका है, जहाँ मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला या राजधानी के अस्पतालों में रेफर करना एक आम बात हो गई है। चिकित्सकों और आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण क्षेत्र के ग्रामीण जान जोखिम में डालकर झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने को मजबूर हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में प्रवेश करते ही अव्यवस्थाओं का अंबार दिखाई देता है। डॉक्टरों की पुरानी कमी नई सुविधाओं पर पानी फेर रही है, जिसके चलते स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों को बेहतर इलाज देने में विफल साबित हो रहा है। सुविधाओं के नाम पर प्रति माह लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद, अस्पताल छोटी-छोटी बीमारियों के लिए भी मरीजों को कांकेर, धमतरी या रायपुर रेफर कर रहा है। विश्वसनीय इलाज न मिलने के कारण ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों के चंगुल में फंस रहे हैं, जिससे कई बार जानलेवा हादसे भी हुए हैं।

**सोनोग्राफी मशीन कबाड़ में, मरीज परेशान-** क्षेत्र के लोगों को सोनोग्राफी जैसी मूलभूत जांच के लिए कांकेर या रायपुर तक दौड़ना पड़ रहा है, जबकि दो साल पहले ही इस केंद्र को जिला अस्पताल से सोनोग्राफी मशीन मिली थी। लाखों रुपये की सोनोग्राफी मशीन, जिसे दो साल पहले भानुप्रतापपुर शासकीय अस्पताल को दिया गया था, अब बिना ऑपरेटर के कबाड़ बन चुकी है। सोनोग्राफर के ट्रांसफर के बाद उसकी जगह किसी नए ऑपरेटर की नियुक्ति नहीं की गई है। सुविधा होने के बावजूद क्षेत्रवासी सोनोग्राफी के लिए राजधानी तक का सफर तय करने को मजबूर हैं।

**जीवन दीप समिति निष्क्रिय, मनमानी हावी-** अस्पताल की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए गठित जीवन दीप समिति, जिसकी अध्यक्ष स्थानीय विधायक सावित्री मंडावी हैं, पिछले एक साल से निष्क्रिय पड़ी है। नियमानुसार, समिति की बैठक हर तीन माह में होनी चाहिए, लेकिन बैठकों का आयोजन न होने से अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। इस सत्र में तीन बैठकें होने का दावा करते हुए बीपीएम प्रशांत मर्सकोले ने सफाई दी कि समिति की अध्यक्ष व विधायक को इन बैठकों में नहीं बुलाया गया। अगर समय पर जीवन दीप समिति की बैठक नहीं होगी, तो अस्पताल की समस्याएँ और कमियाँ सामने कैसे आएंगी? बीएमओ और बीपीएम पर बैठकों को संपन्न कराने की जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन नहीं हो रहा है।

**समिति को सालाना 35 लाख की आय, फिर भी 'मोहताज'-** जीवन दीप समिति मरीजों से ओपीडी, इंजेक्शन, रक्त जांच, एक्स-रे और अन्य सेवाओं के लिए शुल्क वसूलती है। इससे अस्पताल को प्रति माह लगभग 3 लाख और सालाना 35 लाख तक की राशि जमा होती है। इसके बावजूद, अस्पताल प्रबंधन छोटी-छोटी मूलभूत समस्याओं के लिए सरकार पर निर्भर रहता है। अस्पताल प्रबंधन इस जमा राशि का उपयोग कर अस्पताल की कई मूलभूत समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

**खनन क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा का अभाव-** भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल में संचालित पाँच लौह अयस्क खदानें सरकार को करोड़ों का राजस्व देती हैं। माइनिंग प्लान में स्पष्ट उल्लेख है कि खदान संचालकों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए अस्पताल निर्माण और संचालन करना है। हालांकि, किसी भी माइंस संचालक ने प्रभावित गांवों के लिए अस्पताल का निर्माण नहीं किया है और न ही स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान दिया है।


**डायग्नोस्टिक सेंटर बना 'सफेद हाथी'-** खनिज निधि से निर्मित भानुप्रतापपुर के डायग्नोस्टिक सेंटर की स्थिति भी चिंताजनक है। यहाँ 100 से अधिक प्रकार की बीमारियों की जांच करने का दावा किया जाता है, लेकिन हकीकत में नाम मात्र की 4-5 जांचें ही हो पाती हैं, और उसमें भी अक्सर किट नहीं है या मशीन खराब है कह कर मरीजों को लौटा दिया जाता है। यह सेंटर क्षेत्रवासियों को सुविधा देने के बजाय सफेद हाथी साबित हो रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय प्रशासन और विधायक से माँग की है कि तत्काल जीवन दीप समिति की बैठक बुलाई जाए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्थाओं को सुधारा जाए, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

# धान खरीदी लिमिट को बढ़ाया नही गया तो शासन के समर्थन मूल्य से धान विक्रय हेतु वंचित होंगे हजारों किसान

## शासन के पास धान खरीदी के लिये राशि कि कमी इसलिए धान का लिमिट सीमित

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com








धरती पुत्र किसानों का खरीफ सीजन का धान खरीदी राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी 15 नवम्बर से जारी हो चुका है इसी तारतम्य मे सोसायटी धान खरीदी केन्द्रों मे वास्तविक जमीनी स्थिति का पता लगाने ग्राऊण्ड रिपोर्टिंग हेतु ग्राम लेवई सोसायटी, सिंगारपुर सोसायटी, कोनी बंजर सोसायटी व निपनिया धान खरीदी केन्द्र के सोसायटीयों मे जाकर विभिन्न पहलुओं से अवगत होने को मिला जिसके कारण धरती पुत्र अन्नदाता किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय को लेकर विभिन्न प्रकार के विसंगतियों का सामना करना पड रहा है।

**किसानों का धान खरीदी लिमिट बढाये जाने की मांग-** ग्रामीण दौरे मे पहुंचे पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा से सोसायटी केन्द्रों मे उपस्थित किसानों ने उनसे अपनी समस्या रखते हुये धान खरीदी की लिमिट बढ़ाये जाने की मांग शासन व प्रशासन स्तर रखने कि बात कही साथ ही खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के धान खरीदी केन्द्रों धान खरीदी का लिमिट एक दिन मे अलग सोसायटी केन्द्रों मे 1000 से 9000 क्विंटल प्रतिदिन का है जबकि सोसायटी कर्मचारियों से लिये गये जानकारी के अनुसार एक दिन मे 2500 से 3000 क्विंटल धान खरीदी कि क्षमता है परंतु धान खरीदी के लिमिट सीमित होने से कर्मचारी व हमाल फर्स्ट हाफ के बाद खाली बैठे रहने को मजबूर हो जाते है।

**धान खरीदी मे छोटे किसानों की उपेक्षा -** ग्राम लेवई सोसायटी जिसमें ग्राम अकलतरा कोसमंदा कडार जरहागांव व लेवई आता है जिसके अंतर्गत ग्राम लेवई के किसान पुनीत राम देवांगन ने वर्ष 2025,26 के धान खरीदी मे किसानों कि उपेक्षा का आरोप लगाया है जिसमें उन्होंने कहा कि आफलाइन मे 30 प्रतिशत पंजीयन रखा है परंतु 4 दिनों से चक्कर काटने के बाद भी आफलाइन पंजीयन नहीं हो पा रहा है वही ग्राम लेवई के सालिकराम देवांगन ने बताया कि उनके पास छोटा मोबाईल है इस कारण आनलाईन पंजीयन नही करा पा रहे है जबकि सिंगारपुर के किसान विवेक दुबे ने बताया कि 70 प्रतिशत आनलाईन सुविधा होने के बाद 10 से 15 मिनट मे धान खरीदी का एप फुल हो जाता है व कई बार सर्वर प्राब्लम कि भी समस्या खडा हो जाता है जिसके कारण धान खरीदी केन्द्रों मे जाकर टोकन हेतु दर दर भटक रहे है सोसायटी केन्द्रों मे किसानों का दुख दर्द जानने पहुंचे पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने किसानों कि समस्या को खाद्य मंत्री व सहकारिता मंत्री के साथ कलेक्टर के समक्ष पुरजोर तरीकें से आवेदन सोपकर धान खरीदी के लिमिट बढ़ाये जाने के साथ किसानों के अन्य विभिन्न समस्याओं को रखकर उसमे अमल कराये जाने के प्रयास हेतु उपस्थित किसानों को आशवासन भी दिया। वही आफलाइन धान खरीदी मे छोटे किसानों को अधिक महत्व देने मांग शासन व प्रशासन स्तर रखने कि बात पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा किया गया।

**किसान धान लेकर जायेगा तो फोटोग्राफी व वापस जाने पर भी फोटोग्राफी-** किसान पाहरीक साहू ने बताया कि इस बार के धान खरीदी केन्द्रों मे किसान धान लेकर आयेगा तो फोटोग्राफी व वापस जायेगा तो फोटोग्राफी हो रहा है इस सिस्टम मे सर्वर डाऊन हो जाने से भी परेशानी दिक्कतों का सामना करना पडता है।

**15 दिनो से धान खरीदी सोसायटी केन्द्र मे चक्कर काटा अंत मे मंडी मे जाकर बेचा धान : किसान प्रहलाद पटेल**

ग्राम सिंगारपुर सोसायटी केन्द्र अंतर्गत ग्राम गोढी के किसान प्रहलाद पटेल ने बताया कि मे अपना धान बेचने हेतु 15 दिनो से खरीफ विपणन वर्ष 2025, 26 का है सोसायटी का चक्कर लगाता रहा परंतु सोसायटी मे धान नही बेच पाने व मेरी माँ का आकस्मिक निधन होने व कर्ज के बोझ के कारण मजबूरी मे भाटापारा कृषि उपज मंडी मे 27 कटटा धान बेचने को मजबूर हुये जो कि 28.35 पैसे किलो के कीमत पर बेचा।

**पैसे के मजबूरी मे किसान कृषि उपज मंडी मे धान बेच रहे है तो उनके सोसायटी मे बिक्री के रेसो से काटा जा रहा है-** ग्राम कोणी बंजर सोसायटी केन्द्र अंतर्गत ग्राम कोदवा के छोटा किसान चुन्नू निषाद जिसके पास खरीफ फसल का धान है वह कई दिनों से धान खरीदी केन्द्र कोणी बंजर का चक्कर काट रहा है परंतु उसे टोकन नही मिल पाया उन्होंने बताया कि वह मजबूरी मे धान कृषि उपज मंडी मे जाकर बेचता है तो आधार कार्ड व किसान किताब के जरिये सोसायटी केन्द्र मे जितना धान बाहर मंडी मे बेचा उसे काट लिये जायेगा अगर मेरे 2500 क्विंटल धान है उसमे 1000 क्विंटल धान बेच दिया तो वहां सोसायटी से माईनस करके रखेगी वही कोणी बंजर के तिजऊराम ने बताया कि मेरे पास 20 क्विंटल धान है और 18 नवम्बर से टोकन कटा है। परंतु धान खरीदी केन्द्र मे धान बेचने का नम्बर नही आया गौरतलब है कि किसानों को सोसायटी केन्द्रों से आफलाइन एवं आनलाईन टोकन लेने के बाद 15 दिन से भी अधिक समय तक इंतजार करना पड रहा है। जबकि कोनी बंजर सोसायटी केन्द्र मे धान खरीदी का लिमिट 700 क्विंटल रखा गया है। विसंगति व समस्या को देखते हुये लिमिट बढाये जाने हेतु धान खरीदी प्रभारी पाटकर द्वारा खाद्य व सहकारिता विभाग को लिखित आवेदन मे 1500 क्विंटल का उल्लेख भी किया गया है वही सुशील शर्मा व पूर्व जनपद पंचायत प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा द्वारा इस बार किसानों के हितों कि अनदेखी का आरोप लगाया जिसके कारण धान लिमिट व टोकन कि विसंगति किसानों के साल भर के मेहनत के अर्थिक उपार्जन मे अडचने पैदा कर रही है।

**निपनिया सोसायटी धान खरीदी केन्द्र हाफ टाईम के बाद खाली बैठे रहे कर्मचारी व हमाल-** वहीं निपनिया धान खरीदी केन्द्र मे जमीनी हकीकत जानने पर जाकर देखा गया तो कर्मचारी व हमाल फर्स्ट हाफ के बाद खाली बैठे थे कारण पूछे जाने पर धान खरीदी का लिमिट सीमित होने होना बताया विधायक प्रतिनिधि जितु ठाकुर ने इस बार धान खरीदी मे किसानों कि हितों कि अनदेखी का आरोप लगाया उन्होंने बताया कि सरकार चाह रही है कि किसानों का धान कि नमी फड मे आकर सूखने के बजाये उनके बयारें सूख जाये।

**20 नवम्बर का टोकन का 8 दिसम्बर को धान खरीदी-** निपनिया केन्द्र प्रभारी लीलाराम सेन से जानकारी लेने पर बताया गया कि 20 नवम्बर को जारी टोकन का धान खरीदी 8 दिसम्बर को हुई। वहीं उन्होंने बताया कि निपनिया सोसायटी केन्द्र मे धान का अभी उठाव नही हो पाया है डीओ कट गया है परंतु गाडी नही आया है।

**धान खरीदी का लिमिट बढ़ाने मे ही किसानों का उद्धार : सुशील शर्मा**

पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष मे धान खरीदी का लिमिट नही बढ़ाया जायेगा, तो हजारों किसान समर्थन मूल्य मे धान विक्रय करने से वंचित हो सकते है। उन्होंने निपानिया सोसायटी केन्द्र का उदाहरण पेश करते हुये बताया कि सोसायटी मे 65 हजार धान खरीदी का लक्ष्य है परंतु 23 दिन गुजर जाने के बाद 1156 क्विंटल धान कि ही खरीदी लिमिट सीमित होने के कारण किया जा सका है, जबकि बचे 36 दिनों मे 54 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य बाकी है जबकि 23 तारीख तक का टोकन कटा रखा है। मोटे तौर पर जनवरी माह के 21 दिन के वार्किंग डे मे 1839 क्विंटल धान खरीदी करना जरूरी होगा जबकि वर्तमान मे वह लिमिट ही नहीं रखा गया है।

**शासन के पास धान खरीदी के लिये राशि की कमी इसलिए धान का लिमिट सीमित**

वही धान खरीदी मे लिमिट व टोकन विसंगति को शासन का किसानों के साथ सुनियोजित छलावा बताते हुये कहा कि शासन किसान हितेषी होने कि बडे बडे दावा करते है परंतु किसानों के साल भर के मेहनत परिश्रम के दाने दाने धान को लेने के लिये धान खरीदी लिमिट व टोकन विसंगति पर सुनियोजित छलावा किसानों के साथ किया जा रहा है अगर शासन द्वारा धान खरीदी का लिमिट नही बढाया जाता है तो हजारों किसानों समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु वंचित हो जायेंगे किसानों के हितों व मांगो को शासन व प्रशासन स्तर पर पुरजोर दमखम के साथ रखा जायेगा।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जिले को देंगे 101 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

## पीएम आवास योजना के तहत 10 हितग्राहियों को सौंपेंगे चाबी, आदिवासी समाज के प्रतिभाओं का करेंगे सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि सोनाखान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे 101 करोड़ 44 लाख 53 हजार रूपए के 119 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगें। इसमें 25 करोड़ 89 लाख 48 हजार रूपए के 31 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 75 करोड़ 55 लाख 5 हजार रूपए के 88 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर - चम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। प्रमुख लोकार्पण कार्य- प्रमुख लोकार्पण कार्यों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना है। इसमें ग्राम ओड़ान में 2 करोड़ 40 लाख रुपये



85 हजार की लागत से रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना, ग्राम खरतोरा में 2 करोड़ 35 लाख रुपये 8 हजार की लागत से रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना, ग्राम सकरी (स) में 1 करोड़ 80 लाख 99 हजार रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना, ग्राम गोरधा में 1 करोड़ 72 लाख 22 हजार रुपये की लागत से एकल नल जल प्रदाय योजना एवं ग्राम दतान (ख) में 1 करोड़ 61 लाख 24 हजार रुपये की लागत से रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना शामिल हैं। प्रमुख भूमिपूजन कार्य- प्रमुख भूमिपूजन कार्य में जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य है। इसमें 5 करोड़ 84 लाख 11 हजार रुपये की लागत से विकासखंड कसडोल के ग्राम अर्जुनी में जोंक शीर्ष जीर्णोध्दार एवं तटबंध निर्माण, 3 करोड़ 63 लाख 35 हजार रुपये की लागत से विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत लवन शाखा नहर के तिल्दा, करदा लाटा एवं सिरियाडीह माइनर का जीर्णोध्दार एवं पुनर्निर्माण। 3 करोड़ 36 लाख 60 हजार रुपये की लागत से विकासखंड कसडोल के मटिया नाला में स्टापडेम निर्माण।जल संसाधन विभाग द्वारा 2 करोड़ 99 लाख 33 हजार रुपये की लागत से विकासखंड पलारी के ग्राम परसाडीह में खोरसीनाला में स्टापडेम निर्माण एवं 2 करोड़ 60 लाख 87 हजार रुपये की लागत से विकासखंड बलौदाबाजार के लवन शाखा नहर के लाहोद में निरीक्षण कुटीर, आवासीय भवन एवं बाउंड्रीवाल जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण शामिल हैं।

# हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना हमारा उत्तरदायित्व : कुमारी भास्कर

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली भाजपा मंडल बलौदा के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजाडीह में युवा मतदाता संवाद चौपाल मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के तहत ग्राम राजाडीह, भालूकोना, पड़रापाली, बेलडीह, जटाकन्हार में नव मतदाताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,व ग्रामीणों से मिलकर एसआईआर की जानकारी दिया। एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँचाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की। यह अभियान लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक उत्तरदायित्व है। जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा जिला मंत्री महासमुंद कुमारी भास्कर, मंडल अध्यक्ष बलौदा नीलांबर तांडी, प्राधिकृत अध्यक्ष तोषगांव विजय प्रधान, प्राधिकृत अध्यक्ष मलदामॉल घनश्याम भोई, प्राधिकृत अध्यक्ष केना प्रसन्न प्रधान, प्राधिकृत अध्यक्ष रोहिना बनितराम सिदार, प्राधिकृत अध्यक्ष सलखंड झनकराम चौधरी,जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि धनेश्वर भास्कर, जनपद पंचायत सभापति उद्धव नंद, मंडल केन्दूवा मीडिया प्रभारी मनबोध मिरी, जगेश्वर चन्द्रा, मंडल बलौदा मीडिया प्रभारी झनकराम मिरि, ईश्वर प्रसाद जांगड़े, परमानंद निराला आदि उपस्थित रहे ।




# फुलझरियाड 2025 का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन

पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में फुलझर सेवा समिति स्तरीय स्व. पंडित जयदेव सतपथी स्मृति अंतर शालेय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक संध्या में कंपीटीशन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि मोगरा किशन पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, अध्यक्षता किशोर कुमार बारिक अध्यक्ष फुलझर सेवा समिति सरायपाली , विशेष आसंदी में विराजमान विद्याभूषण सतपथी मंत्री फुलझर सेवा समिति सरायपाली, विशिष्ट अतिथि उषा लाल कुमार पटेल जनपद सदस्य जनपद जनपद पंचायत सरायपाली , सरपंच तरुण पटेल ग्राम पंचायत पाटसेंद्री, संतोष पटेल ग्राम पंचायत नवरंगपुर, मुखिलेंद्र सागर पटेल ग्राम पंचायत कंवरपाली, सेवानिवृत प्राचार्य कृपाराम पटेल, खेमराज पटेल, ओम प्रकाश चौधरी, सेवक राम पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष कृपा सिंधु पटेल, सदस्य परीक्षित पटेल, उत्तरा कुमार पटेल, शिवनारायण चौधरी, ऋषिकेश पटेल, तेजलाल पटेल, आसीन भोई सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक, आर एस साहू, सोसायटी अध्यक्ष जयलाल पटेल उपस्थित थे। प्रतियोगिता में बालक वर्ग वॉलीबॉल, कबडडी, शतरंज एवं बालिका वर्ग में कबडडी, शतरंज रस्सा कशी खेल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पूर्व छात्र कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री से शिक्षा प्राप्त कर उच्च पद, शिक्षक, बैंक विभाग, चिकित्सक इंजीनियर, न्यायाधीश, वन विभाग आदि उपस्थित थे। पूर्व छात्रों द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता निभाई गई जिसका मंत्री फूलझर सेवा समिति सरायपाली विद्या भूषण सतपथी द्वारा सराहना की गई है। कार्यक्रम समापन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चौहान क्रिकेटर, नीता डूमरे हॉकी ओलंपियन, आसिफ अली पावर लिफ्टर जज, संतोषी मांझी पावरलिफ्टर पदक विजेता, श्रीकांत पंजा कुश्ती एवं रस्सा कशी कप्तान, आयुष पाढ़ी बॉडीबिल्डर, बृजेश सतपथी फुटबॉल खिलाड़ी संयोजक, आशीष गौतम बॉडीबिल्डर, तुषार पटेल अंडर 19 वॉलीबॉल कप्तान छत्तीसगढ़, दीपेश सिन्हा वॉलीबॉल खिलाड़ी आदि खिलाड़ियों को मंच में लाने का श्रेय वीरेंद्र सतपथी संयोजक पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हैं। कार्यक्रम समापन समारोह में मुख्य अतिथि गण चातुरी डिग्रीलाल नंद विधायक सरायपाली, लक्ष्मी हरिशचंद्र पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत सरायपाली, कामता पटेल भाजपा नेता, तेजराम पटेल जनपद सदस्य, सरपंच गण, शाला विकास समिति के सदस्य, सेवानिवृत प्राचार्य गण, विद्यालय के पूर्व शिक्षक एवं मालगुजार खेमराज पटेल उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक मय स्टाफ पाटसेंद्री का सराहनीय योगदान रहा। निर्णायक हेमंत बारीक, खीतीपति साहू, वरुण बाग, जगदीश सामल, हेमसागर केवर्त, खीरसागर केवर्त, अक्षय प्रधान, प्रमित साहू एवं नृत्य प्रतियोगिता के न्यायाधीश बनमोती भोई, सरिता साहू, प्रशांत साहू उपस्थित थे।

# खेल भावना के साथ खेलें, जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण आपकी मेहनत : रंजना साहू

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला धमतरी द्वारा स्व.पंडरी राव इंडोर स्टेडियम धमतरी में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता तथा जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो.खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और रस्साकशी जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आई महिला खिलाड़ी अपने-अपने खेल में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। इसी तरह युवा उत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक-संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद.विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड की मनमोहक प्रस्तुतियों ने प्रतिभागियों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि जिले की युवा प्रतिभाएँ खेल व संस्कृति के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं। उन्होंने कहा कि आज धमतरी की बेटियाँ और युवा जिस उत्साह व लगन के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं, वह प्रेरणादायक है। खेल न केवल शारीरिक क्षमता को मजबूत करते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित करते हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में ऊर्जा भरते हैं और उन्हें अपने भविष्य को संवारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश और राष्ट्र के विकास में युवा शक्ति का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है, जब युवा अपनी प्रतिभा को पहचानते हैं और सही दिशा में आगे बढ़ते हैं, तभी समाज और देश प्रगति करता है। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला और संस्कृति हमारी पहचान है और युवा पीढ़ी द्वारा इसका संरक्षण एवं प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल भावना के साथ खेलें, जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण आपकी मेहनत, समर्पण और सहभागिता है। आप सभी में अपार संभावनाएँ हैं। जिला, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की पूरी क्षमता आप में मौजूद है। स्टेडियम में खेलों व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का उत्साह देखने लायक है। उपस्थित दर्शकों ने प्रतिभागियों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी कर्मचारी गण, महिला खिलाड़ियों, युवा उत्सव के प्रतिभागी सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ने पीएम आवास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## गुणवत्ता, प्रगति और त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल जनपद पंचायत कसडोल के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत सोनाखान में वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत नवीन आवासों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अप्रारंभ आवासो को प्रारम्भ कराने, प्रगतिरत आवासो को जल्दी पूर्ण कराने, गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण, सामग्री उपलब्धता एवं कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। अग्रवाल ने अप्रारंभ आवासों को तत्काल प्रारंभ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया ताकि सभी स्वीकृत आवासो को समय पर पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी तथा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण होना सुनिश्चित किया जाए। हितग्राहियों द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान करने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान हितग्राही हरीश चौहान, मोहनदास मानिकपुरी एवं आशा चौहान के आवास प्रगतिरत पाए गए जिनमें तेजी लाने के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ, जिला समन्वयक, विकासखण्ड समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कुर्मी समाज को 51000 रुपए दान किया



पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

ग्राम नेवरा निवासी अशोक कुमार वर्मा एव उनकी धर्म पत्नी दयावती वर्मा के द्वारा अपने पुत्र की स्मृति में झाडू राम वर्मा जिनका 12 जुलाई 2009 को मदनवाड़ा राजनादगांव में नक्सल मुठभेड़ में शहीद हो गए थे । उनके स्मृति में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज तिल्दा को 51000 छात्रवास निर्माण हेतू दान प्रदान किए समाज उनके इस उदार दिल एवं सहयोग पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा ग्राम प्रमुख टॉप लाल कश्यप नगर प्रमुख दुर्गेश वर्मा जैनेन्द्र बघेल शिव वर्मा राज कपूर कश्यप रमेश वर्मा अनिल नायक एव समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राज्यस्तरीय वार्षिक खेल मेला उड़ान में सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों का शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी जीई फाउंडेशन भिलाई द्वारा दिव्यांग मैदान परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय वार्षिक खेल मेला उड़ान में छत्तीसगढ़ के 15 संस्थानों के 350 से अधिक विशेष बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धमतरी के मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल के 13 विशेष बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया और कई पदक व प्रमाण पत्र प्राप्त किए। खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम-50 एवं 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग प्रथम नेमेश सिन्हा, द्वितीय ईशु बनपेला, प्रथम यज्ञदत्त साहू, द्वितीय अर्जुन चक्रधारी, तृतीय एकलव्य पटेल, बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ प्रथम मनीषा साहू, बोच्ची गेम टीम प्रतियोगिता सत्यांशु दीप, नेमेश सिन्हा, ईशु बनपेला, आकाश आहूजा, द्वितीय स्थान, ड्रॉइंग प्रतियोगिता प्रथम भारती पटेल, थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ द्वितीय यज्ञदत्त साहू थीम बस्तर आर्ट, तृतीय वत्सला साहू थीम राष्ट्रीय स्मारक। इस अवसर पर सार्थक स्कूल के छात्र सत्यांशु दीप को राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु तथा छात्रा दिशा गौतम को राष्ट्रीय स्तर पर बोच्ची में रजत पदक प्राप्त करने पर जीई फाउंडेशन द्वारा ट्रैकसूट, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष बच्चों की क्षमताओं को निखारने में योगदान हेतु प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, काजल रजक, कौशिल्या यादव को प्रशस्ति पत्र व उपहार प्रदान किए गए। सार्थक स्कूल द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित शगुन लिफाफों की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्टॉल को बेहद सराहना मिली। अतिथियों ने इसे राज्य स्तरीय आयोजनों में भी विशेष रूप से लगाने का आग्रह किया। सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी, सचिव स्नेहा राठौड़ को मानसिक दिव्यांग केंद्र सार्थक स्कूल के उत्कृष्ट संचालन हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने एवं विशेष बच्चों को प्रोत्साहन देने हेतु जीई फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रदीप पिल्लई, स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर डॉ प्रमोद तिवारी, स्पोर्ट्स एक्सपर्ट रवि जैन तथा आयोजन से जुड़े सभी पदाधिकारियों के प्रति सार्थक परिवार ने हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# पैसा शासन का, झूठी वाहवाही ले रहा जनप्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश शासन द्वारा समूचे क्षेत्रों में जनहित से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ सर्वहारा वर्ग के लोगों को नियमित मिल रहा है और वे आत्मनिर्भर होकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने शासन प्रति माह 1 हजार रूपये महतारी वंदन योजना, पीएम आवास योजना, जैसे अनेक योजनाओं का लाभ लोगों द्वारा उठाया जा रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र माने जाने वाले कमार जाति परिवारों को आत्मनिर्भर बनाये जाने हेतु उन्हें मकान, बिजली, पानी, शिक्षा की सुविधाएं दिलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत एक गांव में शासन द्वारा 37 आवास कमार परिवारों के लोगों को बनाकर दिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस हेतु लगभग 2 लाख 22 हजार रूपये की राशि उनके खातों में डाल दी गई है किंतु यहां एक जनप्रतिनिधि है जो शासन की इन योजनाओं को अपने करोड़ों रूपये की राशि लगाकर करवाया जाना बता रहा है और सस्ती लोकप्रियता हासिल कर रहा है। प्रदेश के मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा समूचे प्रदेशवासियों को उनकी समस्याओं, मांगों को पटल पर लाने हेतु 1 अप्रेल से 30 मई तक सुशासन तिहार चलाया गया था। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर इन्हीं कमार जातियों के उत्थानार्थ हेतु अनेक कार्य किये जाने का लक्ष्य रखते हुए निरंतर आगे इन योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। शासन के द्वारा प्रदत्त राशि से ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ लगा हुआ है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा इस मामले में काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं और समय



समय पर इन योजनाओं की प्रगति के लिये औचक्क निरीक्षण भी करते आ रहे हैं। लेकिन कुछ लोग शासन और जिला प्रशासन की इन योजनाओं के क्रियान्वयन को अपनी निजी राशि से खर्च करना बताकर प्रचारित कर रहे हैं और मनरेगा, जनमन जैसी योजनाओं से मिलने वाले राशि को अपने तरफ से खर्च करना बता रहे हैं जिससे नगरी विकासखंड अंतर्गत उक्त गांव में इसी आड़ में उक्त जनप्रतिनिधि अवैधानिक लाभ प्राप्त कर रहा है। खबर के मुताबिक नगरी विखं के एक गांव में 37 आवास शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है जिसमें से लगभग 30 मकान पूर्ण हो चुके हैं। 7 मकान का निर्माण अभी प्रगति पर है जो समयावधि में पूर्ण हो जायेंगे। लेकिन शासन और जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृत राशि से बनने वाले मकान को उक्त जनप्रतिनिधि यह प्रचारित कर सस्ती लोकप्रियता हासिल कर रहा है कि मैने इस योजना के लिये करोड़ों रूपये खर्च किये हैं और इसी वजह से उक्त जनप्रतिनिधि को ये कमार परिवार के लोग अपना मसीहा समझ रहे हैं। राज्य शासन द्वारा प्रदत्त 2 लाख 22 हजार रूपये की राशि जो कि 2 लाख रूपये जनमन योजना तथा 22 हजार रूपये मनरेगा मद से कुल 2 लाख 22 हजार स्वीकृत की गई है जो सीधे लाभार्थियों के खाते में डाली गई है। निर्माण कार्य भी शासन द्वारा करवाया जा रहा है। लेकिन उक्त जनप्रतिनिधि द्वारा मिथ्या बातें प्रचारित कर शासन, प्रशासन की दी हुई राशि से संपूर्ण किये गये 30 मकान एवं 7 मकान जो अभी निर्माणाधीन है, वह कार्य अपने निजी खर्च से होना बताकर इस क्षेत्र में न सिर्फ गैर कानूनी कार्य कर रहा है अपितु निस्तारी के तालाब पर भी अपना कब्जा कर लिया है। उक्त जनप्रतिनिधि के इस मिथ्या प्रचार के चलते वहां के भोले भाले कमार जाति के लोग इसे अपना मसीहा मान रहे हैं और बजाय सरकार और जिला प्रशासन की जय-जयकार करने के इसकी प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं। हालांकि यह जनप्रतिनिधि सत्तापक्ष से ही जुड़ा हुआ है जिसे ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि सत्तापक्ष से जुड़े होने के नाते इसे सरकार की बढ़-चढ़कर तारीफ करना चाहिये। लेकिन ऐसा न कर वह पार्टी के अनुशासन को खुल्लमखुल्ला तोड़ रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सत्तापक्ष से जुड़े संगठन के मुखिया और नेता भी इस बड़बोले नेता के विरूद्ध कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं जिससे इसके हौसले बुलंद हैं। नगरी, सिहावा क्षेत्र के सैकड़ों सत्तापक्ष से जुड़े सदस्यों ने इसकी लंबी चौड़ी शिकायत करते हुए अपने नेताओं से इस पर जांच पश्चात कार्यवाही की मांग की है।

# महिला समाज संस्था का स्नेह मिलन कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

महिला समाज संस्था की अध्यक्षा हेमलता हिषीकर की अध्यक्षता में सदस्यों की उपस्थिति में एक स्नेह मिलन कार्यक्रम आनंद और उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम की बैठक में वर्ष 2025 में संपन्न हुए सभी सेवा कार्यों की रिपोर्ट पेश की गई। साथ ही आगामी 2026 नव वर्ष का आगाज़ हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में एक उम्मीद और सभी सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा के साथ किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में आगामी नव वर्ष में किए जाने वाले सेवा कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर मजेदार खेल और सुस्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया गया। इस कार्यक्रम को अध्यक्षा हेमलता हिशीकर, राजुला शाह, प्रभा रावत, कामिनी कौशिक, शकुतंला साहू, सुषमा नंदा, स्वाती बल्लाल, नीलू लुनावत, चंचल लूंकड, संतोष मिन्नी, ज्योति पारख, ज्योति लूनिया, जिग्ना मंगे, कनक शाह, प्रिया आठवानी, गायत्री साहू, मीनल गोलछा, मालती, भुवनेश्वरी ने अपनी उपस्थिति से शोभायमान किया। इस गरिमामय कार्यक्रम में सखी निवास के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और आनंद लिया। अध्यक्षा ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# गंज चौक-कन्हारपुरी तक चौड़ीकरण, महापौर और कमिश्नर पहुंचे, लोगों से की चर्चा

## कार्य को लेकर लोगों में नाराजगी भी, कई घर-दुकान आएंगे जद में

पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



गंज चौक से कन्हारपुरी तक चौड़ीकरण कर सड़क निर्माण किया जाना है। इसे लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं लखोली क्षेत्र के पार्षदों तथा निगम के अधिकारियो के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियो से भी चर्चा की। निगम सीमा क्षेत्र के लखोली क्षेत्र में यातायात के दबाव को देखते हुए गंज चौक से कन्हारपुरी बाईपास तक सड़क चौडीकरण कर रोड निर्माण करने शासन के बजट में प्रावधान किया गया था। प्रावधान अनुसार मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत लखोली रोड निर्माण के लिए राशि रूपये 14.54 करोड स्वीकृति प्राप्त हुई। स्वीकृति पश्चात नगर निगम द्वारा चौड़ीकरण कर रोड निर्माण करने प्रक्रिया की जा रही है। प्रस्तावित रोड का महापौर यादव ने निरीक्षण कर निर्माण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए। महापौर यादव ने कहा कि शहर विकास के लिए शासन के बजट में विभिन्न प्रावधान किए गये थे, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हुई है। लखोली क्षेत्र में यातायात के दबाव को देखते हुए एवं सुगम आवागमन के लिए गंज चौक से कन्हारपुरी बाईपास तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली। जिसमें चौडीकरण कर दोनो तरफ नाली तथा सड़क निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि चौडीकरण से लखोली क्षेत्र के कुछ घर एवं प्रतिष्ठान प्रभावित हो रही है, इस संबंध में उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर चर्चा किए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण हो जाने से आवागमन मे सुविधा होगी तथा दुर्घटना से राहत मिलेगी। प्रभावित घर एवं व्यवसाय के संबंध में उन्होंने कहा कि चौडीकरण में कम से कम नुकसान हो, इसका प्रयास किया जायेगा। महापौर ने सड़क निर्माण के संबंध में निगम द्वारा की जा रही प्रक्रिया की जानकारी ली। आयुक्त विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि शासन स्वीकृति अनुसार 14.54 करोड रूपये से गंज चौक से कन्हारपुरी बाईपास तक सड़क चौड़ीकरण किया जाना है, जिसमे 2.5 किलो मीटर सड़क निर्माण कर दोनो तरफ नाली के साथ साथ डिवाईडर का निर्माण किया जायेगा, सड़क निर्माण के लिए सर्वे कर मार्किंग की जा रही है, टेंटर प्रक्रिया पश्चात निर्माण प्रारंभ किया जायेगा।

# खुला ऑफर... पार्षद निधि से स्ट्रीट लाइट खरीदों, 10 हजार का एडवांस कमीशन पाओ

### निगम के नेता सप्लाई की तैयारी में, फर्म भी रेडी, खरीदी का कारनामा चर्चा में

पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


कमाई का जरिया: पार्षद निधि से लाइट खरीदी की प्लानिंग
कमीशन का खेल, घर जाकर बनवा रहे डिमांड लेटर
हर पार्षद को 1 लाख की लाइट खरीदने की बात कह रहे, बेवजह की जरूरत दर्शा रहे
पूर्व में 98 लाख की लाइट खरीदी नगर निगम में हो चुकी है, अब पार्षद निधि का उपयोग
पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


पार्षद निधि से स्ट्रीट लाइट खरीदी करने का काम अब और जोर पकड़ लिया है। कुछ भाजपा नेताओं ने सीधा ऑफर दे दिया है। यानी 1 लाख रुपए की लाइट अपनी निधि से खरीदी करों और एडवांस में 10 हजार रुपए का कमीशन पाओ। नगर निगम शुरू से ही अपने कामों को लेकर चर्चा में रहा है और एक बार फिर यह नया कारनामा सामने आ रहा है। इसमें खुलेआम कमीशनखोरी करने का काम भाजपा नेता ही अपने पार्षदों के साथ कर रहे हैं। इसमें लाखों रुपए का वारा-न्यारा करने की तैयारी है। ज्ञात हो कि इस बार पार्षद निधि से स्ट्रीट लाइट खरीदी जा रही है। इसके तहत कोई भी पार्षद अपनी जरूरत के हिसाब से खरीदी कर सकता है। लेकिन यहां नगर निगम के नेताओं ने इसे कमीशनखोरी कर कमाई का जरिया बना लिया और एक सिंडिकेड तैयार कर लिया है। अब पार्षदों के पास जा रहे हैं और उनके लेटर पैड में डिमांड लेटर बना रहे हैं कि उन्हें वार्ड में स्ट्रीट लाइट की जरूरत है। इस पर भाजपा के नेता सप्लाई का करने की प्लानिंग कर चुके हैं। सबसे बड़ी बात जिन पार्षदों ने डिमांड लेटर दे दिया है, उन्हें एडवांस में 10 हजार रुपए तक दे दिए गए हैं।

### पार्षदों ने इस तरह की दी जानकारी

शहर के कुछ पार्षदों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पार्टी के लोग ही यह काम कर रहे हैं इस कारण लाइट खरीदना पड़ रहा है। वैसे भी वार्डो में हर समय लाइटों की कमी रहती है, इसलिए लाइटों का उपयोग तो हो जाएगा। लेकिन इस रकम से वार्ड में कुछ छोटे रिपेयरिंग के काम भी कराए जा सकते थे। लेकिन मजबूरन लाइट लेनी पड़ रही है।

# जनदर्शन में सुनी गई जनसामान्य की समस्याएं प्राप्त आवदेनों के त्वरित निराकरण के दिए गए निर्देश

पायनियर संवाददाता ᐸ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अपर कलेक्टर रवि राही ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, आवास, वृद्धापेंशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अपर कलेक्टर रवि राही ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का प्रमुखता से निराकरण करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनदर्शन में तहसील छाल अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरामुड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान संचालक द्वारा 4 माह पूर्व ईपोस मशीन में फिंगर लगवाया था, लेकिन राशन सामग्री नहीं दे रहे है। जिसकी वजह से समस्त ग्रामवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपर कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए खाद्य निरीक्षक को जांच करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम-कोटरीमाल, घरघोड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोहल्ले में 1 फेस ही सप्लाई की गई है, लो वोल्टेज के कारण पीने का पानी पंप भी नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में विद्युत अधिकारी घरघोड़ा को कई बार अवगत करा चुके है, लेकिन आज तक निराकरण नहीं हो पाया है। अपर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। धरमजयगढ़ के लुकेश्वर यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत ढोढ़ागांव राशन दुकान में संदिग्ध लोगों के नाम से फर्जी राशन कार्ड जारी किया गया है और उन्हें राशन का वितरण भी किया जा रहा है। अपर कलेक्टर ने इस पर जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की बात कही। विकासखण्ड पुसौर ग्राम-दर्रीपाली के चंद्रमणी चौहान ने बताया कि उनकी निजी कृषि भूमि पर बीएसएनएल द्वारा 90 फीट लम्बा केबल बिछाया गया है, जिससे उनकी फसलों को नुकसान हो रहा है।

# मामूली बात पर स्कूटी जलाई फिर चाकू से वारकर हत्या का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

### मामला हाट बाजार के पास का, कोतवाली और बसंतपुर पुलिस ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सिटी कोतवाली एरिया में सोमवार रात हाट बाजार के पास युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसकी स्कूटी को आग लगा दिया। इस मामले में पुलिस की टीम आधे घंटे भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला कायम किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी आदतन अपराधी है। मामूली विवाद पर दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर फरार हो गया था, जिसे पकड़ लिया गया है। टीआई एनके गौतम ने बताया कि रात तकरीबन आठ बजे सूचना मिली कि हाट बाजार चिकन मार्केट के पास चाकूबाजी हुई है और वाहन को आग के हवाले कर दिया गया है। इस पर तत्काल पुलिस टीम मोके पर पहुंची और गाड़ी में लगी आग को बुझाया गया। वहीं आरोपी के बारे में पता लगाया गया। इसके बाद जानकारी मिली कि कुआं चौक में रहने वाला मोहित गुप्ता पिता मोहन गुप्ता का किसी से विवाद हो रहा था। इसी बीच वहां भरकापारा निवासी देवेश कुमार पहुंचा और मोहित से कहा कि विवाद क्यों कर रहे हैं। इसी बात को लेकर मोहित अपने पास रखे चाकू से देवेश पर हमला कर दिया। इसके बाद कोतवाली और बंसतपुर पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को अरेस्ट किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अरोपी पर पूर्व में 10 अपराधिक मामले दर्ज है।

# परीक्षा पे चर्चा 2026 : छात्रों के लिए शुरू हुई पंजीकरण प्रक्रिया




पायनियर संवाददाता ᐸ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

स्कूली छात्रों के परीक्षा तनाव को कम करने और सकारात्मक अध्ययन वातावरण विकसित करने के उददेश्य से परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष भी किया जाएगा। कार्यक्रम अपने नौवें संस्करण में प्रवेश कर चुका है और देशभर के विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों के लिए सहभागिता का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं प्रश्न जमा कराने की प्रक्रिया 1 दिसंबर 2025 से आरंभ हो चुकी है, जो 11 जनवरी 2026 तक चलेगी। पोर्टल पर अधिकतम 500 अक्षरों में अपने प्रश्न, सुझाव या अनुभव भेज सकते हैं। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक तीनों श्रेणियों में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए दो अलग समूह–कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12–निर्धारित किए गए हैं। चयनित प्रतिभागियों को कार्यक्रम में विशेष आमंत्रण दिया जाएगा। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी बड़े पैमाने पर भागीदारी की उम्मीद है। वर्ष 2023 में लगभग 38 लाख छात्रों ने भाग लिया था, जबकि 2024 में यह संख्या 1 करोड़ 29 लाख से अधिक रही थी। शिक्षा मंत्रालय ने अपेक्षा जताई है कि इस वर्ष यह संख्या और आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा को तनाव का कारण न मानकर जीवन उत्सव के रूप में देखना है। इसके तहत समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, अध्ययन तकनीकों और जीवन कौशल से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव विद्यार्थियों को प्रदान किए जाते हैं।

# अपराध नियंत्रण में मुंगेली पुलिस की बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता ᐸ मुंगेली
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा असामाजिक तत्वों एवं मादक पदार्थ की अवैध बिक्री व तस्करी करने वालों के विरूद्ध ''ऑपरेशन बाज'' अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए। उक्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत कौर छाबड़ा एवं उप पुलिस अधीक्षक पथरिया नवनीत पाटिल के कुशल मार्गदर्शन पर सायबर सेल मुंगेली एवं थाना पथरिया की संयुक्त पुलिस टीम को मुखबीर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुई कि 02 व्यक्ति भरेवा रोड पथरिया ईंटा भट्ठा के पास मादक पदार्थ गांजा रखकर ब्रिकी करने हेतु खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भरेवा रोड पथरिया ईंटा भट्ठा के पास घेराबंदी की गई। मौके पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 एस 8885 पर सवार दो व्यक्ति मिले। जिनकी पहचान गांजा तस्कर दिनेश कुमार उर्फ गोरे नेताम पिता काशीराम उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 पथरिया और चंचल उर्फ छोटु मानिकपुरी पिता स्व. कोमल उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 शांतिनगर पथरिया के रूप में हुई। विधिवत गवाहो के समक्ष तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 04 अलग- अलग पैकेट में 3 किलो 977 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 27,839/- है। गांजा के साथ परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 50,000/- को भी जब्त किया गया। जब्त गांजा एवं सामग्री की कुल कीमत 77,839/- है। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट का पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

# स्कूल पहुंचना हुआ आसान: सरकार की पहल से 36 छात्राओं के हाथों में साइकिल

पायनियर संवाददाता ᐸ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामचंद्रपुर विकासखंड स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरागाही में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत 36 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने के उददेश्य से आयोजित यह कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्हैया लाल अग्रवाल थे, जबकि अध्यक्षता सुनील तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में शैलेष कुमार गुप्ता, अरुण कुमार केशरी, डॉ.राकेश गुप्ता, कर्णधर राय,कमल मंडल, सरपंच कमला सिंह, उपसरपंच मीना गुप्ता, अनिता कश्यप, संजय गुप्ता, राकेश गुप्ता एवं विकास गुप्ता मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि कन्हैया लाल अग्रवाल ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ÷सरकारी योजनाओं का वास्तविक उददेश्य शिक्षा की राह में आने वाली बाधाओं को कम करना है। साइकिल मिलने से छात्राओं की पहुंच आसान होगी और विद्यालय संचालन में निरंतरता बढ़ेगी। विधायक प्रतिनिधि शैलेष कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में हुई थी और इसे प्रदेश की सभी सरकारों ने जारी रखा। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में अनुकरणीय और स्थायी प्रभाव छोड़ने वाली योजना बताया। विद्यालय के प्राचार्य आनंद पाठक ने कहा कि शासन द्वारा छात्रहित में गणवेश,पाठ्यपुस्तकें और सरस्वती साइकिल जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे शिक्षा ग्रहण करना अधिक सहज और सुगम हुआ है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक विजय कश्यप, कंचन माला गुप्ता, सुलेख प्रसाद, जयकुजूर टोप्पो, रंजना सिंह, प्रमोद मेहता, हेरम्ब प्रसाद पटेल, इंद्रावती सिंह, महेंद्र राम यादव, दौलत राम देवांगन, रविंद्र गुप्ता, विनय गुप्ता, अभिजीत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# न्यायालय से वारंट जारी पर आरोपी गायब पीड़ित ने कहा : परिवार खतरे में

पायनियर संवाददाता ᐸ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



अपराध क्रमांक 176/2024 के तहत दर्ज गंभीर आपराधिक प्रकरण में पांच आरोपियों के अब तक गिरफ्तार न होने को लेकर पीड़ित पक्ष ने सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रार्थी राजेश सोनी ने आईजी को लिखे आवेदन में कहा कि मामले के प्रमुख आरोपी बिक्की सिंह, रोहित कुमार सिंह, राधेश्याम उर्फ श्याम पासवान, डब्लू प्रसाद गुप्ता और रविकांत पासवान लंबे समय से फरार चल रहे हैं, जबकि न्यायालय ने उन्हें स्थायी गिरफ्तारी वारंट के साथ वांछित घोषित कर रखा है। रामानुजगंज थाना क्षेत्र में 2024 में दर्ज हुए इस प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6), 310(6), 311, 312 तथा आयुध अधिनियम की धाराएं 25 और 27 के तहत कुल दस आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई में आनंद सोनी, मानू सोनी उर्फ राजा सोनी, राहुल मेहता, अरविंद कुमार और अंजनी एक्का को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था। मामले की विवेचना के बाद प्रकरण प्रधान सत्र न्यायाधीश, बलरामपुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने 11 नवंबर 2025 को विचारण पूर्ण करते हुए पांच आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया। आरोपी बिक्की सिंह,रोहित कुमार सिंह और राधेश्याम पासवान सुनवाई के दौरान ही अनुपस्थित हो गए थे। जिस पर अदालत ने 24 अक्टूबर 2025 को तीनों को फरार घोषित कर स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वहीं डब्लू प्रसाद गुप्ता और रविकांत पासवान को भी मामले में फरार दर्शाया गया है, जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी व संपत्ति जप्ती की कार्यवाही लंबित बताई गई है। प्रार्थी राजेश सोनी ने अपने आवेदन में कहा है कि पाँचों आरोपी अभियोजन और न्यायालय की प्रक्रिया से बचते हुए खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे उन्हें और उनके परिवार को लगातार जान का खतरा बना हुआ है। उनका कहना है कि पुलिस थाना रामानुजगंज द्वारा अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने आईजी से गुहार लगाई है कि थाना रामानुजगंज को तत्काल सख्त निर्देश जारी किए जाएँ,ताकि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो सके।

### बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई कर बेहतर भविष्य बनाने किया प्रोत्साहित

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर में न्योता भोज कार्यक्रम, कलेक्टर और सीईओ ने बच्चों के साथ किया न्योता भोज

पायनियर संवाददाता ᐸ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड मुंगेली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर में पारंपरिक 'न्योता भोज' कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ पंक्तिबद्ध बैठकर भोजन किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का स्वागत किया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी छत्तीसगढ़ का भविष्य हैं। यदि सफलता के लिए सच्चा जुनून हो, तो सीमित संसाधन भी बाधा नहीं बनते। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी लगन और मेहनत से अध्ययन करने, सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट का उपयोग करने तथा माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने का संदेश दिया। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इसी विद्यालय का एक पूर्व छात्र आज जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है, जो यह दर्शाता है कि ग्रामीण परिवेश से भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने का लक्ष्य रखने का आह्वान किया। विद्यालय की प्राचार्य पूर्णिमा मिश्रा ने बताया कि 'न्योता भोज' का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाईचारा, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना विकसित करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय पिछले 55 वर्षों से संचालित है, जहां वर्तमान में 775 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और सभी को नियमित रूप से मध्यान्ह भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2025-26 में विद्यालय की मरम्मत, रंगाई-पुताई, किचन शेड़ निर्माण, स्टाफ रूम तथा पेयजल व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न किए गए हैं। 'मिशन 90 प्लस' के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं एवं शैक्षणिक गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक रामभजन देवांगन का सम्मान किया गया। साथ ही शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर जर्जर भवनों के व्यवस्थापन, बाउंड्री वॉल निर्माण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एल पी. डाहिरे, बीईओं जीतेन्द्र बावरे सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं.की उत्तरदायी कंपनी)CIN-U40108CT2003SCG015820
कार्यालय कार्यपालन अभियंता 400 के.व्ही. उपकेन्द्र संभाग, रैता (रायपुर)
बेवसाइट :www.cspc.co.inई-मेल-ee400kvssd.raita@cspc.co.in GSTIN - 22AADCC5773E1ZX
क्रमांक :10-64/Veh./ 594 रैता, दिनांक 09.12.2025
//निविदा आमंत्रण सूचना //
SUV (earlier Jeep) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु
कार्यपालन यंत्री (400 के.व्ही. उपकेन्द्र )संभाग, रैता (रायपुर) के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier Jeep) श्रेणी समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध 03 (तीन वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा जमा करने की तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालन यंत्री (400 के.व्ही. उपकेन्द्र) संभाग,रैता (रायपुर) के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier Jeep) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध 03 (तीन वर्ष) हेतु | दिनांक 29.12.2025. समय 17:00 बजे तक | दिनांक 30.12.2025. समय 15:00 बजे तक | दिनांक 30.12.2025. समय 15:30 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है । Samvad-46178/2
कार्यपालन यंत्री
(400 के.व्ही. उपकेन्द्र) संभाग
छ.ग.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि. रैता (रायपुर)
स्वहित एवं राष्ट्रहित हेतु ऊर्जा बचायें

## संपादकीय

# भारत-रूस में साझेदारी नई आर्थिक संरचना की घोषणा

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में एक सक्रिय और आवश्यक घटक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल एक कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थायी प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं। इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा दृष्टिकोण की दृढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में, जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली एक साहसिक पहल भी है। भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रुपये और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है। शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सुदृढ़ करेगा। फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्टरी की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है।

# लोकतंत्र की जिम्मेदारी और सहभागिता की अनिवार्यता

किशन सनमुखदास भावनानी




वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र किसी भी राष्ट्र का केवल राजनीतिक ढांचा नहीं बल्कि सामाजिक चेतना, नागरिक अधिकारों और जनभागीदारी की संयुक्त अभिव्यक्ति है। विश्व के हर बड़े लोकतंत्र भारत, अमेरिका फ्रांस, जापान, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका ने यह स्पष्ट रूप से सीखा है कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के बिना लोकतांत्रिक संस्थाएँ मात्र औपचारिक ढाँचे में बदलकर रह जाती हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि ऐसे समय में मतदाताओं का मतदान के प्रति उत्साह किसी भी राष्ट्र के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य का सबसे विश्वसनीय सूचक माना जाता है। जब नागरिक स्वयं यह मान लें कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा एक सामाजिक अनुशासन है, तब मतदान का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। इसी व्यापक दृष्टि के साथ आज मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया नगर परिषद के नगर अध्यक्ष और दो पार्षदों के लिए मतदान केवल एक स्थानीय नागरिक दायित्व नहीं, बल्कि वैश्विक लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। किसी छोटे नगर में होने वाला एक वोट भी विश्व लोकतंत्र के उस विशाल कैनवास पर प्रभाव छोड़ता है, जहाँ नागरिक भागीदारी, राजनीतिक स्थिरता और सामाजिक उत्तरदायित्व आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। मतदान का हर कदम इस तथ्य को मजबूत करता है कि लोकतंत्र तभी सुरक्षित है जब उसका हर नागरिक खुद को इस व्यवस्था का सक्रिय रक्षक समझता है। गोंदिया जैसे नगर में यदि मतदान का प्रतिशत अधिक होता है, तो यह सिर्फ एक स्थानीय उपलब्धि नहीं होगी, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक परंपरा को वैश्विक स्तर पर यह संदेश देगा कि यहाँ के नागरिक हर परिस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सर्वोच्च महत्व देते हैं। आज विश्व में कई लोकतंत्र मतदाता उदासीनता, गलत सूचना और जन विश्वास संकट से गुजर रहे हैं। उनके मुकाबले यदि किसी भारतीय नगर में 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की आवाज उठती है, तो यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व लोकतांत्रिक समुदाय के लिए प्रेरणा का विषय बन सकता है।

साथियों बात अगर हम मतदाताओं का उत्साह:लोकतंत्र को मजबूत बनाने की सार्वभौमिक शक्ति है इसको समझने की करें तो, विश्व इतिहास में कई ऐसे उदाहरण मौजूद हैं जहाँ कम मतदान या मतदाता उदासीनता ने लोकतंत्र को कमजोर किया और राजनीतिक ढाँचों को अस्थिरता की ओर धकेल दिया। राजनीतिक अस्थिरता, जन असंतोष, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अक्षमताएँ अक्सर वहीं अधिक पनपती हैं जहाँ नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग कम करते हैं। इसके विपरीत, जहाँ मतदाता जागरूक होते हैं और 70-80 प्रतिशत या उससे भी अधिक मतदान दर दर्ज की जाती है, वहाँ की राजनीतिक प्रणाली अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सहभागी बनती है। मतदाताओं का उत्साह केवल वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहता बल्कि राजनीति में जनता की भूमिका को उच्च स्तर पर ले जाता है। यह उत्साह राजनीतिक दलों को भी संदेश देता है कि जनता अब निष्क्रिय नहीं है;वह शासन, निर्णय और नीतियों पर नजर रखती है। इस जागरूकता से शासन तंत्र में सुधार, अधिक पारदर्शिता, कुशल सेवा वितरण और नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप नीतियों का निर्माण सहज और सटीक रूप से आगे बढ़ता है। साथियों बात अगर हम जागरूक मतदाता बनने की वैश्विक जिम्मेदारी लोकतंत्र को 100 प्रतिशत भागीदारी तक ले जाने का संकल्प करने की करें तो, 21वीं सदी की राजनीति में वैश्विक लोकतंत्र अनेक दबावों से गुजर रहा है डिजिटल गलत सूचना, सोशल मीडिया पर पूर्वाग्रह निर्माण, चुनावों में धन बल का प्रभाव, राजनीतिक ध्रुवीकरण, और नॉन डेमोक्रेटिक विचारधाराओं का उभार। ऐसे समय में जागरूक मतदाता होने का अर्थ केवल मतदान करना नहीं, बल्कि सूचित मतदान, विवेकपूर्ण निर्णय औरसामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी है जागरूक मतदाता तीन प्रमुख भूमिकाएँ निभाता है (1)तथ्यों पर आधारित निर्णय लेने वाला नागरिक, (2) लोकतंत्र को दिशा देने वाला सक्रिय सहभागी, (3) वैश्विक लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक और संवाहक। इस संदर्भ में 100 प्रतिशत भागीदारी केवल एक सांख्यिकीय लक्ष्य नहींबल्कि लोकतांत्रिक आदर्शवाद का आधुनिक रूप है। दुनिया के लोकतांत्रिक विशेषज्ञ आज यह तर्क देते हैं कि जितनी अधिक भागीदारी, उतना अधिक मजबूत लोकतंत्र। 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य एक नगर या शहर की सीमाओं से बहुत आगे जाकर राष्ट्र और विश्व को यह संदेश देता है कि नागरिक लोकतंत्र के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। गोंदिया नगर अगर 100 प्रतिशत मतदान की दिशा में कदम बढ़ाता है, तो यह केवल स्थानीय स्तर पर स्वर्णिम क्षण नहीं होगा, बल्कि यह विश्व लोकतंत्र के लिए एक नया अध्याय होगा जो यह बताएगा कि विकसित होते समाज में नागरिकों की सक्रियता किस तरह लोकतांत्रिक ढांचे को नई ऊर्जा से भर देती है। आज, जब कई देशों में मतदान प्रतिशत गिर रहा है, भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के छोटे नगर यदि 100 प्रतिशत मतदान की मिसाल रखते हैं, तो यह लोकतंत्र के भविष्य को लेकर एक सकारात्मक वैश्विक संदेश है कि राजनीतिक व्यवस्था में जनता की भागीदारी अभी भी सबसे शक्तिशाली परिवर्तनकारी शक्ति है। साथियों बात अगर हम आज 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया में मतदानःस्थानीय कर्तव्य से वैश्विक प्रतिबद्धता तक की यात्रा इसको समझने की करें तो, आज 2 दिसंबर 2025 को गोंदिया नगर परिषद चुनाव में मतदान करना केवल एक व्यक्तिगत दायित्व नहीं बल्कि वह वैश्विक विमर्श भी है जो लोकतंत्र की रक्षा और सुदृढ़ीकरण के लिए विश्व स्तर पर चल रहा है। जब एक नागरिक सुबह उठकर मतदान केंद्र तक जाता है, अपनी पहचान दर्ज कराता है, और ईवीएम मशीन के सामने खड़े होकर एक बटन दबाता है तो यह एक साधारण घटना लग सकती है। लेकिन वास्तव में यह वैश्विक लोकतंत्र की बुनियाद में जुड़ने वाली एक महत्वपूर्ण अमूल्य ईंट होती है। साथियों बातें कर हम विश्वभर में कई सामाजिक वैज्ञानिक के विचारों को समझने की करें तो वे यह मानते हैं कि लोकतंत्र और नागरिक भागीदारी के बीच जितना गहरा संबंध भारत जैसे देशों में देखने को मिलता है, उतना कम ही अन्य स्थानों पर दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि यहाँ लोकतंत्र जन आंदोलनों संघर्षों और सामाजिक जागृति की लंबी यात्रा से विकसित हुआ है। इसलिए भारत का हर नागरिक अपने वोट के महत्व को भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक सभी आधारों पर गंभीरता से समझ सकता है। गोंदिया के चुनावों में मतदान करने के बाद महसूस होने वाला गर्व केवल इसलिए नहीं है कि हमने अपना दायित्व निभाया, बल्कि इसलिए भी कि आपने विश्व लोकतंत्र के स्वास्थ्य में अपना योगदान दिया। आपका यह वोट वैश्विक समुदाय को यह बताता है कि नागरिक चाहे किसी भी स्तर के चुनाव में हों नगरा जिला, राज्य या केंद्र उनकी चेतना राजनीतिक स्थिरता और लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा के लिए पूरी तरह जागृत है। साथियों बात अगर हम मतदानः राजनीतिक संस्कृति का सशक्त स्तंभ इसको समझने की करें तो, राजनीतिक संस्कृति केवल सरकार, संविधान या राजनीतिक दलों से नहीं बनती, यह बनती है नागरिक चेतना से। मतदान इस संस्कृति का सबसे सशक्त स्तंभ है। यह नागरिकों को यह अहसास दिलाता है कि वे केवल शासन के विषय नहीं बल्कि व्यवस्था के निर्माता हैं। मतदान यह सुनिश्चित करता है कि (1) सत्ता जवाबदेह बनी रहे, (2) नीतियाँ जनता-केंद्रित रहें, (3) नेताओं का चुनाव मेरिट, नीतियों और जनहित के आधार पर हो, (4) समाज में समानता, न्याय और पारदर्शिता की भावना बने। जब नागरिक मतदान से दूर रहते हैं, तो वे अनजाने में अपने भविष्य के निर्णयों का अधिकार दूसरों को सौंप देते हैं। लेकिन जब वे सक्रिय होकर आगे आते हैं, तो लोकतंत्र अधिक स्थिर, मजबूत और जन-उत्तरदायी बनता है।

साथियों बात अगर हम गलत सूचना, ध्रुवीकरण और वैश्विक चुनौतियों के युग में मतदान क़े महत्व को समझने की करें तो, आज दुनिया का हर बड़ा लोकतंत्र गलत सूचना, गहरे राजनीतिक ध्रुवीकरण, और डिजिटल प्रोपेगेंडा जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और डिजिटल इकोसिस्टम ने सूचनाओं को तेज बनाया है, परंतु उनकी विश्वसनीयता को कमजोर भी किया है। ऐसे माहौल में नागरिकों के लिए सूचित निर्णय लेना आसान नहीं रहा। इसलिए जागरूक मतदाता का महत्व और बढ़ जाता है। वह (1) तथ्य और अफवाह के बीच अंतर करता है, (2) प्रचार और वास्तविकता को अलग पहचानता है, (3) मताधिकार को भावनाओं नहीं, विवेक से जोड़ता है, (4) और राजनीतिक भाषा के बजाय नागरिक हितों को प्राथमिकता देता है। गोंदिया में मतदान कर लौटना इस जागरूकता का प्रमाण है कि नागरिक तथ्य आधारित निर्णय लेते हैं और लोकतंत्र को गलत सूचना तथा भ्रामक प्रचार के हमलों से बचाने के लिए तैयार हैं।

साथियों बात अगर हम 100 प्रतिशत मतदान का संकल्पः केवल लक्ष्य नहीं, नागरिक चेतना का प्रतीक इसको समझने की करें तो, 100 प्रतिशत मतदान किसी चुनाव आयोग के अभियान का नारा भर नहीं है। यह नागरिक चेतना का वह स्तर है जहाँ लोग समझते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनाव दिवस पर सक्रिय होने से नहीं, बल्कि हर चुनाव में अपनी भूमिका निभाने से आगे बढ़ता है। यदि गोंदिया 100% मतदान का लक्ष्य प्राप्त कर लेता है, तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि विश्व लोकतंत्र के लिए एकऐतिहासिक संदेश होगा, कि एक नगर भी वैश्विक लोकतंत्र को नई दिशा दे सकता है।

# जीडीपी ग्रोथ-जीएसटी सुधार से हुआ चमत्कार

बीपी गौतम

> क्योंकि गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था औसत से कम 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। विनिर्माण उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी, वहीं निर्माण क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी।

भारत की जीडीपी ग्रोथ ने अर्थशास्त्रियों को भी स्तब्ध कर दिया है। जीडीपी ग्रोथ के पीछे कई कारण हैं पर, सबसे बड़ा कारण जीएसटी में किया गया सुधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के चलते जीएसटी सुधार से ही चमत्कार हुआ है। देश के अंदर उत्पादन बढ़ा है पर, जीडीपी ग्रोथ को बनाये रखने के लिये उपभोग भी बढ़ाना होगा। मध्यम वर्ग अभी आशंकित है, वह पूंजी को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहा है, इसलिए मध्यम वर्ग का विश्वास जीतना होगा। आरबीआई को मध्यम वर्ग के लिए राहत देनी होगी, वहीं डॉलर की तुलना में रुपया कमजोर होता दिख रहा है। हालांकि देश के अंदर रूपये को लेकर कोई अनिश्चितता नहीं है। आम नागरिक भी समझ गया है कि डोनाल्ड ट्रंप की हठधर्मिता से हालात बिगड़ रहे हैं लेकिन, सरकार को स्वाभिमान की रक्षा करते हुये अमेरिका के साथ भी व्यापारिक रिश्ते सहज करने होंगे, इसी विषय पर चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...

सितंबर में समाप्त हुए भारत की दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहे हैं, इस दौरान 8.2 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रही है, जो गत छः तिमाहियों में सबसे अधिक है, यह ग्रोथ उम्मीदों से कहीं अधिक है, इसने अर्थशास्त्रियों को भी स्तब्ध कर दिया है। मजबूत मैन्युफैक्चरिंग और खपत ने जीडीपी उछाल में अहम भूमिका निभाई है। गत वित्त वर्ष-2024-25 की इसी तिमाही में यह ग्रोथ 5.6 फीसदी थी, वहीं चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में यह 7.8 फीसदी थी, जो पांच तिमाहियों का सबसे ऊंचा स्तर था। भारतीय रिजर्व बैंक के 7 फीसदी के अनुमान से भी यह ग्रोथ काफी अधिक है। नॉमिनल जीडीपी यानी, महंगाई को एडजस्ट किए बिना आर्थिक वृद्धि इस तिमाही में 8.7 फीसदी रही। ध्यान देने वाली विशेष बात है कि पहली तिमाही में नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ तीन तिमाहियों के निचले स्तर 8.8 फीसदी पर आ गई थी। जीडीपी के मजबूत आंकड़ों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुये शुक्रवार को कहा कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यम को दर्शाती है। नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर बहुत उत्साहजनक है। यह हमारी विकास-समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को दर्शाती है। यह हमारे लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यमशीलता को भी दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सुधारों को आगे बढ़ाती रहेगी और प्रत्येक नागरिक के लिए जीवन की सुगमता को मजबूत करेगी। जानकारों का कहना है जीडीपी में उछाल त्योहारों से पहले बढ़ी खपत और हाल में लागू जीएसटी सुधारों से संभव हुआ है, जिसने बाजार में अतिरिक्त मांग पैदा की और आर्थिक गतिविधियों को गति दी, यह विस्तार चीन के 4.8 प्रतिशत से अधिक रहा, यह उच्च सार्वजनिक निवेश, सेवाओं की मांग, औद्योगिक उत्पादन और फर्म उपभोग के अलावा निम्न आधार के सांख्यिकीय प्रभावों के कारण हुआ है, क्योंकि गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था औसत से कम 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। विनिर्माण उत्पादन में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.7 प्रतिशत और पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत थी, वहीं निर्माण क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछली तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी। भारतीय अर्थ व्यवस्था के लिये वित्त वर्ष-2025-26 की दूसरी तिमाही खुशी लेकर आई। जीडीपी आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मिले-जुले एवं उत्साहवर्धक संकेत लेकर आए हैं। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में जीडीपी 5.6 प्रतिशत थी। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बीती छः तिमाहियों में सर्वाधिक हैं। नए आंकड़ों में वाणिज्यिक वाहनों और कृषि क्षेत्र में तेजी की बात कही गई है, वहीं निजी कारों की सुस्त बिक्री ने मध्यम वर्ग की चुनौतियों को भी उजागर किया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी किये गये ताजा आंकड़ों में रोचकता दिखाई दे रही है। वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती आवाजाही और निर्माण क्षेत्र में आई तेजी ने औद्योगिक गतिविधियों को नई गति प्रदान की है, वहीं निजी कारों की घटती बिक्री ने मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति पर सवाल कर दिए हैं, जिससे बेहतर आंकड़ों के बावजूद मध्यम वर्ग के लिए अभी चुनौतियां कम नहीं हुई हैं। अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी राहत लॉजिस्टिक्स सेक्टर से मिली है। वाणिज्यिक वाहनों को आर्थिक गतिविधियों का बैरोमीटर माना जाता है, इनकी बिक्री बढ़ी है। पिछले साल समान तिमाही में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 10.7 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन, इस वर्ष 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। ट्रक और लोडर आदि की बिक्री बढ़ने से माना जाता है कि फैक्ट्रियों से माल की ढुलाई बढ़ी है, जो औद्योगिक उत्पादन में तेजी और रोजगार के नए अवसरों का संकेत है, यह टर्नअराउंड बताता है कि सुस्ती का दौर समाप्त हो रहा है। जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार देश में वाणिज्यिक गाड़ियों की मांग बढ़ रही हैं, वहीं मध्यम वर्ग की ओर से खरीदी जाने वाली निजी कारों की बिक्री की गति कम हो गई है। निजी वाहनों की बिक्री वृद्धि दर घटकर 5.9 फीसदी रह गई है, जो पिछले वर्ष 9.9 फीसदी थी, इससे स्पष्ट है कि मध्यम वर्ग अभी भी महंगाई और ऊंचे ब्याज दरों के दबाव में है। लोग अपनी जमा पूंजी बचाने को प्राथमिकता दे रहे हैं और कार जैसी बड़ी खरीदारी से बच रहे हैं, इसीलिए त्योहारों और शादियों के बहाने कंपनियों को भारी डिस्काउंट का सहारा लेना पड़ता है। आंकड़े सामने से खुशी देने वाले दिखाई दे रहे हैं लेकिन, आंशिक तौर पर आंकड़े विरोधाभासी भी दिख रहे हैं। एक ओर भारतीय अर्थव्यवस्था का सप्लाई साइड, जैसे उत्पादन, निर्माण और लॉजिस्टिक्स मजबूती के साथ दौड़ रहा है और औद्योगिक गतिविधियों में ऊर्जा भर रहा है, वहीं दूसरी ओर डिमांड साइड अभी भी कमजोर दिखाई दे रही है अर्थात, उत्पादन के अनुरूप मांग नहीं बढ़ रही है। शहरी क्षेत्र का मध्यम वर्ग बड़ा उपभोक्ता है लेकिन, वह अभी महंगाई और उच्च ब्याज दरों के दबाव में खर्च करने से बच रहा है, इसके विश्वास को जागृत करना बड़ा कार्य करना शेष है, इस वर्ग के अंदर सरकार के कार्य करने के तरीके से ही विश्वास जागृत होगा। अपना बनाने वालों, खरीदारों, डेवलपर्स और रियल एस्टेट निवेशकों के लिए बाजार में गर्माहट आई है। इंफ्रास्ट्रक्चर और हाउसिंग सेक्टर में भारी मांग देखी जा रही है। सीमेंट उत्पादन में 7.3 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष 3.2 फीसदी थी, वहीं स्टील की खपत 8.8 फीसदी की दर से बढ़ रही है, इसका मुख्य कारण सरकार की आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्र की आवास योजनाओं में आई तेजी है, जिससे इसका सीधा श्रेय सरकार को ही जायेगा। हालांकि मांग में इतनी तेज वृद्धि का असर कीमतों पर पड़ सकता है। घर बनाने की योजना बना रहे लोगों को अपने बजट में 5-10 फीसदी का अतिरिक्त खर्च करना पड़ सकता है, क्योंकि कंपनियां आवश्यक उत्पादों की कीमतें बढ़ाकर इसका भार आम उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं। आम आदमी की चिताओं में रसोई का बजट प्रमुख है। आम आदमी के लिए कृषि क्षेत्र से एक राहत भरी खबर है। चावल के उत्पादन की वृद्धि दर बढ़कर 2.9 फीसदी हो गई है, जो पिछले वर्ष मात्र 1.1 फीसदी थी, इसका सीधा लाभ आम आदमी को ही मिलेगा। चावल के उत्पादन में तीन गुना बढ़ोतरी खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। बाजार में आपूर्ति बढ़ने से चावल की कीमतों में स्थिरता आने की संभावना जताई जा रही है, इससे खाने की थाली पहले की तुलना में कम महंगी हो सकती है, इससे ग्रामीण आय को सुधारने में मदद मिल सकेगी। डिजिटल क्षेत्र में भारत ने एक और लंबी छलांग लगाई है। देश में टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या में 3.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। आंकड़ा छोटा दिख सकता है लेकिन, गत वर्ष की 0.8 फीसदी की वृद्धि की तुलना में यह चार गुना अधिक है, जो उपलब्धि ही कही जायेगी। जीडीपी से जुड़ा यह अहम आंकड़ा बताता है कि ग्रामीण भारत तेजी से डिजिटल नेटवर्क से जुड़ रहा है, इससे यूपीआई और ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार न सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित रहेगा बल्कि, सुदूर ग्रामीण अंचलों तक अपनी पैठ बनायेगा, इससे ई-कॉमर्स, डिजिटल भुगतान और टेली-मेडिसिन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जिसकी मदद से एक समावेशी डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने में मदद मिलेगी।




## आप की बात

### फिर जड़ों की ओर लौट रही बसपा

प्रदेश की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौट रही है एवं खोए हुए जन आधार को पुनः प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले 6 महीने से राज्यवार बैठकों को दौर जारी है। मायावती के नेतृत्व में दलित मुस्लिम और पिछड़े वर्गों को एकजुट करने की रणनीति पर जोर दिया जा रहा है। 9 अक्टूबर को काशीराम की पुण्यतिथि एवं 6 दिसंबर को डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि पर नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था। महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पार्टी दलित समाज की भावनाओं को मजबूत करने और अन्य समुदायों को जोड़ने का प्रयास किया है, क्योंकि अंबेडकर के विचार बसपा की विचारधारा का आधार हैं और ऐसे कार्यक्रमों से पार्टी अपने कोर वोट बैंक को मजबूत करने के साथ-साथ मुस्लिम और ओबीसी समुदायों तक पहुंच बना रही है। अगर यह रणनीति कामयाब रही तो 2027 में बसपा न केवल अपनी सीटें बढ़ाएगी बल्कि सत्ता पक्ष के सामने एक मजबूत चुनौती पेश करेगी। बसपा अध्यक्ष मायावती की सक्रियता यू पी चुनाव में भाजपा कांग्रेस सपा को एक बड़ी चुनौती पेश करेगी। बस पार्क इन सभी गतिविधियों की और सक्रियता की पहली परीक्षा उत्तर प्रदेश के फरवरी में होने वाले पंचायती चुनाव है इन चुनाव के सफलता ही 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा की मध्य प्रदेश के आधार बन सकते हैं।

वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

### लोकतंत्र के हित में स्वार्थी राजनीति त्यागें नेतागण

राजनीति करें व राजनेता बनें यह जनतंत्रीय अधिकार है सबको. पर लोकतंत्र के हित में विवादित बयानबाजी और विवादित काम करने एवं उसपर स्वार्थपरक राजनीति करने से वे बचें ताकि किसी तरह के कोई विवाद उत्पन्न न हों और जनभावना व जनजीवन सदैव सामान्य बने रह सकें. पिछले काफी समय देखा जा रहा कि कतिपय नेता दोमुंही बातें करना, विवादित बयानबाजी करना फिर जब विवाद बढ़ जाए तो या तो माफ़ी मांग लेना या अपने बयान से पलट जाना अथवा बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप मीडिया पर तुरंत लगा देना/पार्टी द्वारा व्यक्तिगत बया का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लेना. अभी तक तो कतिपय नेता विवादित बयानबाजी ही अभी तक तो कतिपय नेता विवादित बयानबाजी ही करते रहे हैं, अब तो वे किसी की भावनाओं पर क्या प्रभाव/दुष्प्रभाव पड़ेगा/पड़ सकता है उसका भी बगैर ख्याल रखे स्वार्थ की राजनीति के चलते करने में भी नहीं झिझक रहे हैं. ऐसी भावनात्मक/विवादित राजनीति में लिप्त नेता हो नागरिक प्रशासन/शासन या राज्य/केंद्र सरकार को ध्यान देना चाहिए ताकि किसी भी तरह का कहीं भी विवाद पैदा न होने पाए. क्योंकि लोकतंत्र के हित में विवादित बयानबाजी/कार्य न तो उचित है और न ही संवैधानिक।

शकुंतला महेश नेनावा, 57, गिरधर नगर (तिलक नगर के पास), इंदौर (म.प्र.).

### घुसपैठियों की इतनी तरफदारी क्यूं

भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने देश में लगातार ही घुसपैठ कर रहे रोहिंग्याओं की गिरफ्तारी के बाद उनकी जानकारी न मिलने का मुद्दा उठाने वाली याचिका की सुनवाई पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्या भारत सरकार ने इन रोहिगयाओ को आज शरणार्थी का दर्जा दे दिया है,अगर हां, तो सरकार को इसका आदेश दिखाना चाहिए। हमारे देश में भी आज काफी गरीब लोग हैं। उनके भी कुछ अधिकार है , अतः क्या उनके बारे में नहीं सोचा जाना चाहिए।कहा जा सकता है कि हमारे देश में भी आज के समय में काफी मात्रा में बंगलादेशी रोहिंग्या घुसपेठिऐ घुस आये है जिन्हें आज शरणार्थी का दर्जा देकर उन्हें हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।अतः यह एक तरह से अनुचित ही कहा जाऐगा। इस पर जब माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी की है तो इसका हम दिल से स्वागत करते हैं। कारण आज यह सरकार का दायित्व है कि वह देश में लगातार ही घुसपैठ करते जा रहे बंगला देशी शरणार्थीयों पर आज न केवल सख्ती से नजर रखे बल्कि उन्हें हमारे देश से बाहर निकालने की भी जरूरत है।

एमएम राजावत राज, न्यू रोड शाजापुर।

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

# बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर लोकार्पण एवं बर्ड सफारी का शुभारंभ

## विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, दुर्ग वन मंडल द्वारा स्थापित बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर का लोकार्पण एवं बर्ड सफारी का औपचारिक शुभारंभ ग्राम नगधा में आयोजित किया गया। प्राकृतिक संपदा से समृद्ध इस क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केदार कश्यप मंत्री (वन एवं जलवायु परिवर्तन) तथा खाद्य मंत्री दयालदास बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने पूरे आयोजन को एक ऐतिहासिक व पर्यावरण-अनुकूल पहल बताया। कार्यक्रम मे विधायक दीपेश साहू ने विशेषज्ञों के साथ विभिन्न जलविधि पक्षियों एवं स्थानीय प्रजातियों का अवलोकन किया। सेंटर में स्थापित प्रदर्शनी ने जैव विविधता, पक्षिविज्ञान और प्राकृतिक आवासों के महत्व को समझने में दर्शकों की मदद की। इसके साथ ही बर्ड सफारी ने उपस्थित जनों को वास्तविक प्राकृतिक आवासों में पक्षियों का सजीव अनुभव प्रदान किया। इस दौरान अपने उद्बोधन में विधायक दीपेश साहू ने कहा गिधवा-परसदा और नगधा प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ स्थापित बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण शिक्षा, जैव विविधता संरक्षण और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने का मजबूत माध्यम बनेगा। यह पहल वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है, जिससे न केवल स्थानीय निवासियों को आर्थिक अवसर मिलेंगे बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान एक प्रकृति-संरक्षक राज्य के रूप में और भी सशक्त होगी। उन्होंने आगे कहा मैं दुर्ग वन मंडल की पूरी टीम, क्षेत्रीय अधिकारियों और ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। प्रकृति और जैव विविधता की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, और इस प्रकार के प्रयास पूरे समाज में पर्यावरणीय चेतना को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी, ग्रामीण, विद्यार्थी, प्रकृति प्रेमी और वन अधिकारी शामिल रहे।

# आईपीएल की तर्ज पर जेपीएल का आगाज जेपीएल 2025 सीजन 3 क्रिकेट स्पर्धा

## फ्लड लाईट में 8 टीमों के मध्य होगा मुकाबला

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर के खेल मैदान में जेपीएल जैन प्रीमियर लीग के सीजन-3 का भव्य शुभारंभ हुआ। आईपीएल की तर्ज पर प्रारंभ जेपीएल क्रिकेट स्पर्धा के लिए 8 टीमें तय की गई है। सभी टीमों को फ्रेंचाइजी सिस्टम के तहत खरीदी गई है। ऑक्शन में पॉइंट्स के जरिए टीमों का चयन किया गया है। जेपीएल सीजन 3 के शुभारंभ जैन समाज के ओदधिकारियों के आतिथ्य में किया गया। पहले मैच में ऋषभ लायंस और बाउंड्री ब्लास्टर्स के बीच हुआ, जिसमें बाउंड्री ब्लास्टर्स ने 10 रन से सनसनीखेज जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच मोक्ष जैन रहे। दूसरे मैच में प्रशांत पैंथर्स ने धमाकेदार बल्लेबाज़ी और घातक गेंदबाज़ी के दम पर विपिन विक्टर्स को 19 रन से शिकस्त दी। मैन ऑफद मैच सक्षम जैन लल्ली रहे। तीसरे मैच में सानिध्य समशेर ने संतोष ज्वेलर्स को 5 विकेट से पटखनी दी। मैन ऑफ द मैच शुभम जैन लल्ली रहे। कमेंट्री जयद जैन ने की। अम्पायरिंग लक्ष्मण जी व राजपूत ने की।

### इन फ्रेंचाइजी टीमों के मध्य मैच

जेपीएल में 8 क्रिकेट टीमें प्रशांत पैंथर (मालिक प्रशांत जैन स्वप्निल), संतोष ज्वेलर्स (मालिक सुयंक जैन), बाउंड्री ब्लास्टर्स (मालिक आशीष जैन 'आशु'), एलआईसी लीजेंड्स (मालिक संदीप जैन), स्वस्तिक रॉयल्स (मालिक नवीन जैन), ऋषभ लायंस (मालिक सौरभ जैन), सानिध्य समशेर (मालिक सजल जैन) और विपिन विक्टर्स (मालिक विपिन जैन) शामिल की गई हैं।

# गंभीर लापरवाही पर जिला सीईओ ने किया ग्राम पंचायत गर्रा के सचिव को निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला बेमेतरा के जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत गर्रा के सचिव नरेश वर्मा को पदस्थ दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही और उदासीनता बरतने पर निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जनपद पंचायत साजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गर्र के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर 29 अगस्त 2025 को निरीक्षण किया गया, जिसमें पंचायत कार्यालय बंद पाया गया। इसके अलावा 29 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना एवं छ.ग. राज्य ग्रामीण क्षेत्र विकास प्राधिकरण योजना के तहत अनुमोदित कार्यों की समीक्षा बैठक में भी सचिव अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि निरस्त कार्यों की राशि जमा नहीं करने के संबंध में सचिव को नोटिस जारी किया गया था, जिसका उत्तर आज तक प्रस्तुत नहीं किया गया। आदेशों और निर्देशों की लगातार अवहेलना को गंभीर मानते हुए छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के उपनियम 4(1) के तहत प्रभारी जिला पंचायत सीईओ प्रकाश भारद्वाज ने, सचिव नरेश वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत साजा निर्धारित किया गया है। साथ ही, नियमों के अनुसार उन्हें निलंबन भत्ता प्राप्त होगा। उनके स्थान पर लीलूराम पटेल, सचिव ग्राम पंचायत रमपुरा को ग्राम पंचायत गर्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।


कार्यालय जिला पंचायत – बेमेतरा (छ.ग.)

# बेमेतरा में अतिक्रमण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, नगर पालिका टीम रही सक्रिय



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शहर में बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। शुरू हुई इस मुहिम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष, समेत प्रमुख अधिकारी और नगरपालिका कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रही। शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड मार्ग और प्रमुख चौराहों पर अवैध कब्जों को हटाते हुए प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि नगरपालिका सीमा में किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान दुकानों के सामने बढ़ाए गए शेड, पक्के प्लैटफॉर्म, अवैध ठेले और सड़क किनारे बनी संरचनाओं को हटाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्रवाई आम नागरिकों की सुविधा और सुगम यातायात के लिए आवश्यक थी। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और शहर को स्वच्छ तथा व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। बाजार रोड़ पर दुकान सामने समान रखने पर 11हजार रुपए बाजार रोड़ पर नगर पालिका पुलिस विभाग के द्वारा दुकान के सामने रखें सामान को भी हटाने पहुंचे जहां पर सभी दुकान दारों अपनी समान स्वयं हटाने लगे यहां दुकानदारों से आग्रह किया गया कि दुकान के सामने समान न रखें इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि इस रोड़ पर दुकानदारों ने कहा कि दुकान सामने जो भी समान रखेंगे उन्हें 11हजार रुपए जुर्माना और समान को जप्त किया जायेगा बेमेतरा के नागरिकों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि ऐसे प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# धर्म स्तंभ काउंसिल के महंत सुरेंद्र दास की मुख्यमंत्री से सौहार्दपूर्ण भेंट




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

संत समाज के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर दास, बिरंची नारायण मंदिर के वैष्णव महंत,धर्म स्तंभ काउंसिल और नवागढ़ राम जानकी मंदिर के महंत सुरेन्द्र दास ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके अवेट सभागार में सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस भेंट में प्रदेश के मठ मंदिरों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई प्रमुख माँगो के विषय में धर्म स्तंभ काउंसिल के महंत सुरेंद्र दास ने बताया कि मठ मंदिरों की कृषि उपज की सरकारी खरीद व बोनस के लिए संत समाज ने अनुरोध किया प्रदेश के सभी मठ एवं मंदिरों द्वारा उत्पादित कृषि उपज की सरकारी खरीद की व्यवस्था की जाए,साथ ही उपज पर उपयुक्त बोनस दिए जाने संबंधी निर्देश प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किए जाएं।

### बस्तर का प्राचीन नाम 'दंडकारण्य' पुन: उल्लेखित किए जाने की मांग

संत समाज ने बस्तर के ऐतिहासिक स्वरूप को सम्मान देने हेतु इसका प्राचीन पवित्र नाम 'दंडकारण्य' पुनः राजपत्र में उल्लिखित किए जाने का आग्रह रखा। महंत सर्वेश्वर दास ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को रतनपुर में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय संत सम्मेलन हेतु संत सम्मेलन में ससम्मान आमंत्रित किया। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने बयान जारी करते हुए कहा कि वैष्णव परम्परा के सभी मठ-मंदिरों में महंतो की नियुक्ति प्राचीन आदिकाल से चली आ रही वैष्णव मर्यादा और परंपरा के अनुसार ही सुनिश्चित की जाए।

### मठ मंदिरों के संपत्तियों पर अवैध कब्जा जमाए बैठे माफियाओ पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विषयों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा संत समाज छत्तीसगढ़ का मार्गदर्शक है। उनके आशीर्वाद से ही प्रदेश के मंगल कार्य पूर्ण होते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि संतों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी तथा शासन उनकी सभी युक्ति संगत मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करेगा। रतनपुर संत सम्मेलन के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा किसंत समाज के सान्निध्य में उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विजय शंकर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाकर किया जा रहा है कुष्ठ रोगियों की पहचान

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

घर में खुशहाली हो मन में हो विश्वास, कुष्ठ मुक्त जिले में सबका हो विकास थीम को लेकर दल्ली राजहरा नगर में निःशुल्क त्वचा जांच, उपचार एवं परामर्श अभियान के अन्तर्गत 9 दिसम्बर को वार्ड क्रमांक 14 में घर घर जाकर दाग धब्बे की जांच करके कुष्ठ रोगी की खोज कर रहे हैं। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने अभियान की जानकारी दिया, कुष्ठ के लक्षण को बताया, चमडी पर तेलिया तामिया चमक हो,शरीर के किसी एक भाग में पसीना नहीं आता हो, सूखापन रहता हो, भोजन पकाते समय चमडी में बार बार फफोले आना, जलने का पता ही न लगता हो, पैर के तलवे में घाव हो जाये और भरता न हो, हाथ की ऊंगली की पकड़ कमजोर हो जाये, पैर के पंजा अचानक झूल जाये, कलाई अचानक झूल जाना, नाक ठस हो जाय और खून निकलता हो, हाथ पैर में भोथरापन, इस लक्षण वाले व्यक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलाकसा में स्वास्थ्य परीक्षण करवा सकते हैं। अभियान में स्वास्थ्य कर्मचारीगण एवं मितानीनगण सेवा दे रहे हैं। अभियान में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय ठाकुर का मार्गदर्शन मिल रहा है।

# शासन द्वारा निर्धारित समय में धान खरीदी नहीं की जा सकती : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया है कि राज्य के भाजपा शासन द्वारा धान खरीदी के लिए जो प्रतिदिन का लिमिट तय किया गया है और निर्धारित अंतिमतिथि धान खरीदी की रखी गई है जितने दिन अवशेष बच गए हैं उसमें संभव ही नहीं की किसानों के धान की खरीदी की जा सके भाजपा की सरकार धान की खरीदी ही नहीं करना चाहती यही कारण है कि वह किसानों के सामने नित नए रोडे अटकाने का काम कर रही है पूर्व विधायक ने आज बेमेतरा जिले के डूडा एवं देवरबीजा सोसाइटियों का दौरा किया जहां किसानों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया इस दौरान अधिकांश किसानो का कहना था कि प्रतिदिन सोसाइटी में धान खरीदने की लिमिट बहुत ही काम है बहुत कम दिन बचे हैं अब धान खरीदी के लिए कर्ज लेकर खेती करने वाले किसान को आखिर यह सरकार परेशान क्यों कर रही है ज्यादा अच्छा है कि राज्य सरकार प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ाएं और शासन द्वारा निर्धारित धान खरीदी के लिए अंतिम तिथि को भी बढ़ाया जाने की आवश्यकता है सभी सोसाइटी एवं धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था फैली हुई है किसान परेशान है टोकन कट नहीं रहा है भाजपा की यह निकम्मी सरकार सिर्फ किसानों को लूटने का काम की है किसानों से धान की खरीदी ना करना पड़े यही सोच कर आज सभी सोसाइटियों में धान की ट्रांसपोर्टिंग नहीं हो रही है धान जाम पड़ा हुआ है किसानों का बड़ी मुश्किल से टोकन कट रहा है उनके धान तौलने की समस्या आ रही है क्योंकि सोसाइटियों के पास रखने की जगह नहीं है धान का ट्रांसपोर्टिंग बंद है भाजपा सरकार मौन साधकर बैठी हुई है यहां के भाजपा जनप्रतिनिधि अपनी आंखें मूंद कर चिर निद्रा में शयन कर रहे हैं किसानों के धान की तौल में प्रति क्विंटल लगभग 1 किलो की दर से धान की चोरी की जा रही है और यह सब भाजपा नेताओं के इशारे पर किया जा रहा है पूरे प्रदेश पर लगभग यही स्थिति बनी हुई है भाजपा सरकार सिर्फ लूटने का काम कर रही है इस अवसर पर मंगत राम साहू टी आर साहू, मिथलेश वर्मा शशिप्रभा गायकवाड प्रवीण शर्मा, सुरेश दुबे, शिव वर्मा धनंजय साहू विजय देवागन, शोभा साहू गोरेलाल साहू, आरती पटेल, मिथलेश वर्मा प्रभात श्रीवास्तव,टोनू देवागन, राजा साहू, सुदर्शन साहू, छगन साहू, तारण निर्मलकर, फत्ते पटेल, हरि साहू भावसिंह राज प्रदीप साहू,नारायण पटेल, नंदू सलूजा, साधु साहू, कमल देवागन, नोहर देवागन, अनिल दुबे किशुन वर्मा संजय वर्मा घनश्याम देवांगन गौतम पटेल, गौकरण टडन, खिल्लू साहू, मोहित साहू सहित किसान साथी गण उपस्थित रहे

# नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा में मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण के बाद राजहरा का विकास करने के लिए दिसंबर 1999 में नगर पालिका परिषद का चुनाव हुआ था और 7 जनवरी 2000 में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जहां पर दल्ली राजहरा में प्रथम नगर पालिका परिषद का गठन हुआ। उस समय (वर्ष सन् 2000) के नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के प्रथम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका, अधिकारी, मुख्य इंजीनियर एवं पार्षद गणों का मिलन समारोह बंग समाज के भवन में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. शिरोमणि माथुर थीं। इस मिलन समारोह में प्रमुख रूप से प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, प्रथम नगर पालिका उपाध्यक्ष बिहारी लाल ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.डी चंद्राकर, इंजीनियर दिनेश सिंह, एवं लेखपाल के के चंद्राकर उपस्थित थे साथ ही पार्षद गणों में वार्ड क्रमांक वार्ड नंबर 3 के पार्षद लोमस पटेल, वार्ड नंबर 4 से के. ईश्वर राव वार्ड नंबर 5 से चंपा साहू वार्ड नंबर 6 से किरण सिन्हा, वार्ड नंबर 7 से नूतन साहू, वार्ड नंबर 8 से प्रमोद तिवारी, वार्ड नंबर 13 से सुखांतिन ठाकुर, वार्ड नंबर 14 से भगवती साहू, वार्ड नंबर 16 से हीरालाल साहू गुरुजी वार्ड नंबर 17 से मथुरा रात्रि वार्ड नंबर 18 से मुरली रावटे वार्ड नंबर 20 से किरण सिन्हा वार्ड नंबर 21 से रुखसाना बेगम वार्ड नंबर 23 से सुनीता कुर्रे वार्ड नंबर 26 से श्रीनिवास राव वार्ड नंबर 27 से हीरालाल पवार उपस्थित थे। कार्यक्रम में जो पार्षद इस दुनिया में नहीं है उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया जिनमें से हैं। स्व. बलदेव ठाकुर, स्व. नारायण राव (नक्का), स्व. अशोक सपहा, स्व .बिना राम ठाकुर, स्व.राजू डहारे, और स्व.लाल बिहारी पिपरे। कार्यक्रम का संचालन वार्ड नंबर 4 के पार्षद ईश्वर राव ने किया इस कार्यक्रम में सभी ने अपना अपना अनुभव बताया। पुरोबी वर्मा प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि उस समय सभी नए थे अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद अधिकारी। हम सभी लोग सिर्फ शहर की विकास के बारे में सोचें थे। हम लोगो ने कभी राजनीति नहीं किया। इसलिए शहर का बहुत अच्छा विकास हुआ। हमने कभी पार्टी को नहीं देखा है कि यह कांग्रेस छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा या यह बीजेपी का है। सभी पार्षदों को लेकर अच्छा विकास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर शिरोमणि माथुर का हमें भरपूर सहयोग मिला। साथ ही बंगाली समाज ने भी हमें निःशुल्क जगह उपलब्ध कराया इन सभी को धन्यवाद..! केडी चंद्राकर नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि आप सभी का पहला अनुभव था। लेकिन मेरा भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनने का पहला अनुभव था। इससे पहले मेरी पोस्टिंग भिलाई में थी। चार-पांच फाइल दिन में आता था मैं जहां पर बैठ जाता वहीं मेरा ऑफिस बन जाता। सबसे पहले मुझे यह दायित्व मिला था तीनों प्रमुख पार्टी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, भाजपा और कांग्रेस के बीच सामंजस्य बनाना और सभी को लेकर विकास कार्य करना था। मेरे कार्यकाल में काम कैसे हुआ यह आप लोगों के मूल्यांकन से ही संभव होगा। आप लोगों का सहयोग और आशीर्वाद मिला, राजहरा के बदौलत मुझे अन्य जगह में प्रसिद्धि मिली यह मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। शिरोमणि माथुर ने कहा कि लोगों ने राजहरा को सजाने में विश्वकर्मा बनकर जो कार्य किया है वह नगर के इतिहास में हमेशा दर्ज रहेगी। प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष प्रथम नगर पालिका अधिकारी प्रथम नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रथम पार्षद के रूप में जो आप लोगों ने शुरुआत की वह एक अमिट धरोहर बनकर रहेगी। पहले बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए हमें चिखलाकसा दौड़ना पड़ता था, दल्ली के लोग परेशान होते थे। नगर पालिका का गठन हुआ आप लोग चुनकर आए। आप लोगों ने जो नगर के विकास में कार्य किया है उसके लिए मैं आप लोगों को मैं विश्वकर्मा की उपाधि देती हूं क्योंकि आप लोगों ने राजहरा के सबसे पहले नेतृत्व करने और संवारने का काम किया है। के डी चंद्राकर और विजय सिंह ने जो मेहनत किया है वह बहुत ही सहारणीय है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पार्षदों को यादगार प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। वहीं नगर पालिका के पूर्व अधिकारी, डॉक्टर शिरोमणि माथुर को शाल एवं फल देकर सम्मानित किया गया।

# वन मंत्री केदार कश्यप का विधायक दीपेश साहू ने किया आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के ग्राम कुंरा में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप का विधायक दीपेश साहू ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। खाद्य मंत्री दयालदास दास बघेल के आवास में आयोजित इस सौजन्य मुलाकात में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने मंत्री केदार कश्यप के साथ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। इनमें ग्रामीण विकास, सड़क एवं आधारभूत संरचना, पर्यावरण संरक्षण, हरियाली विस्तार, वनभूमि संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा, इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा स्थानीय समुदायों की भागीदारी को सशक्त बनाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल रहे।विधायक साहू ने कहा कि बेमेतरा क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण और हरित विस्तार को लेकर प्रदेश सरकार की नीतियाँ अत्यंत प्रभावी हैं। वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में बेमेतरा को हरित और सतत विकास का मॉडल जिला बनाने का संकल्प लिया गया है।' मुलाकात के दौरान मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश में चल रहे पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण तथा जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और कहा कि जनभागीदारी से ही प्रदेश के पर्यावरणीय अभियानों को गति मिलती है। यह चर्चा बेमेतरा जिले में सतत विकास, स्वच्छता, हरियाली विस्तार और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी को और मजबूत करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

# बीमा कंपनी ने बीमा क्लेम का नही किया भुगतान, देना होगा हर्जाना, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सुनाया फैसला

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




बीमा अवधि के दौरान ट्रक को अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा पीछे से ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर देने के बाद युनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा बीमा भुगतान करने में आनाकानी करने के मामले में उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए परिवादी को क्षतिपूर्ति भुगतान करने का आदेश जारी किया है। आवेदिका श्वेता किन्डो, निवासी सेठी नगर चक्रधर नगर का परिवाद संक्षेप में इस प्रकार है कि उसने अपने स्वामित्व का वाहन टीआईएलटी केब एचडीएबी ट्रक क्रमांक सीजी 13 एएफ 6932 है। आवेदिका ने अपने वाहन से अपने परिवार का जीविका पार्जन हेतु गैस लाने ले जाने एवं उक्त गैस एजेंसी में गैस विक्रय करने का व्यवसाय करती है। अनावेदक 02 क्षेत्रीय प्रबंधक युनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी रायपुर के द्वारा अपने बीमा कंपनी के मोटर क्लेम प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। आवेदिका उक्त वाहन का बीमा अनावेदक क्रमांक 01 शाखा प्रबंधक, युनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड गौशालापारा रायगढ़ के पास विधिवत प्रीमियम राशि 40,614 जमाकर पूर्ण रूप से बीमा कराया था, जो कि 20 मई 2022 से 19 मई 2023 तक के लिये वैध रहा। उक्त वाहन को 27 नवंबर 2022 को गैस एजेंसी के सामने स्टेडियम रोड के पास खड़ा किया था। सुबह 6 बजे अज्ञात वाहन के द्वारा उक्त वाहन को पीछे से लापरवाही पूर्वक ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। उक्त दुर्घटना की सूचना आवेदिका ने अनावेदकगण को तत्काल दी गई। जिस पर अनावेदकगण के द्वारा अपने सर्वेसर को मौके पर भेजकर दुर्घटना की जांच कराया। सर्वेयर ने आवेदिका को वाहन में हुई क्षति मरम्मत के संबंध में कोटेशन बिल तैयार कराकर क्लेम फार्म भरकर अनावेदक क्रमांक 01 के कार्यालय में जमा कराने को कहा। जिसके बाद उक्त वाहन को हरिओम मोटर्स गैरेज विजयपुर मरम्मत के लिये ले जाया गया। जहां गैरेज के मैकेनिको ने क्षति का आंकलन कर कोटेशन बिल लागत 1 लाख रूपये आना बताया। आवेदिका श्वेता किंडा ने कोटेशन व क्लेम भरकर अनावेदक क्रमाक 1 के कार्यालय में जमा किये जाने पर क्षतिग्रस्त वाहन को स्वयं के रकम अदाकर मरम्मत कराने के अंतिम व्यय संबंधी बिल प्रस्तुत करने पर उक्त रकम आवेदिका को अदा कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया।वाहन मरम्मत के बाद खर्च हुए एक लाख रूपये बिल के साथ संपूर्ण जानकारी शपथ पत्र के साथ युनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के रायगढ़ शाखा में जमा कराया गया। 20 अक्टूबर 2023 को बीमा कंपनी की ओर से आवेदिका को पत्र के माध्यम से सूचना दी गई कि वाहन चालक संजय कुमार के पास वैध ड्रायविंग लायसेंस न होनें के कारण क्षतिपूर्ति दावा निरस्त कर दिया गया है। आवेदिका श्वेता किण्डो ने पुत्र एक शपथपत्र देते हुए बताया गया कि खड़े वाहन को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घटना के समय चालक वाहन नही चला रहा था। इस शपथ पत्र के बाद कंपनी द्वारा गोलमोल जवाब दिया गया। जिसके बाद आवेदिका ने अपने उपभोक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा गया जिसका जवाब देते हुए कंपनी ने राशि अदा करने से स्पष्ट मना कर दिया। जिस पर आवेदिका श्वेता किण्डो ने उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर बीमित राशि दिलाने मांग की। उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्यद्वय राजेन्द्र पाण्डेय एवं राजश्री अग्रवाल ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद बीमा कंपनी युनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में कमी करने का दोषी पाया गया। आयोग ने बीमा कंपनी को आवेदिका श्वेता किण्डो को बीमा दावे की राशि 62 हजार 500 रूपये, 45 दिवस के भीतर देने, मानसिक क्षति के रूप में 10 हजार रूपये तथा वाद व्यय के रूप में 5 हजार रूपये अदा करने का आदेश जारी किया गया।

# जिंदल कोयला खदान की जनसुनवाई पर बवाल

## ग्रामीणों का प्रशासन लगाया चोरी-छिपे प्रक्रिया पूरी करने का आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले की लैलूंगा विधानसभा के तमनार विकासखंड में जिंदल पावर लिमिटेड की गारे-पेलमा सेक्टर-1 कोयला खदान के लिए प्रस्तावित जनसुनवाई को लेकर धौराभांठा क्षेत्र में बड़ा विवाद खड़ा हो गया। एक ओर जहां ग्रामीण पिछले चार दिनों से निर्धारित मैदान में धरना देकर जनसुनवाई का विरोध कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन ने अचानक जनसुनवाई स्थल बदलकर गुप्त रूप से कुछ ही मिनटों में प्रक्रिया पूरी कर दी। इस घटनाक्रम से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और आगामी दिनों में बड़ा आंदोलन का रूख अतिख्यार कर सकते हैं। तमनार क्षेत्र के धौराभांठा बाजार में जन सुनवाई आयोजित की जानी थी, लेकिन शनिवार की सुबह प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के स्थल बदल दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के दूसरे छोर पर सीमित अधिकारियों और कंपनी समर्थकों की मौजूदगी में जनसुनवाई शुरू कर दी गई। पुलिस ने विरोध कर रहे ग्रामीणों को नए स्थल तक पहुंचने नहीं दिया, जिससे वे अपनी आपत्तियाँ औपचारिक रूप से दर्ज भी नहीं करा सके। गांव वालों के अनुसार, गुप्त स्थान पर आयोजित जनसुनवाई कुछ ही मिनटों में निपटा दी गई। समर्थन जताने वाले चुनिंदा लोगों के बीच वीडियो रिकॉर्ड कर प्रशासन ने जनसुनवाई पूरी होने की घोषणा कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है, जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया है। जिंदल की प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध लगातार तेज हो रहा है। पिछले चार दिनों से 14 गांव के ग्रामीण भारी संख्या में महिलाओं सहित धौराभांठा मैदान में धरना दे रहे हैं। इस दौरान महिलाओं ने मैदान के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन ने विरोध स्थल पर जनसुनवाई के लिए बनाए जाने वाले टेंट तक की अनुमति नहीं दी, जिसके कारण उन्हें खुले मैदान में ही तीन रातें बितानी पड़ी। जिंदल कंपनी के खिलाफ आंदोल कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार प्रशासन को सूचना दी कि वे पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को लेकर अपनी आपत्ति औपचारिक रूप से दर्ज कराना चाहते हैं, लेकिन उनकी बात सुने बिना प्रक्रिया को चोरी-छिपे पूरा कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह संपूर्ण कार्रवाई जनभावनाओं की अवहेलना करते हुए कंपनी के हित में की गई।

# पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने पतेरापाली कला में धान खरीदी केंद्र का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतेरापाली कला में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री डॉ. खिलावन साहू द्वारा किया गया। डॉ. साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं श्रीफल तोड़कर खरीदी कार्य की शुरुआत की, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है, किसानों की उन्नति के लिए निरंतर सकारात्मक एवं दूरदर्शी फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विष्णु देव साय सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान तथा प्रति क्विंटल 3100 रुपये के मानक पर खरीदी कर रही है, जो किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है।साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसानों को प्रतिवर्ष 6000 किसान सम्मान निधि के माध्यम से आर्थिक संबल प्रदान कर रही है, जिससे किसानों को निरंतर सशक्तिकरण मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, मण्डल अध्यक्ष गेंदराम मनहर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रकाश साहू एवं संतोष राठौर, सेवा सहकारी समिति पतेरापाली के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, सरपंच राकेश खैरवार, मोहगांव सरपंच रवि साहू, देवरमाल सरपंच योगेंद्र साहू, नगरदा समिति अध्यक्ष गोपाल जयसवाल, जर्वे अध्यक्ष रामदयाल सिदार, बासीन खैरा अध्यक्ष लखन राठौर, युवा मोर्चा महामंत्री गोविंदा साहू, दिनेश साहू, योगेश साहू, दूजे राम, श्याम सिदार, मेघनाथ साहू, रामायण दास महंत, राजेश गवेल, रमन साहू, छवि जयसवाल,रनसाय केवट, सुखलाल साहू, बिहारी लाल साहू, महेश राम, अंजोर सिंह, महेत्तर साव, रोहित जयसवाल, जयराम जयसवाल, रामलाल जयसवाल, भोज राम साहू, महेश्वर प्रसाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कृषक व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जिले में प्राइवेट स्कूलों के वाहनों का किया जा रहा सघन जांच

## विद्यार्थियों को लाने ले जाने में लापरवाही ना बरतने के दिए गए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी जांजगीर-चांपा व सक्ती गौरव साहू एवं सहायक उपनिरीक्षक परिवहन उड़नदस्ता सुनील उपाध्याय द्वारा सक्ती जिले के प्राइवेट स्कूलों का सघन जांच किया गया। सक्ती जिले के जैजैपुर विकासखण्ड के तीन प्राईवेट स्कूल संस्कार सेंट्रल एण्ड संस्कार भारती स्कूल जैजैपुर, उर्मिला पब्लिक स्कूल जैजैपुर एवं जीएससी पब्लिक स्कूल जैजैपुर का जांच किया गया। जांच के दौरान उर्मिला पब्लिक स्कूल के एक वाहन में कमी पायी गई, जिसके लिए 2000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया तथा सभी स्कूल संचालकों को बच्चों के लाने ले जाने पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नही करने के सख्त निर्देश दिये गये। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सभी प्राईवेट स्कूलों में भी परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच की जाएगी।

# पीएम जनमन योजना ने बदली जिंदगी की तस्वीर, सुदूर ग्राम कुर्रा के रतिराम को मिला सपनों का पक्का आशियाना

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

किसी भी सरकारी योजना का वास्तविक महत्व तभी सिद्ध होता है, जब उसका लाभ जमीनी स्तर पर आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाए। ऐसी ही एक सशक्त योजना है प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन), जिसका प्रभाव रायगढ़ जिले में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड के सुदूर ग्राम कुर्रा के निवासी रतिराम बिरहोर को उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना-पक्का और सुरक्षित आवास-साकार हुआ। वर्षों तक कच्चे मकान में रहकर बरसात, ठंड और जहरीले जीव-जंतुओं के खतरे के बीच जीवन-यापन करने वाले रतिराम और उनका परिवार जब पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास में प्रवेश किया, तो वह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय बन गया। आवास स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ और निर्धारित समय में पूर्ण भी हुआ। नया पक्का घर न केवल उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व, आत्मविश्वास और सम्मान भी लेकर आया है। रतिराम का कहना है कि पहले जिस घर में रहना मजबूरी था, वहीं अब पक्के मकान में रहना गर्व की अनुभूति देता है। उल्लेखनीय है कि पीएम-जनमन योजना, जिसकी शुरुआत भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में की गई, विशेष रूप से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी मिशन है। इस अभियान का उद्देश्य आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, बिजली, आजीविका और संपर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है।

# सरस्वती सायकल योजना के तहत बच्चों को किया गया सायकल वितरण




■ सरस्वती सायकल योजना के तहत बच्चों को किया गया सायकल वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में सरस्वती साइकल योजना के अंतर्गत कक्षा -9 वीं हिंदी माध्यम के 41 छात्राओं तथा अंग्रेजी माध्यम के 17 छात्राओं को साइकल वितरित किया गया। सरस्वती साइकिल योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान करना है। यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई है और इसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को घर से विद्यालय तक आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है, ताकि उनकी शिक्षा नियमित और सुगम हो सके। योजना के तहत पात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की जाएगी। इससे बालिकाओं को पढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और असुविधा के चलते पढ़ाई अधूरी छोड़ने की दर में कमी आएगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बजरंग श्रीवास, तहसीलदार अविनाश चौहान, अंग्रेजी माध्यम अध्यक्ष प्रदीप सराफ हिंदी माध्यम अध्यक्ष आनंद अग्रवाल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जमीन कारोबारियो के संगठन ने कलेक्टर सहित अधिकारियों को दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जमीन की गाइडलाइन दरों में बेतहाशा वृद्धि किए जाने के विरोध में सक्ती जिले में प्रॉपर्टी संघ सक्ती के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहनकर और हाथों में काले गुब्बारे लेकर सरकार के फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुख्य रूप से अग्रेशन चौक में एकत्रित होकर जमीन व्यापार से जुड़े लोगों एवं आम नागरिकों ने सरकार से काला कानून वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया, जिसकी प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सक्ती एवं उप पंजीयक कार्यालय सक्ती को भी दी गई। इसके बाद एसडीएम कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विधिवत ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार की ओर से कुछ नियमों में बदलाव के आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन इन आदेशों से व्यापारी वर्ग संतुष्ट नहीं है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय जो शिथिल नियम लागू थे, उन्हें भाजपा सरकार के आते ही समाप्त कर दिया गया, जिससे आम जनता को रजिस्ट्री खर्चे का भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। अब नए-नए बेतुके नियम लाकर सरकार जनता और जमीन व्यापार से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। प्रॉपर्टी संघ के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने कहा कि सरकार को व्यापार और व्यवसाय सुचारू रूप से चलाने के लिए नियमों को सरल और शिथिल बनाना चाहिए तथा आम जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए निर्णय लेना चाहिए।नगर पालिका अध्यक्ष एवं संघ संरक्षक श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि सरकार को इस फैसले को तत्काल वापस लेना चाहिए और जनता को अनावश्यक फरमान जारी कर परेशान नहीं करना चाहिए। किसान कांग्रेस अध्यक्ष सदेश्वर गबेल ने कहा कि गरीब किसान अपनी बेटी की शादी या पारिवारिक जरूरतों के समय यदि अपनी जमीन नहीं बेच पाएंगे, तो ऐसी जमीन का क्या लाभ सरकार के इस फैसले का हम पुरजोर विरोध करते हैं।

# छग प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ की बैठक में मना जिला सचिव केसी राठौर का जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ की बैठक बिसाहू दास महंत गार्डन जांजगीर के परिसर स्थित बापू की कुटिया में संघ के जिला अध्यक्ष संतोष राठौर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 17 दिसंबर को पेंशनर डे के अवसर पर आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में रायगढ़ जाने की रूप रेखा तैयार की गई। साथ ही जिला सचिव केसी राठौर का जन्म दिवस भी मनाया गया। बैठक जलपान के बाद संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आरके थवाईत, प्रांतीय पदाधिकारी कविता तिवारी, सुरेंद्र सिंह राठौर, जिला संरक्षक डीएल कटकवार, विनीत सालोमन, अशोक राठौर 2, कोषाध्यक्ष डीएन देवांगन, गणेश राम सूर्यवंशी, नवल कुमार यादव, सत्यनारायण देवांगन, सुशील कुमार पाण्डेय, देवी सिंह ठाकुर, जे राय, इंजीनियर आरके साहू, शिव कुमार थवाईत, केपी पाण्डेय, डीपी राठौर, इंजीनियर देवीप्रसाद राठौर, विश्वनाथ सिंह बैस, नंदकिशोर मिश्रा, प्रदीप कुमार तिवारी, अमृत लाल राठौर, बीपी थवाईत, जिला मुख्य संरक्षक आरएस राठौर, इंजीनियर आरपी सराफ, भगवंतीन साहू, विश्राम सिंह राठौर, विजय कुमार राज, अशोक राठौर, गोपाल राठौर, परदेशी राम सूर्यवंशी, भूपल प्रसाद राठौर, ब्यासनारायन दुबे, इंजीनियर बद्री विशाल निर्मलकर, इंजीनियर चंद्र कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रहास सिंह कछवाहा शामिल हुए। बैठक में पेंशनर डे प्रांतीय सम्मेलन में रायगढ़ जाने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष आरके थवाईत द्वारा अधिक से अधिक संख्या में रायगढ़ जाने तथा आगामी फरवरी माह में हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए इच्छुक साथियों से उन्हें सहमति देने सहित संगठन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष पद पर डीपी राठौर को नामांकित करने की सहमति चाही गई, जिसका सर्वसम्मति से समर्थन किया गया।

**CHHATTISHGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (RCR) GUDHIYARI, RAIPUR PH.NO. 0771-2574703 & FAX NO.2593403
No. 10-01/Wk-II/Tender No. 25/3849 Date 26.11.2025 & 26/3917 Date 02.12.2025 Raipur.
**NOTICE INVITING FOR e-TENDERING**
Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Contractors for the following works:

| Tender No/ Rfx No. | Name of work | Type of Contractor | Total value of tender (in Rs.) | Cost of Tender form (in Rs.) | Date of Submission / Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| Tender No.25/3849 RFX No. 8100047832 | For proposed 11 KV feeder from 33/11 KV Ashoka Ratan Substation to bifurcation of 11 KV Shanti Sarovar feeder from 33/11 KV Rajdhani Vihar Substation under Kachna Zone of City Dn. East Raipur. | Class-I/II/III | 27,51,407.00 | 5000/- (Including GST) | 17.12.2025 02.00 / 02.30 PM |
| Tender No.26/3917 RFX No. 8100047974 | For conversion of 33 KV overhead line crossing over The Railway Track into underground cable with dismantling of overhead line of 33 KV Singapore city feeder Near AIIMS Residency Under City Dn. (N), CSPDCL, Raipur. | Class-I/II | 22,34,415.00 | 2000/- (Including GST) | 23.12.2025 02.00 / 02.30 PM |

Details of Tenders, Technical Specification, Terms & Conditions pre-qualification requirement, online tender fee submission etc. are available on our website www.cspdcl.co.in and ebidding.cspcl.co.in. Tender documents can be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. **The cost of required tender fees should be submitted online up to the date of submission of bid. The tenderer is requested to pay the tender fee online well before the due date for avoiding complication in network/system. As the tender will not be opened, if the tender fee payment reference is not shown in system and CSPDCL will not take any responsibility for delay due to network/system so please ensure early submission.**

The notice for extension of due date of tender submission, opening /corrigendum/amendment, if any to the tender document will not be published in newspapers. It will only be displayed on CSPDCL's official website as mentioned above and office Notice Board.

SAVE ELECTRICITY
Samvad-46179/2
CHIEF ENGINEER (RCR)
CSPDCL, RAIPUR

## सेवा सहकारी समिति कोड़ाभाट का मामला, ग्रामीणों ने की जिला कलेक्टर को शिकायत, विष्णु के सुशासन में प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत का बड़ा खेल

# करोड़ो के दागी प्रभारी को फिर दिया खरीदी का चार्ज, ग्रामीणों में आक्रोश

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोड़ाभाट पंजीयन क्रमांक 1048 में पूर्व में करोड़ों की वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में पदच्युत किए जा चुके विक्रेता सनत कुमार यादव की पुनः नियुक्ति ने जिले की सहकारी प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला सिर्फ एक कर्मचारी के पदच्युति और पुनः र्नियुक्ति का नहीं, बल्कि संपूर्ण सहकारिता व्यवस्था, उसके नियमन और प्रशासनिक जवाबदेही के पतन का दर्पण बनकर सामने आया है। शिकायतकर्ता प्रशांत कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों के अनुसार सनत कुमार यादव के विरुद्ध कोड़ाभाट समिति में विक्रेता और प्रभारी संस्था प्रबंधक रहते हुए करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताएँ पाई गई थीं। जांच के बाद उन्हें पदच्युत किया गया था। यह कार्रवाई केवल औपचारिक नहीं थी, बल्कि तथ्यात्मक अनियमितताओं के आधार पर की गई थी, जिसमें उच्च अधिकारियों को शिकायतें की गई थीं और अनियमितताएँ प्रमाणित पाई गईं। इसके बाद भी सनत यादव ने कूटरचित प्रस्ताव निर्माण कर स्थानांतरण आदेश प्राप्त किया और भैसों समिति में पहुंचे। जहां वे पुनः अनियमितताओं में पकड़े गए और दूसरी बार पदच्युत हुए। इस प्रकार दो समितियों से पदच्युति होने के बाद भी उनका पुनः नियुक्त हो जाना यह दर्शाता है कि सहकारिता संस्थाओं में अनुशासन और जवाबदेही का ढांचा किस हद तक कमजोर हो चुका है। परंतु समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा इसे ठेगा दिखा दिया गया जिससे यह संदेह और गहरा होता है कि पूरी प्रक्रिया में मिलीभगत से निर्णय लिया गया है। शिकायत में समिति अध्यक्ष छोटेलाल पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने नियमों को दरकिनार करते हुए 09 जुलाई 2025 को सनत यादव की पुनर्नियुक्ति की और उन्हें धान खरीदी जैसे संवेदनशील कार्य का प्रभारी बना दिया। धान खरीदी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें भारी वित्तीय लेनदेन होता है ऐसे में अनियमितताओं के इतिहास वाले व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपना स्वयं में प्रशासनिक विवेक का गंभीर दुरुपयोग है।

> आपके द्वारा उक्त प्रकरण की जानकारी मिली है उक्त प्रकरण पर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **जन्मेजय महोबे**
> **कलेक्टर, जांजगीर चांपा**

### कूटरचना, गुमराही और भ्रष्टाचार का खेल

शिकायत के साथ प्रस्तुत साक्ष्यों में आरोप लगाया गया है कि समिति प्रस्तावों में कूटरचना की गई, अधिकारियों को गुमराह किया गया। गंभीर वित्तीय अनियमितताओं को छिपाया गया और सेवा नियमों का खुला उल्लंघन किया गया। ये आरोप केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरी संरचना पर सवाल उठाते हैं। यह मामला अब सहकारी समितियों की साख पर संकट पैदा करने लगा है। चूंकि प्रकरण सीधा सेवा नियमों, वित्तीय अनुशासन और न्यायिक आदेशों से जुड़ा है, प्रशासन का तत्काल हस्तक्षेप जरूरी था। पर सवाल यह है कि क्या विभाग ने पुनर्नियुक्ति आदेश की वैधता जांची, जारी प्रकरण के न्यायिक स्थिति को ध्यान में रखा गया, जिले के उच्च अधिकारियों तक तथ्य व्यवस्थित रूप से पहुंचे, यदि इन प्रश्नों का उत्तर नहीं है, तो यह सहकारिता विभाग और प्रशासन दोनों की निष्पक्षता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रमुख मांगें की सनत कुमार यादव की पुनःर्नियुक्ति तत्काल निरस्त की जाए। समिति अध्यक्ष पर सेवा नियम उल्लंघन के लिए कठोर कार्रवाई हो। न्यायालयीन प्रक्रिया प्रचलित रहते नियुक्ति को अवमानना मानते हुए दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। समिति को हुए आर्थिक नुकसान की वसूली दोषी कर्मचारियों से की जाए।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मिल रही मजबूती : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## उपमुख्यमंत्री ने 2.97 करोड़ रुपए लागत के सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन





पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत और दृढ़ प्रयासों का परिणाम है कि कबीरधाम जिला शहर से लेकर गाँव तक चौमुखी विकास कर रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम कोको में 2 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत से 4.30 किमी लंबे मोहगांव-छांटा-कोको सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। यह सड़क केवल यातायात सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में आने वाले आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक परिवर्तन का आधार बनेगी। वर्षों से सड़क संपर्क के अभाव में रहे ग्रामीणों के लिए यह निर्माण नई उम्मीद, नया अवसर और नया भविष्य लेकर आएगा। ग्रामवासियों ने सड़क निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री शर्मा से आग्रह किया था, जिसे उन्होंने प्राथमिकता देते हुए मंजूरी प्रदान की। भूमि पूजन के साथ ही इस बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है, जिससे पूरा क्षेत्र विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए कई घोषणाएँ भी कीं। उन्होंने हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा करते हुए स्कूल परिसर के समतलीकरण के लिए 3.50 लाख रुपए की घोषणा की। सी सी रोड के लिए 2.60 लाख रुपए तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु मंच निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए की घोषणा की। सहकारी समिति पहुंच मार्ग के लिए सीसी रोड निर्माण, छांटा-कोको मार्ग के बीच मुरमीकरण के लिए 5 लाख रुपए, और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए साइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा भी की। इन सभी घोषणाओं ने साफकर दिया कि विकास केवल सड़क तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा, बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक गतिविधियों के समग्र उन्नयन के साथ क्षेत्र एक नई ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा आवश्यक है और यह परियोजना स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। इस सड़क के बनने से मोहगांव-छांटा-कोको गांव के हजारों ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। आवागमन में सुविधा होगी। बेहतर सड़कों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यापार के नए अवसर साकार होंगे। उन्होंने बताया कि सरकार गांवों में बेहतर सड़कें और सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से न केवल आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है, ताकि हर व्यक्ति को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हर क्षेत्र, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण, विकास की मुख्यधारा से जुड़े।

# महली में जमीन विवाद ने पकड़ा बवंडर: मकान ढहाया, मारपीट धमकी, एफआईआर दर्ज, राजस्व जांच में हुआ बड़ा खुलासा

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिले के कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम महली में जमीन व मकान निर्माण को लेकर उपजा विवाद अब बड़ा रूप ले चुका है। एक ओर जहां मकान निर्माण रोकने, दीवार गिराने और मारपीट का मामला थाने तक पहुंच गया है, वहीं दूसरी ओर राजस्व विभाग की जांच में भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

### एफआईआर में गंभीर आरोप — दीवार ढहाई, गाली-गलौच और मारपीट

ग्राम महली निवासी सरिता गंधर्व ने थाना कुण्डा में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 3 दिसंबर की सुबह करीब 11 बजे बहुरा बाई गंधर्व, ज्योति गंधर्व और सुमन गंधर्व उसके मकान निर्माण स्थल पर आ धमके। शिकायत में कहा गया है कि– तुम लोग अपनी जमीन में मकान क्यों बना रहे हो' कहते हुए गाली-गलौच की गई। तीनों महिलाओं ने मिलकर निर्माणाधीन दीवार गिरा दी। मना करने पर झुमाझटकी और हाथ थप्पड़ से मारपीट की गई। परिवार के बीच-बचाव करने पर भी जान से मारने की धमकी दी गई। आवेदिका के अनुसार दीवार तोड़ने से करीब 30,000 रुपए का नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू कर दिया है ।

### राजस्व जांच में बड़ा खुलासा: विवादित जमीन सरकारी, आवेदिका का कब्जा नहीं

तहसील कार्यालय में प्रस्तुत आपत्ति व स्थगन आदेश पर सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग ने मौके का पंचनामा तैयार किया। जांच में सामने आया कि– भूमि खसरा नंबर 748/2, रकबा 0.571 हेक्टेयर शासकीय आबादी भूमि है। आवेदिका बहुरा बाई 30 वर्ष से महली में निवासरत भी नहीं, बल्कि परिवार सहित मुंगेली जिले के कोना गांव में रहती है। विवादित भूमि पर अनावेदिका सरिता गंधर्व के पति प्रदीप गंधर्व का पुराने समय से कब्जा है। लगभग 357.28 वर्गमीटर पर परिवार का पुराना कच्चा-पक्का मकान, शौचालय व आंगन निर्मित पाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 41.16 वर्गमीटर पर नया निर्माण भी प्रगति पर था, जिसे शिकायत के बाद रोक दिया गया। जांच में यह भी पाया गया कि अनावेदिका द्वारा कोई अवैध निर्माण नहीं किया जा रहा था। तहसीलदार ने दस्तावेजों व प्रतिवेदन के आधार पर आवेदिका की आपत्ति को अस्वीकार करते हुए प्रकरण खारिज कर दिया।

### जमीन विवाद से उठा बवाल—गांव में तनाव, पुलिस और राजस्व दोनों की नजरें

एक तरफ झगड़ा, मारपीट और धमकी की एफआईआर, दूसरी ओर राजस्व जांच का निष्कर्ष, दोनों ही पक्ष आमने-सामने हैं। इस विवाद ने गांव में तनाव का वातावरण बना दिया है। पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है, वहीं राजस्व विभाग ने अपने स्तर से प्रकरण नस्तीकृत कर दिया है।

# कबाड़ से जुगाड़ के लिए नगर पालिका जशपुर को मिला 1.92 करोड़ रुपए, कचरा प्रसंस्करण यूनिट स्थापित होगा

## गीला-सूखा कचरा से उपयोगी सामान बनाने के लिए यूनिट में किया जाएगा काम






पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

महिला स्व सहायता समूह के द्वारा शहर के वार्डों से गीला और सूखा इकट्ठा किया जाता है और कुछ का उपयोग कर कुछ को बाहर भेजा जाता रहा है। लेकिन अब कचरे का उचित प्रबंधन के लिए शासन की ओर से नगर पालिका जशपुर को 1 करोड़ 92 लाख रुपए की राशि का आवंटन दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय ने बताया कि भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय तकनीकी समिति एसएलटीसी की 9वीं बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एसडब्लूएम के तहत गीले और सूखे कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए 1 करोड़ 92 लाख रुपए आवंटित किया गया है। दरसअल सूखे कचरे में कई वस्तुएं प्लास्टि और कागज से बनी होती हैं जिसका रिसाइकल कर उपयोगी बनाया जा सकता है साथ ही नए उत्पाद बनाए जा सकते हैं। इसपर अब तेजी से काम होगा।

### समूह की आमदनी बढ़ेगी

राज्य शहरी विकास अभिकरण नगरीय प्रशासन की ओर से जारी आदेश के मुताबिक प्रसंस्करण यूनिट तैयार करने के लिए एजेंसी नगर पालिका जशपुर को बनाया गया है। यूनिट स्थापित होते ही कचरा कलेक्शन में जुटीं स्व सहायता की महिलाओं की आमदनी में तेजी से इजाफा होगा।

शासन की ओर से जशपुर नगरीय क्षेत्र में कचरा प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना करने के लिए 1.92 करोड़ का फंड दिया गया है, इससे निश्चित ही स्व सहायत समूह की महिलाओं को बड़ा लाभ मिलेगा।

**योगेश्वर उपाध्याय,**
**सीएमओ नगर पालिका जशपुर**

कचरा प्रबंधन के बाद अब प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना के लिए विष्णु देव साय सरकार की ओर से 1.92 करोड़ रुपए सेंक्शन किया गया है यह महिला समूह में काम कर रही सैकड़ों महिलाओं को आर्थिक मजबूती देगी।

**अरविंद भगत,**
**अध्यक्ष नपा जशपुर**

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों ने महिला सशक्तिकरण को दी नई दिशा

## दो वर्षों में महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को लेकर किए गए कई महावपूर्ण पहल







पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर किए गए सतत प्रयासों ने कवर्धा में महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा प्रदान की है। महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना, उनके शिक्षा और रोजगार के लिए की गई पहल के साथ महतारी वंदन योजन ने महिलाओं को सामाजिक आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की पहचान बन चुकी महतारी वंदन योजना से कवर्धा विधानसभा की 1 लाख 30 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। उन्हें प्रति माह 1 हजार रुपये के मान से अब तक 251 करोड़ 63 लाख 96 हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका है। योजना की 21 किश्तों की राशि खाते में दी जा चुकी हैं, और कुछ दिन पहले 22 वीं किशत भी जारी कर दी गई है। कई महिलाएं इस राशि का उपयोग अपने बच्चों के बेहतर पढ़ाई लिखाई में कर रही हैं, तो कई ने घर के अन्य खर्चों को वहन करने में किया।

### 409 कन्याओं का करवाया गया सामूहिक विवाह

विजय शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कवर्धा विधानसभा के 409 कन्याओं का सामूहिक विवाह धूमधाम से संपन्न कराया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री स्वयं बाराती बनकर शामिल हुए और नवयुगल दंपतियों को शुभाशीष प्रदान किया।

### गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी जांच शिविर

सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा शुरू की गई है, जिससे अब तक 1000 से अधिक महिलाओं को लाभ मिला है। समय पर होने वाली जांच से गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की ठीक से मॉनिटरिंग संभव हो रही है। किसी प्रकार के जटिल और गंभीर मामलों में समय पर इलाज संभव हो सकता है। यह जांच शिविर जच्चा और बच्चा दोनों की सेहत की सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

### स्व-रोजगार के लिए 100 से अधिक सिलाई मशीन वितरण

महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कवर्धा की 100 से अधिक महिलाओं को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सिलाई मशीन वितरित किया है। ताकि वे अपना खुद का काम शुरू कर सकें। यह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दृष्टि से अभिनव प्रयास है।

### लखपति दीदी योजना ने महिला समूहों को दिखाई आर्थिक प्रगति की राह

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें सामाजिक-आर्थिक विकासमूलक योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। कवर्धा विधानसभा में 6,158 स्व-सहायता समूह बनाए जा चुके हैं। आजीविका से जुड़कर यहां की 13,924 महिलाएँ अब लखपति दीदी बनकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं।

### महतारी सदन- महिला सशक्तिकरण की नयी पहचान

उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कबीरधाम जिले को महतारी सदन योजना के अंतर्गत 19 महतारी सदनों की महत्वपूर्ण सौगात मिली है। यह योजना राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण के प्रति दूरदर्शी सोच और प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है। जिले में अब तक निर्मित 05 महतारी सदन भवनों का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया, जबकि शेष 14 महतारी सदनों का निर्माण कार्य 3 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से प्रगति पर है।

# कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष यूडी मिंज ने पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष यूडी मिंज ने मंगलवार को पदभार सम्हाला। पदभार सम्हालने के लिए जशपुर पहुंचे जिलाध्यक्ष मिंज का पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव ने यूडी मिंज को कार्यभार सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यूडी मिंज ने कहा कि जिस विश्वास के साथ पार्टी हाईकमान और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पद दायित्व सौंपा है,उसे पूरा करना मेरा लक्ष्य रहेगा। उन्होनें कहा कि आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में समस्या से जूझ रही जनता की आवाज कांग्रेस को बनना होगा। इसके लिए कांग्रेस के गांव से लेकर शहर तक के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होना पड़ेगा। निवर्तमान अध्यक्ष सागर यादव ने कार्यकाल के दौरान सहयोग देने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम को नेता व पत्थलगांव के पूर्व विधायक रामपुकार सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष पवन अग्रवाल सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी संबोधित किया।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिले के विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष यूडी मिंज के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मंत्री रामपुकार सिंह ने बताया कि जिले की जर्जर सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति जैसे मुद्दे शामिल है।

# उज्जवला योजना के हितग्रहियों को मिलेगा नि :शुल्क गैस कनेक्शन

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत जिले में पात्र हितग्राहियों से निःशुल्क गैस कनेक्शन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि जिन हितग्राहियों ने हाल ही में आयोजित सुशासन त्योहार के दौरान शिविरों में गैस कनेक्शन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए थे, उन्हें प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना आवास पूर्ण कर चुके लाभार्थियों को भी प्राथमिकता के आधार पर उज्ज्वला योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। इच्छुक पात्र हितग्राही निकटतम पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) दुकान में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। पीडीएस विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक आवेदन का पंजीयन सुनिश्चित करें और आवश्यक दस्तावेजों सहित संपूर्ण प्रस्ताव संबंधित गैस एजेंसी को समयबद्ध तरीके से प्रेषित करें।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**
**रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006**
email-nagarnigamrisali@gmail.com

**// रूचि की अभिव्यक्ति //**

क्रं./लो.क.वि./2025/1595 — रिसाली दिनांक 09/12/25

नगर पालिक निगम रिसाली में स्थित रिसाली, पुरैना, डुण्डेरा, जोरातराई एवं नेवई मुक्तिधाम परिसर का वार्षिक रख-रखाव कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आमांत्रित किया जाता है। छ.ग. लोक कर्म में एकीकृत पंजीकृत एजेंसी / स्वसहायता समूह एन.जी.ओ. इत्यादि से जो कार्य करने इच्छुक हो रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत ऑफर दर स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 30.12.2025 को सांय 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। ऑफर दाता द्वारा धरोहर राषि रू. 50,000.00 का एफ.डी.आर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से आयुक्त नगर पालिक निगम, रिसाली के नाम पर देय होगा। ऑफर दिनांक 31.12.2025 को प्रातः 12.00 बजे खोला जावेगा। अन्य जानकारी नियम एवं शर्ते संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**रिसाली**

# वनांचल में बदली तकदीर: नरेगा के कूप निर्माण ने किसान को बनाया आत्मनिर्भर

## सरईपतेरा के किसान बिसाहु सहरिया की कहानी बनी मिसाल

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



विकासखंड बोड़ला के वनांचल ग्राम पंचायत सरईपतेरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से निर्मित सिंचाई कूप ने किसान बिसाहु सहरिया के जीवन में आशा की नई रोशनी जलाई है। बरसाती पानी पर निर्भर रहने वाला यह किसान सालभर खेती कर रहा है और आय में कई गुना बढ़ोत्तरी हासिल कर चुका है। कुल 2.10 एकड़ कृषि भूमि वाले बिसाहु सहरिया पहले एकमात्र बरसाती फसल ही ले पाते थे। मानसून पर निर्भरता के कारण फसल अक्सर नष्ट हो जाती थी और परिवार को आर्थिक संकटों से जूझना पड़ता था। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा तैयार प्रस्ताव के बाद 2.44 लाख रुपए की लागत से मनरेगा के अंतर्गत कूप निर्माण स्वीकृत हुआ। 8 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024 के बीच कूप निर्माण पूरा किया गया, जिसमें मनरेगा जॉब कार्डधारी परिवारों को 60,000 रुपये मजदूरी के रूप में मिली, जबकि 1.82 लाख रुपये सामग्री मद में व्यय किए गए। सिंचाई कूप तैयार होते ही किसान की खेती की तस्वीर बदल गई। अब वे खरीफ रबी और जायड़—तीनों सीजन की फसलें ले पा रहे हैं। सब्जी उत्पादन से भी अतिरिक्त आय हो रही है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। बिसाहु सहरिया बताते हैं– पहले सिर्फ बारिश पर निर्भर था, अब सालभर खेती कर पाता हूं। सिंचाई सुविधा मिलते ही खेती का रकबा बढ़ा और मेरी आय लगभग 1.60 लाख रुपये तक पहुंच गई है। नरेगा ने हम जैसे किसानों को नई जिंदगी दी है। कूप निर्माण के बाद कृषि विस्तार के साथ-साथ पशुपालन और छोटे व्यवसाय भी उनके जीवन का हिस्सा बन गए हैं। सरईपतेरा गांव में बिसाहु की यह सफलता अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन गई है। मनरेगा की यह सफलता कहानी बताती है कि ग्रामीण इलाकों में यदि सही योजना, सही काम और सही समय पर सुविधा उपलब्ध हो जाए, तो किसान न केवल आत्मनिर्भर बन सकता है बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकता है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202512130300020**

**मामले की श्रेणी–राजस्व**

विषय-अ-6 — सन-2025-2026

धमतरी प.ह.न. 00033 [(हे.)],
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - सुरेश छाजेड़,
अनावेदक पक्षकार-

**// ईश्तहार //**

आवेदक सुरेश छाजेड़ पिता स्व. सम्पतलाल छाजेड़, निवासी-सदर बाजार धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला तहसील वार्ड धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी में नजूल शीट क्रमांक 01, भूखण्ड क्रमांक 50/13, क्षेत्रफल 98.00 वर्गमीटर, एवं सम्मिलित भूखण्ड क्रमांक 59/3, क्षेत्रफल 1054.87 वर्गफुट, जो पट्टा धारक सुरेश, हेमराज, स्वरूप पिता सम्पत लाल, कृष्णा बाई पति सम्पत लाल के संयुक्त नाम पर दर्ज एवं स्थित है। उक्त भूखंड के खातेधारक में से कृष्णा बाई पति सम्पत लाल की मृत्यु दिनांक 08/09/2019 को हो चुकी है। आवेदकगण एवं उनके भाई ही मृतक धारक के वैध उत्तराधिकारी है। अतः उक्त भूखंड पर से मृतक/सहधारक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज करते हुए अन्य शेष सहखातेदारों का नाम अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 31.12.2025 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते है। नियत सुनवाई तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**धमतरी (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनांक 17.12.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 193 | 181143 | जिला कार्यालय कोण्डागांव में पुरूष एवं महिला बाथरूम का जीर्णोद्धार का निर्माण कार्य। | 12.59 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 17.12.2025 है।
नोट :- द्वितीय आमंत्रण

G-252605312/3

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

# बूढ़ातालाब का बन्द म्यूजिकल फाउंटेन के संचालन करने वाली एजेंसी को दिया नोटिस, अनुबंध निरस्त करने एवं गारंटी राजसात करने की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कार्यादेश के माध्यम से मेसर्स एमएमआर इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड जुबली हिल्स हैदराबाद तेलंगाना को बूढ़ातालाब (स्वामी विवेकानंद सरोवर) में म्यूजिकल फाउंटेन के प्रदाय एवं स्थापना कार्य (संचालन एवं संधारण सहित) प्रदाय किया गया था। वर्तमान में स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि बूढ़ातालाब (स्वामी विवेकानंद सरोवर) में स्थित म्यूजिकल फाउंटेन बंद है तथा कार्यरत नहीं है। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे द्वारा बूढ़ातालाब (स्वामी विवेकानंद सरोवर) का निरीक्षण किया गया, जिस दौरान म्यूजिकल फाउंटेन के बंद होने से महापौर द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की गई। सम्बंधित अनुबंधित एजेंसी के उक्त कृत्य से आम नागरिकों में असंतोष एवं रोष का वातावरण व्याप्त है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की नोटिस में कहा गया है कि अनुबंध की शर्त के अनुसार म्यूजिकल फाउंटेन का नियमित संचालन एवं संधारण एजेंसी द्वारा किया जाना है। जिसके पश्चात् भी म्यूजिकल फाउंटेन का बंद पाया जाना एजेंसी द्वारा अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन को प्रदर्शित करता है। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक सह रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की मुख्य परिचालन अधिकारी ऋचा चंद्राकर ने अनुबंधित एजेंसी मेसर्स एमएमआर इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड जुबली हिल्स हैदराबाद तेलंगाना को नोटिस जारी कर निर्देशित किया है कि बूढ़ातालाब (स्वामी विवेकानंद सरोवर) में बन्द म्यूजिकल फाउंटेन को तत्काल चालू कर सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करें एवं भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित एजेंसी के विरुद्ध अनुबंध की शर्तों के अनुसार अनुबंध निरस्त करने एवं परफॉरमेन्स गारन्टी राजसात करने हेतु कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बंधित अनुबंधित एजेंसी की होगी।

## सीलबंदी कार्यवाही के दौरान सम्बंधित 3 बड़े बकायादारों ने 2354060 रूपये की बकाया राशि का निगम को कर दिया भुगतान



रायपुर। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और उपायुक्त राजस्व जागृति साहू एवं जोन 1 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 1.के राजस्व विभाग नगर निवेश विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बकायदारों पर संयुक्त कार्यवाही करते हुए सीलबंदी की कार्यवाही की गयी। सीलबंद कार्यवाही के दौरान स्थल पर ही सम्बंधित 3 बड़े बकायादारों द्वारा तत्काल 2354060/- के बकाये की राशि का भुगतान कर दिया गया। बकायादार क्रमशः चारुलता बेन ईश्वर पेपर मिल गोंदवारा द्वारा 967529/, दीपक कुमार पटेल हिन्द पाइप द्वारा 1029091/- एवं सुनील टिम्बर मार्केट नरेश गौनियाल द्वारा 357440/- का भुगतान सीलबंद की कार्यवाही के दौरान तत्काल स्थल पर कर दिया गया। नगर निगम जोन 1 की उपरोक्त सीलबंदी की कार्यवाही में जोन 1 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता डी.के. पैकरा, सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन, उप अभियंता अंकिता सोनवर्षा, राजस्व निरीक्षक आशीष शर्मा, संतोष साहू एवं अरविन्द छेदइया की उपस्थिति रही।

# कोलंबिया कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वन नेशन, वन इलेक्शन हस्ताक्षर अभियान संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




कोलंबिया कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वन नेशन, वन इलेक्शन के समर्थन में एक भव्य हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवामोर्चा के जिला अध्यक्ष फानेंद्र वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच एवं मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, कार्यक्रम संयोजक योगेश साहू तथा कोलंबिया इंस्टीट्यूट के सेक्रेटरी गुरजीत सिंह हुरा सहित अनेक शिक्षाविद एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के दूरगामी राष्ट्रीय लाभों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। देश का वित्तीय बोझ कम होगा, क्योंकि बार-बार चुनाव कराने का भारी खर्च बचेगा। प्रशासनिक मशीनरी पर दबाव घटेगा और विकास कार्यों में बाधा नहीं आएगी। देशभर में समान चुनाव प्रक्रिया से पारदर्शिता और स्थिरता बढ़ेगी। सरकारें अपना पूरा समय नीति निर्माण और विकास में दे सकेंगी, जिससे जनता को सीधा लाभ मिलेगा। वन नेशन, वन इलेक्शन से देश में राजनैतिक स्थिरता, मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था और सुशासन को बल मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने बड़े उत्साह से हस्ताक्षर कर इस राष्ट्रीय अभियान को समर्थन दिया। कार्यक्रम संयोजक योगेश साहू ने सभी अतिथियों, कॉलेज प्रबंधन, कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि–वन नेशन, वन इलेक्शन भारत के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम युवाओं की जागरूकता ही राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर स्मृति स्थल लोक भवन चौक के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस 10 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर में स्मृति स्थल लोक भवन चौक के समक्ष सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

# निगम स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न स्थानों पर तत्काल नाली सफाई करवाकर जनशिकायतों का किया त्वरित निदान

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर को प्राप्त सफाई से सम्बंधित जनशिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेते हुए रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए आदेशानुसार और नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही द्वारा दिए निर्देशानुसार संबंधित जोन स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में अशोक नगर, करिश्मा टावर, व्ही.व्ही. विहार, एलआईसी कॉलोनी, आदर्श नगर, गोल्डन होम्स, अमन नगर, प्रेम नगर, इतवारी कुंज में नाली सफाई कार्य शीघ्रता से कराये जाने की सम्बंधित स्थलों पर कार्यवाही की गयी। निर्देश प्राप्त होते ही जोन स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सफाई टीम के साथ उक्त स्थानों पर तत्काल नाली सफाई का कार्य कराया गया। नालियों में जमे कचरे को साफकर मार्ग को स्वच्छ किया गया और सफाई से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायतों का त्वरित निदान किया गया। नगर पालिक निगम रायपुर के समस्त 70 वार्डों में नालियों की नियमित सफाई एवं कचरे का उठाव निरंतर किया जा रहा है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

## एमएसईडीसीएल ने बनाया गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्डः सीआरआई सोलर ने गर्व के साथ दिया ऐतिहासिक उपलब्धि में योगदान

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की एक ऐतिहासिक सफलता में, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने मात्र एक महीने के भीतर 45,911 सोलर पंपिंग सिस्टम स्थापित करके गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। यह असाधारण उपलब्धि एमएसईडीसीएल के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत क्रियान्वयन क्षमताओं और देश के कृषक समुदायों को सशक्त बनाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सीआरआई पंप्स के सोलर डिवीजन को इस परिवर्तनकारी सौर पहल का प्रमुख योगदानकर्ता होने पर गर्व है। महाराष्ट्र के 1,686 गाँवों में सोलर पंप स्थापित करके, सीआरआई सोलर ने हज़ारों किसानों को टिकाऊ जल समाधान प्रदान किए हैं। प्रत्येक स्थापना उत्कृष्ट सटीकता, अनुशासित निष्पादन और समन्वित टीमवर्क के साथ पूरी की गई – जो सीआरआई की विशिष्ट क्षमताओं को दर्शाती है। यह उपलब्धि भारत की स्वच्छ ऊर्जा क्रांति को आगे बढ़ाने के सीआरआई के व्यापक मिशन से पूर्णतः मेल खाती है। कंपनी अब तक 2,10,000 से अधिक एलओटी-सक्षम सोलर पंपिंग सिस्टम स्थापित कर चुकी है और पूरे देश में 30.4 लाख बीईई स्टार-रेटेड ऊर्जा-कुशल पंपों की तैनाती की है। इन पहलों के माध्यम से भारत ने 7,600 मिलियन किलोवाट ऊर्जा की बचत की है और लगभग 6 मिलियन टन सीओ2 उत्सर्जन को टालने में सफलता प्राप्त की है। सीआरआई के ये प्रयास समुदायों को स्मार्ट, टिकाऊ और दीर्घकालिक पंपिंग समाधान प्रदान करते हुए निरंतर सशक्त बना रहे हैं। इस उपलब्धि पर सीआरआई समूह के चेयरमैन जी. सुंदरराजन ने कहाः यह गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड केवल एक असाधारण उपलब्धि नहीं है–यह राष्ट्र के गर्व का क्षण है ।

# नगर निगम में विज्ञापन एजेंसियों की बैठक, ऑनलाइन होर्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी दी गयी, बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करने दिए गए निर्देश

### विज्ञापन होर्डिंग के सेफ्टी सिस्टम को सदैव सुनिश्चित करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




विगत दिवस रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे और नगर पालिक निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में कार्यरत विज्ञापन एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन के तृतीय तल सभाकक्ष में ली गयी। बैठक में रायपुर की लगभग सभी विज्ञापन एजेंसियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बैठक में सभी विज्ञापन एजेंसियों के प्रतिनिधियों को ऑनलाइन होर्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही सभी विज्ञापन एजेंसियों को रायपुर नगर पालिक निगम की बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया। नगर पालिक निगम के अधीक्षक विज्ञापन सह कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास ने सभी विज्ञापन एजेंसियों के प्रतिनिधियों को विज्ञापन होर्डिंग के सेफ्टी सिस्टम को सदैव सुनिश्चित रखने निर्देशित किया। बैठक में समय-समय पर जारी नियमों का पूर्णतः पालन करने और उपविधि 2024 का पालन करने तथा लागू नवीन उपविधि 2024 के नियमों के सन्दर्भ में चर्चा की गयी। बैठक में नगर निगम सहायक अभियंता नगर निवेश नीतीश झा की उपस्थिति रही।

## उम्मीद पोर्टल में मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों की अपलोडिंग के लिए न्यायालय वक्फ अधिकरण से मिला छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड को 02 माह का अतिरिक्त समय

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास उम्मीद केंद्रीय पोर्टल, 2025 के अंतर्गत मौजूदा वक्फ संपत्ति (औकाफ एवं राजपत्र में दर्ज वक्फ सम्पत्ति) का विवरण उम्मीद केंद्रीय पोर्टल, 2025 में 6 की अवधि 06.12.2025 समाप्त होने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 3ख में दिये गये प्रवाधान अंतर्गत छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा माननीय वक्फ अधिकरण, रायपुर के समक्ष मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों की अपलोडिंग हेतु अतिरिक्त समय प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर छ.ग.राज्य वक्फ अधिकरण रायपुर के पीठासीन अधिकारी कमलेश कुमार जुर्री तथा न्यायिक सदस्य हामिद हुसैन द्वारा आदेश जारी करते हुए छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड को वक्फ सम्पत्तियों को पोर्टल में अपलोड किये जाने हेतु 02 माह 08.02.2026 तक का समय प्रदान किया गया है। गौरतलब हो कि, छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ.सलीम राज के मार्गदर्शन एवं सदस्यों तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी की देख-रेख में छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा अधिकांश मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों की अपलोडिंग का कार्य 06.12.2025 तक की गई। वक्फ अधिकरण द्वारा पारित आदेश के पालन तथा अध्यक्ष डॉ.सलीम राज के निर्देशानुसार छ.ग. प्रदेश में स्थित वक्फ संस्था के मुतवल्ली जिन्होंने वक्फ सम्पत्तियों की जानकारी पोर्टल में अपलोड नहीं कराया गया है उन्हें विशेष रूप से सूचित/निर्देशित किया जाता है कि समयावधि के पूर्व मौजूदा वक्फ सम्पत्तियों की जानकारी पोर्टल में अनिवार्य रूप से अपलोड करायें इस सम्बंध में जानकारी हेतु कार्यालय छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड में सम्पर्क करें, मुतवल्ली द्वारा उक्त का पालन नहीं करने पर उनके विरूद्ध अधिनियम तथा विधान के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## राजस्थान को देश में क्रिटिकल मिनरल्स कैपिटल के तौर पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हिन्दुस्तान जिंक

पायनियर संवाददाता ◀ उदयपुर
www.dailypioneer.com



भारत के मेटल्स और माइनिंग पावरहाउस के तौर पर राजस्थान का उदय और क्रिटिकल मिनरल्स कैपिटल के तौर पर स्थापित करने में वेदांता समूह की कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर और टॉप 5 सिल्वर प्रोड्यूसर्स में से एक, कंपनी राजस्थान में पांच माइंस और तीन स्मेल्टर का संचालन करती है, जो राज्य की क्रिटिकल मिनरल अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। दीर्घकालिक निवेश और विश्वस्तरीय तकनीक द्वारा समर्थित संचालन के इस बड़े पैमाने ने कंपनी को राजस्थान की अर्थव्यवस्था के लिए पर्याप्त मूल्य उत्पन्न करने में सक्षम बनाया है। पिछले दस वर्षों में, हिंदुस्तान जिंक ने राजस्थान राज्य के खजाने में 35,865 करोड़ का योगदान दिया है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025 में 5,145 करोड़ शामिल हैं जिससे राज्य के विकास इकोसिस्टम में हर दिन लगभग 10 करोड़ का योगदान हो रहा है। यह योगदान राजस्थान की वित्तीय मजबूती को बढ़ाता हैं और खनिज-समृद्ध जिलों में सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण और बेहतर सेवाओं के लिए राज्य के प्रयासों में योगदान देते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी, हिंदुस्तान जिंक एक प्रमुख वैल्यू क्रिएटर बना हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025 में, कंपनी ने राज्य के खजाने में 5,145 करोड़ का योगदान दिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है, जिससे इसका दस साल का राष्ट्रीय योगदान 1,52,992 करोड़ हो गया है, जैसा कि इसकी स्वतंत्र रूप से सत्यापित 8वीं टैक्स ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2025 में बताया गया है।

## एसबीआई लाइफ 'थैंक्स-ए-डॉट' अब पहुँचा कांकेरः छत्तीसगढ़ में ब्रेस्ट हेल्थ पर खुलकर बातचीत की नई शुरुआत




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

महिलाओं में ब्रेस्ट हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान के महत्व को समझाने के लिए, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी पहल थैंक्स-ए-डॉट के तहत प्रदान एनजीओ के साथ मिलकर कांकेर, छत्तीसगढ़ में एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सरल तरीके से सेल्फ-ब्रेस्ट एग्ज़ाम सिखाना और ऐसे शुरुआती संकेतों के बारे में बताना है, जिनसे ब्रेस्ट कैंसर को समय रहते पहचाना जा सके। व्यवहार में बदलाव लाने की इस पहल के तहत, थैंक्स-ए-डॉट 'हग ऑफ लाइफ' हॉट वॉटर बैग महिलाओं को दिया गया। यह एक ऐसा उपकरण है, जो महिलाओं को स्पर्श के ज़रिए किसी भी असामान्य गाँठ को पहचानने की आदत विकसित करने में मदद करता है। यह हॉट वॉटर बैग कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर (आईएएस- जिला कलेक्टर, कांकेर) और रविंद्र शर्मा (चीफ- ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं सीएसआर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस) ने वितरित किया। इनके साथ मनोज कुमार (स्टेट लीड- प्रदान), हरेश मंडावी (सीईओ- जिला पंचायत, कांकेर), डॉ. आर. सी. ठाकुर (मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी- स्वास्थ्य विभाग, कांकेर), डॉ. भावना सिरोही (सीनियर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और मेडिकल डायरेक्टर, बाल्को मेडिकल सेंटर- नया रायपुर) समेत कई सम्मानित अतिथि मौजूद रहे।

## गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा में शामिल हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना तिवारी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मंडी परिसर, बेमेतरा में पौष कृष्ण द्वितीया से दशमी 6 से 14 दिसंबर तक चल रहे गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का आयोजन पूरे जिले में आध्यात्मिक उत्सव का रूप ले चुका है। इसी पावन आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी विशेष रूप से शामिल हुईं। उनके आगमन पर श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों, युवाओं और समिति के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मंच पर पहुँचकर उन्होंने पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं आरती में सहभागी बनकर बेमेतरा जिले की शांति, उन्नति, सुख-समृद्धि एवं सदभाव की संपूर्ण क्षेत्र, नगर, गाँवों और जिले के प्रत्येक परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं मंगल की भावना से प्रार्थना की। और पुरे परिसर में था दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनोखा संगम कथा व्यास दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज, सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा स्वामी से जिलापंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने आशीर्वाद प्राप्त किया और शिवमहापुराण की कथा का ऐसा मधुर, ज्ञानपूर्ण और भावपूर्ण प्रवचन का आंनद लिया और ईस कथा को सुनने हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति थे और यह भव्य आयोजन बती रही थी कि बेमेतरा में धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के प्रति कितना गहरा प्रेम है। आयोजन का संचालन सपाद लक्षेश्वर धाम निर्माण सेवा समिति, बेमेतरा इकाई द्वारा समर्पण भाव से किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहाँ धर्म हमें जोड़ता है, मजबूत बनाता है और सही दिशा देता है, अपने विस्तृत उदबोधन में तिवारी ने कहा– बेमेतरा के लिए यह अत्यंत निर्मल, पावन और सौभाग्यपूर्ण क्षण है कि हमारी कृषि मंडी परिसर में इतने भव्य स्वरूप में शिवमहापुराण कथा और गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन हो रहा है।

## जीएलएस यूनिवर्सिटी ने एसएई इंस्टीट्यूट के साथ एनिमेशन, वीएफएक्स और गेम डेवलपमेंट में भारत का पहला ग्लोबल बी. डिज़ाइन प्रोग्राम लॉन्च किया




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

जीएलएस यूनिवर्सिटी ने ऑस्ट्रेलिया की एसएई इंस्टिट्यूट के साथ मिलकर अपना ग्लोबल बी. डिज़ाइन (ऑनर्स) प्रोग्राम लॉन्च किया है। यह लॉन्च, भारत में क्रिएटिव मीडिया एजुकेशन के लिए एक ऐतिहासिक पल है। यह इनोवेटिव चार साल का अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम, देश में अपनी तरह का पहला प्रोग्राम है, जो एनिमेशन, वीएफएक्स और गेम डेवलपमेंट में वर्ल्ड-क्लास बेंचमार्क विशेषज्ञता प्रदान करता है। गुजरात लॉ सोसाइटी द्वारा वर्ष 1927 में स्थापित जीएलएस यूनिवर्सिटी, गुजरात के सबसे प्रतिष्ठित एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन में से एक है। यह भारत का एकमात्र ऐसा इंस्टिट्यूशन है, जो एसएई इंस्टिट्यूट के इंटरनेशनल लेवल पर मान्यता प्राप्त कोर्स और सर्टिफिकेट देने के लिए अधिकृत है। यह सहयोग, एसएई इंस्टिट्यूट का भारत में औपचारिक प्रवेश दर्शाता है, जिससे देश की तेज़ी से बढ़ती क्रिएटिव इंडस्ट्रीज़ को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता और मज़बूत होती है। जीएलएस यूनिवर्सिटी के प्रमुख सुधीर नानावटी और कार्यकारी निदेशक डॉ. चांदनी कपाड़िया की मौजूदगी में ग्लोबल बी. डिज़ाइन (ऑनर्स) प्रोग्राम के लॉन्च के लिए औपचारिक हस्ताक्षर समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर, नेविटास के करियर और इंडस्ट्री डिवीज़न की एजुकेशन पार्टनरशिप हेड, जेना शिलर और साउथ एशिया के मार्केटिंग और रिक्रूटमेंट के जनरल मैनेजर स्टीव हर्ड के साथ-साथ नेविटास के दूसरे सीनियर अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर, जीएलएस यूनिवर्सिटी के प्रमुख सुधीर नाणावटी ने कहा कि, प्रतिष्ठित एसएई इंस्टीट्यूट के साथ यह भागीदारी, जीएलएस यूनिवर्सिटी और भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए एक माइलस्टोन है।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन को फास्ट लेन में दौड़ाया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने जयपुर में नई रफ्तार पकड़ी, जहां यह हाई-फैशन और मोटरस्पोर्ट के संगम में बदल गया। सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए, जयपुर एडिशन में मोटरस्पोर्ट से प्रेरित डिज़ाइन, ग्लैमरस परफॉर्मेंस वियर और हाई-ऑक्टेन फैशन शोकेस देखने को मिला, जिसने गति और सटीकता के साथ आगे बढ़ते हुए 'फैशन के अगले कदम' को दर्शाया। फैशन डिजाइन कौंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ सहयोग में, इस शोकेस ने रनवे को स्टाइल और पावर के हाई-स्पीड सर्किट के रूप में फिर से कल्पित किया। प्रमुख डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने हाई-ऑक्टेन मोटरकोर एस्थेटिक्स को नए रूप में पेश किया, और रेसिंग कल्चर को स्टेटमेंट-मेकिंग फैशन में बदल दिया। बॉलीवुड स्टार हरनाज संधू ने फिनाले शोस्टॉपर के रूप में रनवे पर जलवा बिखेरा, जहां उन्होंने ग्लैमर और स्पीड के फ्यूजन को दर्शाया, जबकि रैप सेंसेशन रफ्तार ने अपनी ऊर्जा से पूरी रात को इलेक्ट्रिफाइंग परफॉर्मेंस के साथ बंद किया, जो शो की धड़कती एनर्जी से मेल खाती थी। यह शो थ्री-लैप रनवे एक्सपीरियंस के साथ आगे बढ़ा, जिसने स्टेज को एक इमर्सिव मोटरस्पोर्ट एरीना में बदल दिया। 'द स्टार्ट लाइन' के रेसिंग सिल्हूट्स से लेकर 'द पिट लेन' के क्रोम-ड्रिवन स्लीक और टैक्टिकल लुक्स तक, और 'द ग्लैम नाइट' की हाई-ऑक्टेन ग्लैमर तक, शो का अंत रोमांचक स्पोर्ट्स कार स्टंट के साथ हुआ, जिसने पूरे माहौल को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। इस अनुभव ने भारत की सांस्कृतिक और रचनात्मक नब्ज को और तेज किया, तेज, शार्प और न रुकनेवाला और ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर को फैशन को अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ाने वाले इंजन के रूप में स्थापित किया। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर हमेशा से फैशन और संस्कृति से जुड़ी बातचीत को आकार देने में सबसे आगे रहा है।

## निमया फाउंडेशन की पहल : सेवाभाव हो प्रबल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



निमया सेवा जतन फाउंडेशन प्रमुख एम जे एफलॉयन मधु यादव ने विश्व मानव अधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर बैरन बाजार स्थित हिंदी मीडियम सेंट पॉल्स स्कूल के नरसैया हॉल में शाला के छात्रों को अपने अधिकार के प्रति सजग रहने के साथ साथ कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की सलाह दी। छ.ग. शासन योजना आओ खुशियों बांटे और न्यौता भोज प्रोजेक्ट अंतर्गत गोविंद सेवा सोसायटी प्रेसिडेंट अमरजीत कौर घई एवं रविंदर अरोरा ने पंगत में बिठाकर बच्चों के संग शाला स्टाफ को भी लंच कराया। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की उपाध्यक्ष सरोज सैफी ने विद्यार्थियों को पठन पाठन सामग्री, बिस्कुट, टॉफी आदि वितरित की। तदोपरान्त प्रगतिशील यादव महासंघ की कार्यकारी अध्यक्ष अरुणा श्रीकांत यादव ने बच्चों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखने की सलाह के साथ एग्जाम प्रिपरेशन पर टिप्स दी। इस आयोजन में सेंटपॉल्स स्कूल बैच 71 और 73 के छात्र गंगाधर इंग्लेकर, तरनदीप सिंह, रविंद्र सिंह रवि, किशोर नेभानी, निरंजन सिंह यादव आदि उपस्थित थे। राष्ट्रगान के पूर्व शाला प्राचार्य जयवंत मसीह ने सभी सेवाभावी संस्थाओं के प्रमुखों का आभार माना और निवेदन किया कि आगे भी बच्चों के उज्जवल भविष्य निमित्त सकारात्मक कार्य करते रहें।

# रायगढ़ के रामलीला मैदान में धूमधाम से मनाया गया 30वां यादव शौर्य नृत्य मड़ई महोत्सव

## तीन दशक से निरंतर जारी संस्कृति, परंपरा और समाजिक एकता का संदेश

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



यादव समाज द्वारा आयोजित पारंपरिक और ऐतिहासिक 30वां यादव शौर्य नृत्य मड़ई महोत्सव शहर के रामलीला मैदान में बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। पिछले तीन दशकों से लगातार जारी इस सांस्कृतिक आयोजन के माध्यम से यादव समाज लोककला, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत संदेश देता आ रहा है।

**गणमान्य अतिथियों ने की विधिवत शुरुआत-** कार्यक्रम की शुरुआत शहर के महापौर जीवर्धन चौहान, नगर निगम सभापति डिग्री लाल साहू, संजीवनी अस्पताल के प्रमुख नयन अग्रवाल, तथा महेश साहू द्वारा श्रीकृष्ण भगवान के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। अतिथियों ने राउत नाचा दल से मुलाकात की और उनकी पारंपरिक वेशभूषा एवं कला का आनंद लिया। राउत नाचा की धुन ने वातावरण को इतना जीवंत बना दिया कि आमंत्रित अतिथि भी खुद को नृत्य करने से नहीं रोक पाए।

**महापौर ने दिया समाज को सम्मान और बधाई-** महापौर जीवर्धन चैहान ने कार्यक्रम की भव्यता की प्रशंसा करते हुए कहा 30 वर्षों से निरंतर जारी इस कार्यक्रम ने आज अपनी अलग पहचान बनाई है। पहले हम मंच से नीचे दर्शक बनकर यह कार्यक्रम देखा करते थे, समिति ने मुझे अतिथि के रूप में बुलाया यह मेरे लिए भावुक क्षण है। रायगढ़ में राउत नाचा परंपरा को जीवित रखने में यादव समाज का प्रयास सराहनीय है।

**समिति अध्यक्ष ने साझा की मड़ई महोत्सव की यात्रा-** समिति के अध्यक्ष शाखा यादव ने मंच से संबोधित करते हुए बताया कि कैसे वृंदावन यादव सहित समाज के वरिष्ठजनों ने सीमित संसाधनों में इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी।उन्होंने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मातु राम अग्रवाल को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्वीकृत 5000 के अनुदान ने कार्यक्रम की मजबूत नींव रखी। अध्यक्ष ने बताया कि अग्रवाल परिवार समिति को सहयोग दे रहा है। उन्होंने शहरवासियों और समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंच पर दिखने वाली लाइट, साउंड, टेंट सब व्यवस्थाओं के पीछे अनगिनत लोगों का निस्वार्थ सहयोग रहा है, जिसकी वजह से मड़ई महोत्सव अपने भव्य स्वरूप में है।

**बिलासपुर और धर्मजयगढ़ की टीमों ने किया मन मोह लिया-** बिलासपुर शिलपहारी से आई राउत नाचा दल और सिथरा धर्मजयगढ़ महिला नाचा टीम ने लगातार एक घंटे से अधिक की शानदार प्रस्तुति दी।करीब 95 सदस्यों वाली इन टीमों ने मैदान के हर कोने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अदभुत प्रदर्शन किया। उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के आधार पर निर्णायक दल ने इन्हें विजेता घोषित किया।

**सम्मान समारोह में पहुंचे विधायक उमेश पटेल-** कार्यक्रम के अंतिम चरण में खरसिया विधायक उमेश पटेल, जरिता लैतफलांग, अनिल शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस, नागेंद्र नेगी जिला अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस, सलीम नियारिया नेता प्रतिपक्ष रायगढ़ नगर निगम,विशेष रूप से उपस्थित हुए। विधायक उमेश पटेल ने विजेता नाचा दल को स्मृति चिन्ह, शील्ड और नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

**महोत्सव को सफल बनाने में इन सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान-** आशीष यादव, विकास ठेठवार, मातादीन यादव, अमित यादव, शिव कुमार यादव, संतोष यादव, दिलीप यादव, श्रीपाल यादव, शिवा यादव, गणेश यादव, सागर यादव, दीनू यादव, महेंद्र यादव,संगीता यादव, सरस्वती यादव, साहेद्र यादव, नीलू यादव, सरोजनी यादव और ज्योति यादव ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

# किसानों की सुविधा और पारदर्शितापूर्ण धान खरीदी सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

## कलेक्टर ने अवैध धान के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाए रखने के उददेश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में टोकन व्यवस्था, धान उठाव, रकबा समर्पण, अवैध धान परिवहन और निगरानी तंत्र की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित कर सघन जांच अभियान चलाया जाए, ताकि अवैध धान की आवाजाही पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोचियों एवं बिचैलियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्टर ने उड़न दस्ता दलों को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश देते हुए खुड़िया, छपरवा एवं एटीआर क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने संभावित अवैध धान आवक को ध्यान में रखते हुए सभी वाहनों की अनिवार्य जांच तथा संदिग्ध वाहनों पर विशेष कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होते ही अवैध परिवहन की घटनाएं बढ़ने की आशंका रहती है, इसलिए सख्त निगरानी जरूरी है। बैठक में कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी से अब तक की खरीदी स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक 8 लाख 91 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है तथा 76 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि का रकबा समर्पण किया गया है। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी केंद्र पर कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों का धान बीज निगम के लिए पंजीकृत है, उनका धान समितियों में न भेजकर सीधे बीज निगम को भेजना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर कुमार ने कहा कि धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। किसानों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए इसे पूरी तरह पारदर्शी और सुचारू ढंग से संपन्न कराया जाए।

# भरतनाट्यम नृत्य पर पूर्ण वंदे मातरम की प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



इस वर्ष वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण हो रहा है साथ ही इसे उत्सव की तरह मनाया जा रहा है. भारत की आज़ादी में वंदे मातरम का नारा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है. इसी अवसर पर छत्तीसगढ़िया क्लाउड ए सोशियो कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा महावीर दिगंबर जैन विद्यालय जशपुर में 10 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में 35 से अधिक प्रतिभागियों ने दस दिनों तक भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया. साथ ही समापन के अवसर पर प्रस्तुति का आयोजन भी किया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों भरतनाट्यम नृत्य पर आधारित प्रस्तुति दी. प्रशिक्षण में मुख्य रूप से शास्त्रीय नृत्य के सही गतियों, भाव, आसन और मुद्राओं को बतलाया गया। इसके साथ ही वंदे मातरम पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई. कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में मनीषा भगत ने रचनात्मक तरीके से छात्रों को प्रशिक्षित किया। मनीषा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ से भरतनाट्यम में बी. ए. और एम. ए. हैं। रूपावती बाई कार्यशाला सहायक के रूप में रही. जैन विद्यालय के शिक्षकगण अंजू और अनुपमा ने समन्वय की भूमिका निभाई। पुर्ण वंदे मातरम की भरतनाट्यम नृत्य पर प्रस्तुति के लिए जैन विद्यालय समिति की मंत्री स्वाति जैन और प्राचार्य संजय सिन्हा ने छात्राओं को बधाई और शुभकामना दी। प्रस्तुति उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया गय। जैन विद्यालय के छात्र- छात्राएँ बहुत रचनात्मक हैं। छत्तीसगढ़िया क्लाउड के द्वारा अपने अभ्यास स्थल पूरानी टोली में भरतनाट्यम और वेस्टर्न डान्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें जैन विद्यालय के छात्र भाग लेकर अपनी रचनात्मकता को निखार रहे हैं। साढ़े 4 वर्ष की बाल कलाकार से लेकर गृहणियां तक नृत्य सीख रही है। संस्था के डॉ. आनंद कुमार पाण्डेय ने बतलाया की आने वाले समय में और बड़े स्तर पर नृत्य, चित्रकला, अभिनय और संगीत का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# बूढाडांड पंचायत में एनएसएस एवं यूनिसेफ द्वारा जागरूकता अभियान आयोजित

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय, बगीचा के एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा जशपुर जिले के बगीचा ब्लॉक के बूढ़ाडांड पंचायत में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक मुद्दों पर संवेदनशील करने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव में साफ-सफाई अभियान से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक स्थानों की सफाई की तथा डोर-टू-डोर जाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और व्यक्तिगत सफाई के बारे में उपयोगी सुझाव प्रदान किए। इसके साथ ही बाल विवाह उन्मूलन, शिक्षा के महत्व, नशा मुक्त समाज जैसे अहम विषयों पर ग्रामीणों के साथ गहन चर्चा की गई। अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु गांव में वॉल पेंटिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण संदेशों का प्रसार किया गया, जिससे स्थायी जागरूकता फैल सके। महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव रंजन तिग्गा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम अत्यंत शिक्षाप्रद, प्रभावशाली एवं सराहनीय रहा। ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जागरूक समाज निर्माण का संदेश दिया।यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने की एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# विश्व मृदा दिवस पर स्वायल हेल्थ एवं फर्टिलिटी योजनांतर्गत विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

## रंगोली, भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर जिले के पी.एम. जवाहर नवोदय विद्यालय ग्राम दाबों एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ग्राम बंधवा लोरमी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मृदा से बनी रंगोली तथा विविध सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रस्तुत दी। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए रंगोली, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। पी.एम जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने समूह सहयोग से आकर्षक रंगोली बनाकर मृदा संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

# संस्कारयुक्त शिक्षा और भारतीय संस्कृति के प्रसार का संकल्प ग्राम भारती जिला समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



ग्राम भारती जिला समिति रायगढ़ द्वारा संबद्ध जिले के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों के प्रधानाचार्य एवं प्राचार्यों की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर, लक्ष्मीपुर रायगढ़ में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर वंदना के साथ किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक के निर्धारित विषयों पर मार्गदर्शन करते हुए आचार्य राजेंद्र महाराज, अध्यक्ष ग्राम भारती जिला शक्ति एवं प्रांतीय सदस्य, सरस्वती ग्राम शिक्षा विकास समिति ने संघ के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर योजना के प्रत्येक कार्यक्रम के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुरूप गौरव स्थापित करना इस बैठक का प्रमुख लक्ष्य रहा। उन्होंने बताया कि सप्तशती संगम आयोजन के माध्यम से मातृशक्ति को प्रोत्साहन और सम्मान प्रदान करना, संस्कृति बौद्ध परियोजना का प्रत्येक विद्यालय में क्रियान्वयन, आचार्यों की संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता बढ़ाना तथा देवपुत्र पत्रिका के विशेष संस्करण को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। बसंत पंचमी के अवसर पर समर्पण राशि एकत्र कर विद्या भारती के लक्ष्यों को साकार करने तथा वनांचल एवं अभावग्रस्त क्षेत्रों के बच्चों के लिए संस्कार केंद्र एवं एकल शिक्षक विद्यालय संचालन में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विद्यालय सामाजिक चेतना के केंद्र के रूप में कार्य करे, जिसके लिए व्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में क्रियान्वयन की आवश्यकता है। बैठक में ग्राम भारती की प्रांतीय समिति एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से विभाग संघचालक विजय शंकर पटनायक, जिला सचिव कौशल किशोर बेहार, सहसचिव अरविंद प्रधान, सदस्य स्नेहलता सिदार, विभाग समन्वयक वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, व्यवस्थापक लक्ष्मण प्रसाद कटकवार, प्रकाश शर्मा, प्राचार्य विनीता श्रीवास, प्रधानाचार्य रमेशधर द्विवेदी, जिला समन्वयक परमानंद नायक एवं पंडित शिव दुबे सहित जिले के सभी प्रधानाचार्य एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। इस दौरान सभी को अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्र वितरित किए गए।

## कड़ाके की ठंड ने दस्तक दी

**मुंगेली।** कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है, सुबह-शाम गलन बढ़ चुकी है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन अब तक अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं कर पाया है। दिसंबर का आधा महीना बीतने को है, फिर भी मुख्य चौक-चौराहों, बस स्टैंड, अस्पताल परिसर, सब्ज़ी मंडी और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव नदारद हैं। इससे राहगीरों, मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, वृद्धजन और रात्रिकालीन ड्यूटी करने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल दिसंबर की शुरुआत में नगर पालिका द्वारा अलाव की व्यवस्था कर दी जाती थी, लेकिन इस बार पूरा महीना बीतने को है और अभी तक न लकड़ियाँ पहुंचाई गई हैं न ही किसी स्थान पर अलाव जलाया गया है। ठंड बढ़ने के साथ ही लोगों की शिकायतें भी तेज होती जा रही हैं। अनेक सामाजिक संगठनों ने भी नगर पालिका की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि नगर पालिका का कर्तव्य है कि वह सर्द रातों में आमजन को राहत देने के लिए समय पर अलाव उपलब्ध कराए।

# धान खरीदी में पारदर्शिता और सुगमता से किसानों में उत्साह, ऑनलाइन टोकन व्यवस्था बनी बड़ी सहूलियत, किसानों को धान बेचना हुआ आसान

## जिले में 105 उपार्जन केंद्रों में हो रही समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी

- सुगम एवं पारदर्शी धान खरीदी सुनिश्चित करने जिला स्तरीय जांच कमेटी गठित

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देशों तथा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में धान उपार्जन व्यवस्था को किसान हितैषी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। जिले में लागू ऑनलाइन टोकन प्रणाली से किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसान घर बैठे मोबाइल ऐप टोकन तुहर हाथ के माध्यम से टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि पर बिना भीड़ के अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। इससे समय की बचत हो रही है और उपार्जन केंद्रों पर अनावश्यक अव्यवस्था से भी निजात मिली है। ग्राम लोइंग निवासी किसान बसंत कुमार पटेल ने बताया कि उन्होंने अपने 170 क्विंटल धान के विक्रय हेतु ऑनलाइन टोकन लिया। उपार्जन केंद्र में व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, भीड़ कम है और समय पर तौल हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई और उत्कृष्ट प्रबंधन से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। इसी तरह अन्य किसानों में भी धान विक्रय को लेकर उत्साह का माहौल है। जिले के किसानों ने इसके लिए राज्य शासन व जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

### 105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से सुचारू व्यवस्था

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 105 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। शासन की चेकलिस्ट के अनुरूप सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, तौल-कांटा, बारदाना एवं स्टैकिंग जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें से 15 केंद्र संवेदनशील तथा 4 केंद्र अति-संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं, जहां विशेष निगरानी की जा रही है। धान खरीदी से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव खाद्य विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 पर दर्ज कराए जा सकते हैं। जिले में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर एवं कॉल सेंटर के माध्यम से कोचियों-बिचैलियों की गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। सुगम एवं पारदर्शी धान खरीदी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। प्रशासन द्वारा तैयार की गई सरल, सुचारू और पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था से किसान पूर्णतः संतुष्ट नजर आ रहे है।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403